♦आश्विन शुक्ल पक्ष 05 विक्रम संवत 2079 ♦ रांची, शुक्रवार 30 सितम्बर 2022 ♦ वर्ष-23 अंक-237 पृष्ठ-12, मूल्य ₹1.50



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



शारदीय नवरात्र

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com

## पंचम : स्कन्दमाता

**नवरात्रि** का पांचवें दिन स्कन्दमाता की उपासना का दिन होता है। स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं। इनका वर्ण पूर्णतः शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। सिंह भी इनका वाहन है।

सिंहासनगता नित्यं<br>पद्माश्रितकरद्वया।<br>शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता<br>यशस्विनी।।

मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। भगवान स्कंद 'कुमार कार्तिकेय' नाम से भी जाने जाते हैं। ये प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्ति कह कर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। इन्हीं भगवान स्कन्द की माता होने के कारण मां दुर्गाजी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। नवरात्रि-पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्त्व बताया गया है। इस चक्र में अवस्थित मनवाले साधक की समस्त बाह्य क्रियाओं एवं चित्तवृत्तियों का लोप हो जाता है। वह विशुद्ध चैतन्य स्वरूप की ओर अग्रसर हो रहा होता है। मां स्कन्दमाता की उपासना से भक्त की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं। इस मृत्युलोक में ही उसे परम शांति और सुख का अनुभव होने लगता है। उसके लिये मोक्ष का द्वार स्वमेव सुलभ हो जाता है। स्कन्दमाता की उपासना से बालरूप स्कन्द भगवान की उपासना भी स्वमेव हो जाती है। यह विशेषता केवल इन्हीं को प्राप्त है।

**कैबिनेट** ○राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 30 प्रस्तावों पर सहमति

# झारखंड राज्य खनिज विकास लिमिटेड तीन साल करेगा श्रेणी बी के बालू घाटों का संचालन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक के दौरान 30 प्रस्तावों पर मंत्रिमंडल ने मुहर लगायी, जिसमें स्वास्थ्य व सड़कों की सौगात दी गयी है। रांची को पश्चिम बंगाल से जोड़ने वाली रांची-पुरूलिया रोड में नामकुम आरओबी

**▸▸झारखंड बिजली वितरण निगम को कर्ज भुगतान के लिए 2632 करोड़ का ऋण**

से अनगड़ा तक 17 किलोमीटर की सड़क को फोर लेन किया जायेगा। जिसपर 181.73 करोड़ खर्च होंगे। वहीं, रांची शहर के बीच रांची बरियातू, बड़गाईं लेन बोड़ैया पथ का निर्माण व चौड़ीकरण किया जायेगा। इस पथ पर 111.35 करोड़ खर्च होंगे। रांची शहर के बीच बननेवाली इस सड़क से बरियातू से बोड़ेया की दूरी घटेगी। साथ ही यह रास्ता रिंग रोड तक पहुंचेगा। उपराजधानी दुमका में भी दुमका बाइपास में 7.30 किलोमीटर सड़क फोर लेन बनेगी, इसके लिये



76.45 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति मंत्रिमंडल ने दी है।

**तीन जिलों में 100 बेड का क्रिटिक्ल केयर यूनिट :** राज्य में केंद्र संपोषित आयुष्मान योजना के तहत लोहरदगा, खूंटी व सरायकेला खरसांवा जिला में 100-100 बेड का क्रिटिक्ल केयर यूनिट अस्पताल बनेगा। वहीं, राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतरी के लिए अस्पतालों, सिविल सर्जन के यहां बाह्य कोटे से वाहनों के इस्तेमाल की भी मंजूरी दी गयी है। इसके लिये विभाग में 34 बोलेरो व दस बसों के परिचालन का प्रस्ताव है।

**इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी :** केंद्रीय प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किफायती आवास के लिए नगड़ी के मुड़मा में कुष्ट रोगियों के लिए 256 आवास बनेगा, इसपर 33 करोड़ खर्च होगा। वहीं, जल संसाधन विभाग में पुनर्वास नीति ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बैठक में इन प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी

- ▸▸झारखंड कर्मचारी चयन आयोग नियमावली 2021 में संशोधन।
- ▸▸औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का पब्लिक प्राइवेट योजना से संचालन का निर्णय।
- ▸▸जमशेदपुर में लोकनिजी भागीदारी के तहत इंटर स्टेट बस टर्मिनल का निर्माण होगा, इसके लिये 70.41 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति।
- ▸▸नवनिर्मल अभियंत्रण विद्यालय का पीपीपी मोड पर संचालन के लिए मनोनयन।
- ▸▸योजना बजट के अतिरिक्त अन्य स्त्रोत से प्राप्त निधि की स्वीकृति कैसे होगी, इसे लेकर व्यय के लिए नीति निर्धारित की गयी है।
- ▸▸नगर विकास व आवास विभाग द्वीरा चतरा के बचरा नगर पंचायत का विघटन किया गया, टंडवा के बचरा उतरी व दक्षिणी का गठन किया गया था। इसे विघटित कर दिया गया।
- ▸▸सरायकेला-खरसांवा के राजनगर में मौजा कूजू में 13.43 एकड़ माइंस का नवीकरण विकल्प के साथ रूंगटा को 30 साल का लीज बंदोबस्ती। रूंगटा की लीज बंदोबस्ती राजनगर के कुजू में 15.24 एकड़।
- ▸▸साल 2022-23 में अनुसूची प्रपत्रों के लिए कागजों के क्रय व सभी व्ययों के लिए राज्य आकस्तिम निधि से छह करोड़ अग्रिम की स्वीकृति।
- ▸▸कॉमर्शियल पायलट लाइसेंस क संचालन के लिए झारखंड फ्लाइंग इंस्टीच्यूट समिति का गठन होगा व एसोसिएश्न का गठन किया जायेगा। संचालन गवर्निंग काउंसिल करेगी। अध्यक्ष एविएशन सेक्रेटरी होंगे।
- ▸▸मो. सरफराज तत्कालिन सहायक अभियंता, ग्रमीण विकास की अपली आवेदन को स्वीकृत किया गया।
- ▸▸180 अराजकीय मदरसों व 11 संस्कृत विधायलों के वेतन व पेंशन।
- ▸▸रामगढ़ कुटंब न्यायाल के लिए एक प्रधान न्यायधीश का पद का सृजन।
- ▸▸बरही अनुमंडल न्यायालय के लिए चार न्याय पदाधिकारियों का पद सृजन।
- ▸▸रेप व पोक्सो एकट के तहत लंबित मामलों के निष्पदान के लिए 22 फास्ट ट्रैक लिए एक वर्ष के लिए सृजित जिला न्यायाधीश के पदों का अवधि विस्तार।
- ▸▸औद्योगिक पार्क व लॉजिस्टिक नीति के प्रारूण को स्वीकृति।

पीएम ने 36वें राष्ट्रीय खेल का किया उद्घाटन, बोले -

# खिलाड़ियों की जीत देश की छवि को बनाती है बेहतर



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अहमदाबाद में 36वें राष्ट्रीय खेल का शुभारंभ किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह माहौल शब्दों से परे है। यह देश का सबसे बड़ा खेल उत्सव है। यह अद्भुत है, अभूतपूर्व है। उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम से जुड़ेगा इंडिया, जीतेगा इंडिया का नारा दिया। उन्होंने कहा कि यह आगाज है आनेवाले भविष्य का। मोदी ने कहा कि नवरात्रि का पावन अवसर भी चल रहा है। गुजरात में मां दुर्गा की उपासना से लेकर गरबा तक यहां की अपनी अलग पहचान है। खिलाड़ियों से पीएम मोदी ने कहा कि खेल के साथ गरबा का आनंद जरूर लीजिये, गुजरत के लोग आपकी मेहमाननवाजी में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया में सम्मान पाने का खेलों में सफलता से सीधा जुड़ाव होता है। मोदी ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर रंगारंग कार्यक्रम के बीच 36वें राष्ट्रीय खेलों के शुभारंभ के मौके पर विकसित देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वैश्विक खेलों में ऐसे देशों के खिलाड़ी अधिक पदक जीतते हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में ओलंपिक एथलीट पीवी सिंधु, नीरज चोपड़ा और रवि कुमार दहिया मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के अलावा गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी भीड़ का अभिवादन किया। मोदी ने कहा कि दुनिया में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अर्जुन मुंडा से मिले झारखंड प्रदेश भाजपा प्रभारी

**नयी दिल्ली/रांची।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से उनके दिल्ली स्थित आवास में झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मुलाकात की। श्री मुंडा ने इस मुलाकात के संबंध में कुछ फोटो साझा करते हुए इसे एक अनौपचारिक भेंट बताया। गौरतलब है कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी अभी कुछ दिन पहले ही झारखंड प्रवास से लौटे हैं। इस दौरान उन्होंने रांची समेत विभिन्न जिलों में नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर आगामी लोकसभा चुनावों के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

ईडी के आरोप पत्र में सनसनीखेज खुलासा

## काली कमाई की लाइजनिंग के लिए कुक के नंबर से फेसटाइम का इस्तेमाल करती थीं पूजा सिंघल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार की निलंबित सचिव पूजा सिंघल अपनी काली कमाई की लाइजनिंग के लिए कुक

**▸▸अवैध कमाई को सफेद बनाने के लिए पल्स के काउंटर में कैश जमा कराता था सुमन**

अमित कुमार के नाम का इस्तेमाल करती थीं। पूजा सिंघल अपने आईफोन पर फेसटाइम में अमित के मोबाइल नंबर 8797099351 का इस्तेमाल करती थीं। फेसटाइम को काफी सिक्योर माना जाता है, इसके कॉल व वीडियो कॉल को ट्रेस नहीं किया जा सकता, ऐसे में प्राइवेसी के लिए फेसटाइम का इस्तेमाल किया जाता था। ईडी ने हालिया कोर्ट में दिये आरोप पत्र में इन बातों का जिक्र किया है।

**सीए सुमन कुमार ने कई बार अस्पताल में जमा कराये कैश :** पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के अस्पताल का इस्तेमाल भी काली कमाई को सफेद बनाने में किया जाता था। सीए सुमन कुमार ने पूछताछ में बताया था कि उसके घर पर जो 17 करोड़ से अधिक नकदी बरामद की गयी थी, उसमें से अधिकांश हिस्सा पूजा सिंघल का था। पूजा सिंघल के फेसटाइम नंबर की जानकारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## दुर्गोत्सव : न्यू डेवलप इलाकों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने बनाया प्लान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा पुलिस के लिए बेहद अहम है। पुलिस न सिर्फ शहरी इलाके बल्कि ग्रामीण इलाकों के साथ साथ न्यू डेवलप इलाको में भी आमलोगों की सुरक्षा के लिए मुस्तैद है। इस बार शहर के आसपास के न्यू डेवलप कॉलोनियों में भी पुलिस की तरफ से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

**औचक चेकिंग अभियान का प्लान :** राजधानी रांची में इस वर्ष दुर्गापूजा को लेकर उत्साह अपने चरम पर है। राजधानी में एक दर्जन से ज्यादा भव्य पंडालों का निर्माण किया गया है जिसमें माता की प्रतिमाएं विराजमान हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष राजधानी रांची के कोने-कोने से लोग पंडालों का भ्रमण करने के लिए निकलेंगे। ऐसे में लोगों की सुरक्षा पुलिस के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। आमतौर पर यह देखा जाता है कि शहरी इलाकों में तो सुरक्षा बेहद चाक-चौबंद होती है, लेकिन ग्रामीण और न्यू डेवलप इलाकों में पुलिस की गश्त ना के बराबर होती है। ऐसे में असामाजिक तत्वों को मौका मिलता है और वे पूजा पंडाल का भ्रमण कर लौट रहे लोगों को अपना निशाना बनाते रहे हैं। पिछले दुर्गा पूजा के दौरान भी न्यू डेवलप इलाकों में कई जगह लूटपाट की वारदातें सामने आयी थी। हालांकि, इस बार पुलिस ने न्यू डेवलप इलाकों को लेकर भी प्लान तैयार कर लिया है। इसके तहत सुनसान इलाकों में औचक एंटी क्राइम चेकिंग किया जायेगा ताकि अगर कोई अपराध की योजना बना रहा है तो उसे विफल किया जा सके।

**बाइक दस्ते को मिला टास्क :** रांची डीआईजी अनीश गुप्ता ने बताया कि न्यू डेवलप और ग्रामीण इलाकों से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




### पीसीआर वाहनों को सुनसान इलाकों में गश्त करने का निर्देश

**राजधानी** में दुर्गा पूजा के दौरान लोग पूरी रात पंडालों के दर्शन के लिए आते-जाते रहते हैं। ऐसे में सभी पीसीआर वाहनों को यह निर्देश दिया गया है कि वे सुनसान और न्यू डेवलप मोहल्लों में भी जाकर गश्त करेंगे। रांची डीआईजी के अनुसार सुरक्षा को लेकर राजधानी को कई जोन में बांटा गया है उनमें न्यू डेवलप इलाकों को भी शामिल किया गया है ताकि वहां तगड़े इंतजाम किये जा सके।

## पलामू से 320 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन क्विंटल से अधिक गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय ने गुरुवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक रांची की ओर से गांजा लोड कर आ रहा है। थाने के पास ट्रक रोककर जांच पड़ताल की गयी। मालवाहक ट्रक के डाला के बीच में बॉक्स बना था। उसमें से 320 पैकेट गांजा बरामद किया गया। सारे पैकेट एक-एक किलोग्राम के थे। गांजा को सहेजकर रखने के बाद नट-बोल्ट लगा दिया गया था, ताकि यह पकड़ में न आ सके। थाना प्रभारी ने कहा कि गांजा को इतना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री की पहल : महिलाओं को पशुधन विकास योजना में 90 प्रतिशत अनुदान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद ग्रामीण गरीब आबादी को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से लाभ पहुंचा कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का कार्य एक सप्ताह के अंदर शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद गव्य विकास निदेशालय द्वारा संचालित उपयोजना के तहत लाभुकों के तहत मिलनेवाले अनुदान में संशोधन कर पशुपालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब आपदा, आगलगी, सड़क दुर्घटना से प्रभावित

**▸▸योजना के सफल संचालन के लिए सब्सिडी में हुआ संशोधन**

परिवार की महिला, परित्यक्त और दिव्यांग महिलाओं को 90 प्रतिशत अनुदान पर दो दुधारू गाय या भैंस दिया जायेगा। इससे पूर्व तक 50 प्रतिशत अनुदान पर दो दुधारू गाय या भैंस दिया जा रहा था।

**अन्य पशु पालन के अनुदान में भी संशोधन :** मुख्यमंत्री के आदेश के बाद सिर्फ गव्य पालन के तहत मिलनेवाले अनुदान में संशोधन नहीं किया गया है अपितु पशुपालन निदेशालय द्वारा संचालित योजनाएं यथा बकरा पालन, सूकर पालन, बैकयार्ड लेयर कुक्कुट पालन, बायलर कुक्कुट पालन और बत्तख चूजा पालन में असहाय विधवा महिला, दिव्यांग, निःसंतान दंपत्ति को छोड़कर अन्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आतंकवाद के खिलाफ अग्रणी देश के रूप में भारत ने भूमिका निभायी : राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि कई क्षेत्रों में भारत के नेतृत्व को अब चुनौती नहीं दी जा सकती और देश ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी देश के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। भारतीय विदेश सेवा (2021 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों के समूह को राष्ट्रपति भवन में संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत की मजबूत स्थिति अन्य कारकों के साथ उसके आर्थिक प्रदर्शन पर आधारित है।



राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अभी भी महामारी के प्रभावों से उबरने का प्रयास कर रही हैं, वहीं भारत एक बार फिर उठ खड़ा हुआ और आगे बढ़ने लगा है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि वास्तव में वैश्विक आर्थिक स्थिति का पटरी पर लौटना एक हद तक भारत पर निर्भर हो गया है।

## बंद मकान का ताला तोड़ नगदी समेत 35 लाख रुपये के जेवरात की चोरी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची में चोरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

**▸▸राजधानी में नहीं थम रहा चोरों का आतंक**

ताजा मामला चुटिया थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी रोड नंबर एक का है। यहां चोरों ने सेवानिवृत शिक्षक स्व. दयानंद पोद्दार के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी समेत 35 लाख रुपये के जेवरात की चोरी होने की आशंका है। चोरों ने इस



वारदात को बीते 19 सितम्बर को उस समय अंजाम दिया, जब परिवार के लोग घर बंद कर दूसरे शहर गये हुए थे। चोरी की वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। मकान मालिक अंजली देवी बिहार के मुंगेर के जमालपुर के रामपुर में शिक्षिका हैं। इसकी जानकारी परिजनों को गुरुवार की सुबह तब हुई, जब वे मुंगेर से रांची स्थित अपने घर पहुंचे। देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और मकान के भीतर का सामान बिखरा पड़ा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद चुटिया थानेदार वेंकटेश कुमार पुलिस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# जैसे अचानक दौड़ में आकर मुख्यमंत्री बने थे, वैसे ही कांग्रेस अध्यक्ष बनेंगे दिग्विजय

- कृष्णमोहन सिंह

**नयी दिल्ली।** दिग्विजय सिंह 1993 में जैसे अचानक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की दौड़ में आगे आ गये थे, मुख्यमंत्री बने थे, वैसे ही कांग्रेस अध्यक्ष पद की रेस में आ गये हैं, अध्यक्ष बनेंगे। क्योंकि, उनके प्रतिद्वंदी तिरुवंतपुरम संसदीय क्षेत्र के सांसद शशि थरूर हैं, जो कांग्रेस में पकड़ व समर्थन के मामले में दिग्विजय के सामने बौने हैं। ऐसे में चुनाव होने पर जीत-हार का अंतर ज्यादा होगा। दिग्विजय ज्यादा मतों से जीतेंगे। दूसरी ओर दिग्विजय को कांग्रेस अध्यक्ष ना बनाने की लामबंदी कुछ कांग्रेसी नेताओं ने शुरू कर दी। उन पर कुछ कांग्रेसी अंबानी के आदमी होने का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना

**▸▸गहलोत पर कोई कार्रवाई हुई, तो गुजरात चुनाव में कांग्रेस को होगा नुकसान**

**▸▸दिग्विजय का नाम सामने आते ही खिलाफ में लामबंदी शुरू, कुछ का कहना है ये अंबानी के हैं आदमी**

है कि दिग्विजय के बजाय खड़गे, मुकुल वासनिक या किसी और को अध्यक्ष बनाया जाये।

इन सब के बीच दिग्विजय ने कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए गुरुवार 29 सितम्बर को कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर नामांकन फॉर्म ले लिया। शुक्रवार 30 सितम्बर को नामांकन पत्र जमा करेंगे। पहले कांग्रेस



अध्यक्ष पद के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम आगे चल रहा था। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उनके नाम पर सहमति जता दी थी। सूत्रों का कहना है कि गहलोत से यह भी कह दिया गया था कि उनके कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद सचिन पायलट राजस्थान के मुख्यमंत्री होंगे, लेकिन गहलोत मुख्यमंत्री पद छोड़ना नहीं चाहते। उनके समर्थक विधायकों ने बैठक कर कहा था कि मुख्यमंत्री पद के लिए गहलोत के अलावा किसी और को समर्थन नहीं देंगे। जबकि राहुल गांधी ने कह दिया कि एक व्यक्ति एक पद का नियम लागू होगा। गहलोत समर्थक विधायकों का कहना है कि जिस पायलट ने भाजपा के साथ मिल राजस्थान में गहलोत सरकार गिराने की पुरजोर कोशिश की, उस हालात में गहलोत ने किस तरह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कैसे अचानक मुख्यमंत्री की दौड़ में आये थे दिग्विजय

**बाबरी** विध्वंस के बाद मध्य प्रदेश में 1993 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिला। चुनाव के बाद कमलनाथ, माधवराव सिंधिया, श्यामाचरण शुक्ल मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे थे। तब मुख्यमंत्री पद की दौड़ में दिग्विजय सिंह का नाम कहीं नहीं था, क्योंकि उस समय दिग्विजय सिंह विधानसभा चुनाव नहीं लड़े थे, वह संसद सदस्य थे। मुख्यमंत्री के उस दौड़ में विधायक दल की बैठक में श्यामाचरण शुक्ल का नाम सबसे आगे चल रहा था, तभी अर्जुन सिंह ने पिछड़े समाज से आनेवाले सुभाष यादव का नाम मुख्यमंत्री पद के दावेदार के तौर पर अचानक आगे कर दिया, लेकिन जब अर्जुन सिंह को अनुमान हो गया कि सुभाष यादव को अधिकतम विधायकों को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कर्ज में डूबी वोडाफोन-आइडिया कंपनी की सेवा हो सकती है बंद

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** वोडाफोन-आइडिया के 25 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों को परेशानी हो सकती है। क्योंकि वोडाफोन आइडिया जिस इंडस टावर्स नाम की कंपनी के टावर इस्तेमाल करती है, उसने कर्ज न चुकाने पर सेवाएं बंद करने की चेतावनी दी है। इंडस टावर का वोडाफोन आइडिया पर सात हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बकाया है। इस कंपनी में भारती एयरटेल की सबसे ज्यादा 47.76 प्रतिशत और वोडाफोन ग्रुप की 21.05 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वोडाफोन आइडिया की भी पहले इंडस टावर में 11.5 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, लेकिन दो साल पहले भारती इन्फ्राटेल में इंडस टावर के विलय के समय कंपनी ने हिस्सेदारी बेच दी थी। वोडाफोन-आइडिया लि. पर 30 सितम्बर, 2021 तक 1,94,780 करोड़ रुपये का कुल कर्ज था। अप्रैल-जून तिमाही, 2022 के अंत में यह कर्ज बढ़कर 1,99,080 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टेलीकॉम सेक्टर में रिलायंस जियो का दबदबा बढ़ता जा रहा है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार जुलाई में वोडाफोन-आइडिया कंपनी के 15.4 लाख यूजर्स ने नेटवर्क को छोड़ा है। इससे कंपनी के कुल उपभोक्ताओं की संख्या 25.51 करोड़ रह गयी है। वहीं, जियो ने 29.4 लाख नये यूजर्स को अपने नेटवर्क से जोड़ा है। इसके साथ ही जियो नेटवर्क के यूजर्स की संख्या बढ़कर 41.59 करोड़ पर पहुंच गयी है। भारती एयरटेल से जुलाई में 5.1 लाख नये यूजर जुड़े हैं। जिसके बाद एयरटेल के उपभोक्ताओं की संख्या 36.34 करोड़ हो गयी है।

## न्यूज गैलरी

### एक्सआईएसएस के मैनेजमेंट छात्रों ने दो स्कूलों में 'गो ग्रीन, ड्रिंक क्लीन' कार्यक्रम का आयोजन किया

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची और सीएमपीडीआई ने गुरुवार को लातेहार जिले के बालूमाथ ब्लॉक में अपने मैनेजमेंट के छात्रों द्वारा जमीनी स्तर पर 'गो ग्रीन, ड्रिंक क्लीन' कार्यक्रम का आयोजन किया। एक्सआईएसएस के ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित यह कार्यक्रम भगेया पंचायत के तहत भगेया और सिरम गांव के दो स्कूलों में आयोजित किया गया था। संस्थान के छात्रों ने पर्यावरण संतुलन, पेड़ लगाने और स्वच्छ पानी पीने के महत्व को दशार्ते हुए एक नुक्कड़ नाटक किया। निदेशक, एक्सआईएसएस ने सीएमपीडीआई के अधिकारियों, फैकल्टी सदस्यों और प्रत्येक गाँव में 30 से अधिक छात्रों के साथ स्कूल अधिकारियों, छात्रों, और ग्रामीणों के साथ अपने क्षेत्रों को स्वच्छ और हरा-भरा रखने के महत्व को साझा किया।

### लाल साबह कॉलोनी में किया पेवर ब्लॉक का शिलान्यास

नामकुम। सदाबहार चौक स्थित लाल साहब कॉलोनी बगान में 15वें वित्त आयोग मद से पेवर ब्लॉक पथ निर्माण का शिलान्यास जिप सदस्य राम अवतार केरकेट्ा व खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्यों के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी अनिरूद्व पाण्डेय, अधिवक्ता रविन्द्र कुमार,मुन्ना बड़ाईक, पंचात सेवक पुरन महली, अरविन्द कुमार,दिलीप शिग्रिवाल, आर के सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### लोवाडी में कुआं में गिरने से महिला की मौत

नामकुम। सामलोंग में चर्च कैंपस के अदंर कुआं में गिरने से महिला कि मौत हो गई। मृतक वाहलेन हेम्ब्रम (47) है, वह साफ-सफाई का काम किया करती थी। बताया गया कि घटना गुरूवार के दोपहर की है। चर्च में मौजूद लोगों ने देखा की वालेन हेम्ब्रम गिरी हुई है, जिसकी तत्काल इसकी सूचना नामकुम थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची, पुलिस ने शव को कुआं से निकाल उसके पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। वहीं मृतक के पति जुनाधन हेम्ब्रम ने थाने में लिखित में बताया की वह मानसिक रूप से बीमार थी।

### डुंगरी में वृद्व महिला लापता



नामकुम। खरसीदाग ओपी के डुंगरी निवासी वृद्व महिला संतोषी देवी उर्फ लालो देवी घर से निकलने के बाद वह घर नहीं पहुंची। थाना में संतोषी के बेटे बिक्रम कच्छप ने गुमशुदगी का आवेदन दिया है। आवेदन देकर बिक्रम ने जानकारी दी है कि 17 सितंबर को अपने निकली और घर नहीं पहुंची। थाना में शिकात दर्ज लापता वृद्व महिला की खोजबीन की जा रही है।

### इएसआई अस्पताल में हिन्दी पखवाडा सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



नामकुम। इएसआई अस्पताल नामकुम में गुरूवार को राजभासा पखवाडा का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथ संत जेवियर कालेज रांची के के हिन्दी विभागाध्यक्ष जयप्रकाश पाण्डे उपस्थित थे। मौके पर श्री पाण्डे ने कहा कि हम हिन्दी के विकाश को समर्पित है, तथा हिन्दी विष्व भाषा के रूप में अपने को स्थापित कर चुकी है। अस्पताल के चिकित्सा आधीक्षक डॉ एके शर्मा ने कहा कि कार्यालय के सभी कर्मिक हिन्दी में कामकाज के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। इस दौरान असपताल में आयोजित हिन्दी पखवाडा के दौरान हुए प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम को राकेश रंजन तिवारी, उपनिदेशक,रामजी लाल मीणा,डा समीर कुमार,कुणाल कुमार अनिल कुमार राय आदि उपस्थित थे।

---

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

# समिति ने एसटी, एसी, ओबीसी के कुल 410 आवेदनों के लिए 16.87 लाख की सहायता राशि की दी स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**



> अनूसूचित जनजाति, अनूसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए प्राप्त आवेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए सहायता राशि उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति दी गयी।

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को अनूसूचित जनजाति, अनूसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक हटिया नवीन जयसवाल, माननीय विधायक कांके श्री समरी लाल, विधायक मांडर शिल्पी नेहा तिर्की, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, सांसद/विधायक प्रतिनिधि, उप विकास आयुक्त, रांची विशाल सागर, निदेशक आईटीडीए सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती संगीता शरण, सिविल सर्जन, राँची डॉक्टर विनोद कुमार, एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान समिति द्वारा अनूसूचित जनजाति, अनूसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए प्राप्त आवेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए सहायता राशि उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति दी गयी। समिति ने कुल 410 आवेदनों के लिए 16 लाख 87 हजार की सहायता राशि की स्वीकृति दी। इसमें अनुसूचित जाति के 91 आवेदनों के लिए 2 लाख 80 हजार, अनुसूचित जनजाति के 107 आवेदनों के लिए 4 लाख 53 हजार, पिछड़ा वर्ग के 212 आवेदनों के लिए 9 लाख 54 हजार की सहायता राशि की स्वीकृति दी गयी।

### 10 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक भारत जोड़ो यात्रा

**रांची।** गुरुवार को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी की बैठक कांग्रेस भवन, रांची में हुई, जिसकी अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष सुरेश बैठा ने की। बैठक में रांची जिला के सभी प्रखंड के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि को सम्मानित कर भारत जोड़ो यात्रा जो की 10 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर 2022 तक चलने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्णय लिया गया। जिला संयोजक संजय लाल पासवान के द्वारा सभी प्रखंड अध्यक्षों को समय सीमा के भीतर कार्य करने का निर्देश दिया गया है तथा अपनी कमिटी बनाने तथा यात्रा की विस्तृत रूट चार्ट का निर्माण कर जिला कंट्रोल रूम को अवगत कराने को कहा गया है। बैठक को संबोधित करते हुए भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि संगठन का विस्तार एवं संगठन का सशक्तिकरण जल्द से जल्द करें।

### नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

## प्रतिभागियों को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत गुरुवार को समाहरणालय ब्लॉक बी स्थित कमरा संख्या 505 में विभिन्न सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट पेंटिंग एवं निबंध लेखन किया गया। प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार पेंटिंग को नशा मुक्ति हेतु जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगाया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार (पेंटिंग) खुशी लिण्डा, कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय नामकुम, द्वितीय पुरस्कार (निबंध लेखन) हरिप्रिया रानी, कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, राहे एवं तृतीय पुरस्कार (पेंटिंग) परमजीत कुमार, राजकीय मध्य विद्यालय, पण्डरा के साथ-साथ प्रतियोगिता में उपस्थित 150 छात्र-छात्राओं को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची श्रीमती श्वेता भारती द्वारा सम्मानित किया गया।

---

### आकलन परीक्षा के लिए फार्म भरने में तकनीकी दिक्कतें, आवेदन की तिथि बढ़ाएं

# गोमिया विधायक ने शिक्षा मंत्री से की आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो से बोकारो जिला के क्षेत्र अंतर्गत सहायक अध्यापकों के आकलन परीक्षा में ऑनलाइन इंट्री नहीं होने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। उनसे आग्रहपूर्वक कहा है कि तकनीकी कठिनाइयों को अविलंब दूर किया जाय और ऐसा नहीं होता है तो आकलन परीक्षा अंतिम तिथि बढ़ाया जाना श्रेयस्कर रहेगा। उन्होंने शिक्षा मंत्री इस बात से अवगत कराया है कि झारखंड राज्य परियोजना निदेशक के (17 जून 22) अनुसार झारखंड के सभी सहायक अध्यापको संप्रति पारा शिक्षकों के शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता के सत्यापन के उपरांत आकलन परीक्षा होना है, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर आकलन परीक्षा में भाग लेना अनिवार्य है परंतु विभाग के वेबसाइट में कुछ तकनीकी गड़बड़ी के होने के कारण जब भी शिक्षक अपना टीचर आईडी डालते हैं योर डिटेल डोस नॉट मैच विथ योर रिकॉर्ड का एरर आता है। जिससे शिक्षकों को आकलन परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा भी देखा जा रहा है कि जिन के प्रमाण पत्रों का सत्यापन नहीं हुआ है उनका भी ऑनलाइन इंट्री हो रहा है और जिनके प्रमाण पत्रों का सत्यापन हो चुका है उनका भी ऑनलाइन इंट्री नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी कठिनाइयों के कारण शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है और इसको देखते हुए तकनीकी कठिनाइयों को अविलंब दूर किया जाए या आकलन परीक्षा की अंतिम तिथि को बढ़ाया जाना न्याय संगत होगा।

### प्लाण्डू में पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**नामकुम।** आईसीएआर के पलाण्डु अनुसंधान केन्द्र में आयोजित हिन्दी पखवाडा समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। उन्होने कार्यालय में सरल हिन्दी का प्रयोग करने की बात कही। वही संस्थान के प्रधान डॉ एके सिंह ने कर्मचारियों को हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने की बात कही। वहीं खाद्य एंव आपूर्ति मंत्रालय भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य पूरन चन्द्र प्रसाद ने जनसाधारण के बीच सरल एंव सुबोध भासा का प्रयोग करने की बात कही। समारोह का संचालन अनिमा प्रभा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन वैज्ञानिक आरएसपान ने किया।

# नये ट्रांसफॉर्मर लगने से लोगों में खुशी की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**



**चान्हो।** प्रखंड के हुरहुरी गांव में लगभग एक सप्ताह अंधेरे में रहने के बाद गुरुवार को पुनः समाज सेवी सह जीप सदस्य चान्हो पूर्वी आशुतोष तिवारी के प्रयास से दुबारा उजाला बहाल हो गया। बताते चले एक सप्ताह पूर्व हुरहुरी का 63 केबीए का ट्रांसफर्मर पूरी तरह खराब हो गया था, इसकी जानकारी जीप सदस्य को दिया गया, उसके बाद अपने अथक प्रयास से इन्होंने नए ट्रंसफार्मर को उपलब्ध कराया। नए ट्रांसफर्मर पाकर ग्रामीण आशुतोष तिवारी का आभार व्यक्त किए और समाज सेवी फिरोज अंसारी ने गांव के लोगों के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। नए ट्रांसफार्मर पाकर गांव में खुशी का ठिकाना नहीं था। इस मौके पर फिरोज अंसारी, कुर्बान अंसारी, दानिश अंसारी, एहसान अंसारी, रजीत अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, रेयाज अंसारी, महफूज अंसारी, पलटन अंसारी, लिहाज उद्दीन अंसारी, तबारक अंसारी, इमरोज अंसारी, सज्जाद अंसारी, सहित अन्य मौजूद थे।

# डॉक्टर अभिषेक रोग से बचाव के लिए चला रहे हैं जगरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**मांडर।** गुरुवार को भी ऐसे डॉक्टर हैं जो एसी से निकल समाज में रोग से बचाव के लिए जागरुकता अभियान चलाने के लिए पदयात्रा पर निकल जाते हैं। ये सोचना भी मुश्किल है। मीनाक्षी नेत्रालय के डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह अपने सहयोगी डॉक्टर विकाश कुमार गुप्ता एवं अन्य सहयोगियों के साथ आज जगरनाथपुर मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने इस महासंकल्प यात्रा में अपने आठ वर्षीय पुत्र एवं सहकर्मियों के साथ निकल पड़े हैं। डॉक्टर अभिषेक आज रातू, मुरगु, ब्राम्बे, मुड़मा, मांडर, बिजुपाड़ा होते कुडू में रात्रि विश्राम करेंगे।ये कल कुडू से निकलकर 6 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश के बिंदमगंज पहुंचेगे। इन्होंने बताया कि हरमू स्थित मीनाक्षी नेत्रालय आज झारखंड में गरीब ही नहीं वीआईपी लोगों के नेत्र रोग के ईलाज के लिए प्रसिद्ध है पर इस महासंकल्प पदयात्रा का उद्देश्य मेरा यही है कि ग्रामीण जनता रोग होने से पूर्व ही अपनी ओर से हर रोग से खुद का बचाव करें। मेरा प्रयास है कि सभी प्रकार की बीमारी से जनता की सुरक्षा की जानकारी उन्हें मिले जिससे उन्हें ना कोई रोग हो सके।मैं नेत्र रोग विशेषज्ञ हूँ किन्तु ग्रामीण क्षेत्र का होने के कारण ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हूँ इसलिए उन्हें जानकारी दिलाने के लिए अपने साथ जेनरल फिजिसियन को भी लेकर चल रहा हूँ और सभी को किसी भी रोग होने से पहले किस प्रकार बचा जा सकता है उसकी जानकारी देने का प्रयास कर रहा हूँ।

---

### आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना से संबंधित उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

# पात्र लोगों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

> ◆योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर सदर अस्पताल को सम्मान, उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने सिविल सर्जन को प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर विनोद कुमार, डीएस अनिल कुमार खेतान, नोडल ऑफिसर आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना अखिलेश झा एवं जिला समन्वयक, आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना आशीष झा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिले में पात्र लोगों को आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिले में गुलाबी/हरा राशन कार्डधारियों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित कराएं। बैठक के दौरान जिले में पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित करने के लिए कार्य योजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में बेहतर कार्य करने के लिए उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सदर अस्पताल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार को उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। आयुष्मान भारत योजना के तहत राज्य में प्रथम स्थान पर रहते हुए सदर अस्पताल, रांची द्वारा वि त्तीय वर्ष 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22 में कुल 46768 मामलों में इलाज कराते हुए 20 करोड़ 96 लाख 66 हजार 807 रुपये का कार्य किया गया। इसमें वि त्तीय 2018-19 में 5975 मामलों में 24928925, वि त्तीय वर्ष 2019-20 में 10072 मामलों में 34974885, वि त्तीय वर्ष 2020-21 में 9761 मामलों में 50116513 और वि त्तीय वर्ष 2021-22 में 20960 मामलों में 99646484 रुपये का कार्य कराया गया।

# आयुष्मान योजना के अंतर्गत सफल ऑपरेशन किया गया



सिल्ली। सिंगपुर नर्सिंग होम में आयुष्मान योजना अंतर्गत ईचागढ सरायकेला नीमडीह निवासी विश्वनाथ प्रमाणिक का हिप ज्वाइंट टूट गया था। जिसका ऑपरेशन डॉक्टर अभिनव मिश्रा के द्वारा किया गया यह ऑपरेशन करने में लगभग तीन घंटे का समय लगा। अस्पताल के निदेशक डॉक्टर रमनेश प्रसाद ने कहा कि हमारे अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत 8200 सौ मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया है एवं ऐसे मरीजों का विशेष रखा जा रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई.निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/KHUNTI/08-22-23 जिसका PR No. 278269 (22-23) है। क्रमांक–01 पर अंकित पुल निर्माण कार्य का समय टंकण भूलवश 18 माह दिया गया है जिसे 24 माह पढ़ा जाय।

शेष अन्य सभी शर्तें यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।

PR 278934 (Rural Development) 22-23 (D)


---

## बीएयू में पोषक अनाजों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# खड़ी सफलों से किसान बन सकते हैं आत्मनिर्भर : डॉ. पाल

**नवीन मेल संवाददाता**



> चिकित्सकों का कहना है कि इन पोषक अनाजों में मिनरल, आयरन, जिंक, फास्फोरस की मात्रा अधिक होती है और मानव शरीर इन्हें आसानी से ग्रहण कर लेता है।

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज (मिलेट्स) वर्ष के अवसर पर बृहस्पतिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में पोषक अनाज की खड़ी फसलों का प्रक्षेत्र परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दुमका, साहिबगंज एवं रांची जिले के लगभग 50 किसानों ने भाग लिया। भ्रमणकारी किसान बीएयू के वेस्टर्न सेक्शन में मडुआ, गुंदली, कोदो, सावां, कंगनी, छोटी कंगनी, बाजरा, ज्वार आदि पोषक अनाज की खड़ी फसलों से रूबरू हुए तथा उनकी उत्पादन तकनीक और उन्नत प्रभेदों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए निदेशक अनुसंधान डॉ एसके पाल ने कहा कि इन पोषक अनाजों में मिनरल, आयरन, जिंक, फास्फोरस और आवश्यक अमीनो एसिड की मात्रा अधिक होती है और मानव शरीर इन्हें आसानी से ग्रहण कर लेता है। इसमें फाइबर और एंटी डायबेटिक प्रॉपर्टी अधिक है। इनका नियमित सेवन हृदय रोगों की संभावना को कम करता है। इन मिलेट्स से बिस्कुट, सेवई, पास्ता, चाउमिन, फ्लेक्स आदि कई मूल्यवर्धित पोषक खाद्य पदार्थ तैयार किए जाते हैं। बीएयू में मिलेट्स संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ अरुण कुमार ने पोषक अनाज की महत्ता, उसकी उन्नत किस्मों तथा अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ सोहन राम, डॉ मिलन कुमार चक्रवर्ती, डॉ नीरज कुमार, डॉ सविता एक्का आदि वैज्ञानिकों ने भी किसानों का तकनीकी मार्गदर्शन किया। स्विच ऑन फाउंडेशन, कोलकाता के उप महाप्रबंधक सुरजीत कुमार चक्रवर्ती तथा प्रबंधक विकास कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन मिलेट्स संबंधी आईसीएआर अनुसंधान परियोजना, बीएयू के आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग तथा गैरसरकारी संस्था स्विच ऑन फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

# मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत वितरण किया गया बत्तख चूजा मरने से महिला परेशान



सिल्ली। मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत बत्तख चूजा का वितरण सिल्ली प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में किया गया था। यह वितरण कुछ दिनों पहले पशुपालन डॉक्टर संजय कुमार के द्वारा महिलाओं के बीच बत्तख चूजा का वितरण किया गया था। वही गांव के जिन जिन महिलाओं के बीच चूजा दिया गया था वह सारे एक-एक करके मर रहे हैं गांव के महिला मरते हुए देख परेशान हैं और इन्हें किस तरह बचाया जाए ताकि हमारा रोजगार का साधन बन पाए। महिलाओं का कहना है कि सप्लायर के द्वारा छोटा बतक चूजा हमें दिया गया था और किसी तरह से रखरखाव के बारे हमें डॉक्टर के द्वारा नहीं बताया गया है हम जिस तरह रखते हैं उसी तरह रखरखाव कर रहे थे जिससे सारे बत्तख चूजा मरना चालू हो गए हैं हम क्या करें। इस संबंध में पशुपालन डॉक्टर संजय कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा कि हम कुछ भी नहीं बता सकते हैं सप्लायर से बात कीजिए।


**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/801/2022-23
दिनांक :– 27.09.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग गैरयोजना मद अंतर्गत ईचाक बरकट्ठा पथ के 13 कि.मी. में फुरूका नदी पर बने उच्चस्तरीय सेतु के LHS एवं RHS में 2.0 मी0 ऊँचाई वाले गार्डवॉल एवं अन्य निर्माण कार्य, वित्तीय वर्ष 2022–23 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू० 6500,000.00 (पैंसठ लाख रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 10.10.2022 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.10.2022 12:00 बजे दिन तक |
| .6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 9431326172 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :–
http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
PR278960 (Road)22-23*D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

## न्यूज गैलरी

### बाबूलाल ने फिर लगाया सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मराण्डी ने एक बार फिर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए सरकार को घेरा है। श्री मराण्डी ने ट्वीट कर कहा झ पहले रविवार के बदले स्कूलों में शुक्रवार जुम्मे की छुट्टी, फिर हाथ जोड़कर प्रार्थना की पद्धति को बंद करवाना और अब पलामू के 49 सामान्य स्कूलों को शिक्षकों ने अपने मन से उर्दू स्कूल बना दिया। सरकार भी इन शिक्षकों को उर्दू स्कूल के नाम से ही वेतन निर्गत करती रही है। यह सब कुछ सुनियोजित तरीके से हेमंत सोरेन की तुष्टिकरण की जिहादी मानसिकता की सरकार में दूरगामी लक्ष्य को ध्यान में रख कर किया जा रहा है। यह कोई संयोग नहीं बल्कि एक ऐसा प्रयोग है जिसमें झारखंड और झारखंड के मूलवासी, आदिवासी-गैर आदिवासी का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

### विश्व हृदय दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

रांची। विश्व हृदय दिवस पर झारखंड में 29 सितम्बर को कई कार्यक्रम हुए। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विश्व हृदय दिवस पर आयोजित मैराथन दौड़ को रिम्स स्थित राजेन्द्र पार्क से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। वे इस दौड़ में खुद भी शामिल हुए। वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर रिम्स में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने लोगों से अपने दिल का ध्यान रखने का आग्रह किया। हृदय रोगों से बचाव के लिए उन्होंने नियमित व्यायाम के साथ अच्छे खानपान पर भी जोर दिया।

### सरकार खिलाड़ियों के प्रति उदासीन : बाबूलाल मराण्डी

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मराण्डी ने राज्य सरकार के खिलाड़ियों के प्रति उदासीन रवैये की आलोचना की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा झ राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को जूते तक नसीब नहीं..झारखंड सरकार के उदासीन रवैए ने एक बार फि र राज्य को शर्मसार किया है। अहमदाबाद में शुरू हो रहे नेशनल गेम्स में राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे खिलाड़ियों को ब्लेजर और जूते तक नहीं दिया गया है। खिलाड़ियों को किट के लिए मात्र 5 हजार रुपए ही दिए हैं। जबकि बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने अपने खिलाड़ियों को 15-20 हजार रुपए दिए हैं।

### चडरी अखरा और चडरी तालाब के जीर्णोद्धार की मांग

रांची। गुरुवार को चडरी सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त रूप से रांची के विधायक सी पी सिंह से मिलकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में मुख्य रूप से लाइन टैंक तालाब (चडरी तालाब) के घाट में दशकर्म स्थल का निर्माण, शेड निर्माण कार्य, चडरी तालाब के मुख्य द्वार पर तोरण द्वार बनवाने एवं चडरी अखरा के जीर्णोद्धार करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर रांची विधायक ने कहा कि दुर्गा पूजा के बाद कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र इंजीनियर द्वारा स्टीमेट बनवाकर सभी मांगों को करा दिया जाएगा प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष श्री बबलू मुंडा, प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, पूजा समिति अध्यक्ष सबलू मुंडा, अप्पू लिंडा, बंटी मुंडा, चीकू लिंडा, राहुल मुंडा, अमन मुंडा, आदि उपस्थित थे।

### माहुरी महिला समिति ने मनाया डांडिया नाइट

रांची। माहुरी महिला समिति की ओर से डांडिया कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को जयप्रकाश नगर में किया गया। नोएडा से आए कलाकार विक्की प्रसाद कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। बोकारो अजीत माथुर की टीम ने भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समिति की सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभावान कलाकारों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से समिति की ओर से डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिया भदानी, रीना, संगीता, बीना, अर्चना, सविता, पल्लवी और निभा योगदान दिया। मुख्य अतिथि पूनम प्रकाश ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### 135 कनीय अभियंताओं को मिलेगा प्रमोशन, 56 की डिग्री अमान्य

रांची। पथ निर्माण विभाग संवर्ग के 135 कनीय अभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर प्रोन्नति मिलेगी। पथ निर्माण विभाग ने इसकी कवायद शुरू कर दिया है। पथ निर्माण विभाग ने इसके लिए अंतिम वरीयता सूची भी जारी की है और अभियंताओं से आपत्ति मांगी है। विभाग ने दरअसल सभी योग्य कनीय अभियंताओं की सूची मांगी थी जिसका प्रमोशन बाकी है। ऐसे में 191 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# सभी सीओ को हिट एंड रन के मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश



- सांसद, विधायकों और विधायक प्रतिनिधियों ने दिये सुझाव।
- स्कूल बसों को बीच सड़क पर खड़ा करने पर सख्ती से चलान काटने की बात कही।

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। गुरुवार को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में माननीया सांसद महुआ माजी, विधायक नवीन जायसवाल, समरीलाल, उपविकास आयुक्त रांची विशाल सागर, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश, ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव, विधायकों के प्रतिनिधिगण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में हिट एंड रन, आइआरएडी पोर्टल पर एक्सीडेंट डिटेल अपलोड करने, रोड सेफ्टी एक्सपुमेंट के संबंध में एसबीडी गन को चिन्हित स्थानों पर चालू करने, स्कूल बसों की ओवर स्पीडिंग, तिलता ओवरब्रिज के सर्विस रोड पर गड्ढों को भरने, हाजी चौक एवं दलादली चौक पर कार्य करने, ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट चेकिंग, काठीटांड़, रातू चौक पर कार्य करने, कांटाटोली चौक पर ट्रैफिक डायवर्सन एवं फ्लाई ओवर निर्माण के संबंध में समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने हिट एंड रन के मामले की समीक्षा करते हुए जिले के सभी अंचल अधिकारियों को इससे संबंधित लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करने को कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट एवं सीट बेल्ट चेकिंग पर जोर देने को भी कहा। बैठक में सांसद महुआ मांझी ने आरसीडी एवं जेएआरडीसीएल के अभियंता को दुर्गा पूजा के मद्देनजर शहर के सभी सड़कों के गड्ढों को दुरुस्त करने का सुझाव दिया। खेलगांव मोड़ पर स्पीड ब्रेकर बनाने और मिशन चौक से प्लाजा चौक तक कबाड़ गाडियों को हटाने का सुझाव भी सांसद द्वारा दिया गया। बैठक के दौरान हटिया विधायक श्री नवीन जसवाल ने सुझाव देते हुए कहा कि स्कूल बसों को बीच सड़क पर खड़ा करने पर सख्ती से चलान काटा जाये। जुडको के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर को विधायक ने अरगोड़ा से कटहल-मोड़ तक सड़क मरम्मत करने का निदेश दिया। सांसद श्री संजय सेठ के प्रतिनिधि मनोज गुप्ता द्वारा तिलता चौक, रातू में सर्विस रोड़ पर गड्ढे भरने का सुझाव जेएआरडीसीएल को दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची प्रवीण प्रकाश ने काठीटांड़ चौक, रातू के गड्ढे भरने का निदेश एनएचएआई के ईजीनियर को दिया। उनके द्वारा ट्रैफिक डीएसपी को चौक और आसपास की सड़कों पर यातायात दुरुस्त करने का भी निदेश दिया गया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय 'आर्ट ऑफ लिविंग'-उत्कर्ष योग का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में विद्यार्थियों के लिए जीएसपी जलतरंग के अंतर्गत 'आर्ट ऑफ लिविंग'-उत्कर्ष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह बच्चों को तनाव से छुटकारा पाने, एकाग्रता में सुधार करने और नकारात्मक भावनाओं को दूर करने की क्षमता को विकसित करने में मदद करता है। कार्यक्रम में योग, ध्यान, प्राणायाम और बाल क्रिया शामिल थे। प्रशिक्षण से बच्चों ने परिवार और दोस्तों के साथ जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का तरीका, भोजन से पूर्व प्रार्थना करने एवं खेलों के माध्यम से छात्रों ने नैतिक मूल्यों का महत्व सीखा। इसके द्वारा छात्रों ने तनाव दूर कर आनंद पाने की कला का ज्ञान प्राप्त किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूल की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने मेडिटेशन के महत्व को बताते हुए कहा कि योग से हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है जिससे हम बेहतर जीवन जी सकते हैं।

## रक्तचाप नियन्त्रित रखें: डॉ. वीके जगनाणी



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में झारखण्ड आईएमसीसी के द्वारा रांची के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ वीके जगनाणी के नेतृत्व में प्रातः चाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिक में अपने हृदय के प्रति सजग रहने के लिए अलख प्रज्ज्वलित करना था। साथ ही, रक्तचाप भी मापा गया। डॉ जगनाणी ने बताया कि रक्तचाप का शरीर के विभिन्न अंगों से सीधा सम्बन्ध है। अनियन्त्रित रक्तचाप से मस्तिष्क, नेत्र, हृदय, वृक्क पर विपरीत प्रभाव होता है। ऐसे तो उच्च रक्तचाप का कुप्रभाव शरीर के प्रत्येक अंग पर होता है। अनियन्त्रित रक्तचाप के कारण पक्षाघात, हृदयाघात, नेफरोपैथी, रेटिनोपैथी हो सकता है। इसलिए, रक्तचाप नियन्त्रण अति आवश्यक है। रक्तचाप नियन्त्रण के लिए स्वस्थ्य जीवनशैली, पौष्टिक आहार, पर्याप्त जल एवं नियमित व्यायाम आवश्यक है। प्रयास कर, प्रतिदिन आधा किलो फल एवं हरे शाक का सेवन करना रक्तचाप नियन्त्रण में लाभकारी है। साथ ही मोटा अनाज के सेवन से हृदय रोग की सम्भावना घटने लगती है। फास्टफूड, जंकफूड, पैकडफूड, टिण्डफूड, तला हुआ भोजन, शराब, धूम्रपान एवं तम्बाकू के सेवन से बचना चाहिए; ये सभी रक्तचाप तथा हृदय सम्बन्धित रोग की वृद्धि करते हैं। प्रतिदिन एक घंटा व्यायाम जैसे की पदचाल, तैराकी, आसन, सायकल चालन अत्यन्त लाभदायक है। इस कार्यक्रम के संचालन में डॉ अमर कुमार, डॉ ए के सिंह, डॉ अलका ग्वालरे, डॉ राकेश कुमार का विशेष योगदान रहा। आज विश्व हृदय दिवस में ग्लेनमार्क के पुष्कर, शोएब, बलवन्त, जितेन्द्र, प्रेम एवं अमित के सहयोग से सम्भव हो सका है।

## मेजर प्रोजेक्ट मिलते ही रेडियो खांची के निदेशक पद से हटे डॉ. आनंद

रांची। रांची विश्वविद्यालय में अब डायरेक्टर मास कम्युनिकेशन ही विवि के सामुदायिक रेडियो स्टेशन (रेडियो खांची 90.4 एफएम) के भी निदेशक होंगे। अब तक जूलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ आनंद कुमार ठाकुर रेडियो खांची के निदेशक पद पर नियुक्त थे। खास बात यह है कि हाल ही में उन्हें बतौर रेडियो खांची निदेशक, विज्ञान प्रसार नई दिल्ली से 30.46 लाख का मेजर प्रोजेक्ट मिला था। इसमें 80 फीसदी फंड का भुगतान हो चुका है। चूंकि इस प्रोजेक्ट के प्रधान अन्वेषक के रूप में डॉ आनंद कुमार ठाकुर का नाम है, इसलिए, यह दूसरे व्यक्ति को स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। डॉ आनंद के हटने के बाद अब इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में तकनीकी बाधा उत्पन्न हो गई है।

# साईंकाल मंदिर का पर्दा हटते ही भक्तजन दर्शन कर भाव-विभोर हो गये





**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। कितना प्यारा है सिंगार तेरी लेऊं नजर उतार कितना प्यारा है, केसर चंदन तिलक लगाकर व सज धजकर के बैठा बाबा कितना प्यारा लगता हैं, हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को साईंकाल मंदिर का पर्दा हटते ही भक्तजन भाव विभोर होकर खाटू नरेश को नाच-गाकर उन्हें भजनों का गायन कर अपनी मनोकामना प्रस्तुत कर रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि नवरात्र की चतुर्थ दिवस पर अमावस्या स्नान के बाद श्री श्याम सरकार को केसर तिलक सिंगार अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर किशोर गंज निवासी श्री कृष्णा दुबे परिवार ने बाबा श्री श्याम को नवीन बागा (वस्त्र) की सेवा तथा हरमू रोड निवासी प्रकाश अग्रवाल प्रियंका अग्रवाल ने पंचमेवा की सेवा निवेदित की। खाटू नरेश को लाल गुलाब, गेंदा, पापड़ी, कमल, मुर्गन, रजनी तुलसीदल की मोटी मोटी मालाओं से आचार्य श्री अनूप दाधीच मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा व मंदिर के आचार्य रिंकू आदि ने खाटू नरेश को सजाया। सुगंधित रूह इत्र से बाबा को मसाज किया गया नवीन बागा पहनाया गया। पंचमेवा में काजू, किसमिस, बादाम, अखरोट, अंजीर का भोग निवेदित किया गया। इस अवसर पर श्री हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार व मंदिर में स्थापित सभी देवी देवताओं का का भी श्रृंगार किया गया। ज्ञातव्य है कि श्री खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर में भी आज ही केसर तिलक सिंगार का कार्य हुआ है। बरसात के मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दरबार में पहुंचकर अपना मत्था टेका। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नाथसरिया, मंत्री गौरव अग्रवाल, पवन गोयनका, उप मंत्री, अनिल नारनौली आदि उपस्थित थे।

**शारदीय नवरात्र :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित तथा संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में पहली बार बृहद रूप से शारदीय नवरात्र अनुष्ठान आचार्य अशोक पांडे के सानिध्य में चल रहा है। गुरुवार को प्रातः चतुर्थ कुष्मांडा माता की पूजा, चंदन, वंदन, भोग आरती की गई। श्री दुर्गा पाठ किया गया। साईं कालीन महाआरती करके प्रसाद वितरण किया गया। मुंबई निवासी मुकेश कैलाश जोशी श्री दुर्गा पाठ अनुष्ठान यजमान श्री हैं।

**श्री श्याम भंडार :** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को साईंकाल 5:00 बजे से 30 व श्री श्याम भंडारा होगा। अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी ने बताया की श्याम मंदिर में होने वाले भंडारे की सेवा कुशाग्र व श्रीनिका परिवार संग सेवा निवेदित करेंगे। मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने सभी श्याम प्रेमी लोगों को आमंत्रित किया है।

## चिकित्सा सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिलेगा विश्व सेवा रत्न अवॉर्ड

# आज नेपाल के गृह मंत्री के हाथों सम्मानित होंगे डॉक्टर यूएस वर्मा



बाबूलाल मरांडी द्वारा चीफ मिनिस्टर ऑफ झारखंड-2002, कोशी आंचलिक विकास समिति, बिहार द्वारा गोल्ड मेडिकल अवार्ड-2004, जर्मन का डॉक्टर रेगवेग गोको अवार्ड-2010, झारखंड चिकित्सा सेवा रत्न रांची-2016 से सम्मानित हो चुके हैं। इसके अलावा डॉ. वर्मा जयपुर में एक्सिलेंट हेल्थ केयर आइकन अवार्ड-2019, गोवा में कैंट फार्मेस्यूटिकल

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लॉ यूनिवर्सिटी के विजिटिंग प्रोफेसर एवं यूएस पॉलीक्लिनिक के चीफ एजीक्यूटिव डायरेक्टर डॉक्टर यूएस वर्मा को सितम्बर 30, 2022 को चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विश्व सेवा परिषद के द्वारा चिकित्सा सेवा रत्न अवार्ड 2022 से सम्मानित किया जायेगा। यह विश्वस्तरीय सम्मान दिल्ली के डिप्टी स्पीकर हॉल, कांस्टिट्यूशन क्लब आफ इंडिया, रफी मार्ग नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में नेपाल के गृह मंत्री के द्वारा प्रदान किया जायेगा। डॉ. वर्मा यह सम्मान पानेवाले झारखंड के पहले चिकित्सक होंगे। इससे पहले प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर वर्मा वॉकहार्ट फार्मास्यूटिकल अवार्ड-1996 मुंबई, अमारी अवार्ड बिहार, पटना-1998, संगम अवार्ड रांची 2001, अली वेलफेयर ट्रस्ट बिहार, पटना-2022, झारखंड के पहले मुख्यमंत्री कोलकाता द्वारा होमियोपैथिक सेमिनार में भी सम्मान पा चुके हैं। इसके अलावा डॉ. यूएस वर्मा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दुबई एवं बैंकॉक में आयोजित कांफ्रेंस में सम्मानित किया गया है। साथ ही कांफ्रेंस में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी दे चुके हैं। डॉ. वर्मा चिकित्सा सेवा में निरंतर शोध के माध्यम से होम्योपैथिक से असाध्य रोगों के इलाज के लिए 101 फॉर्मूले की खोज करने को लेकर दृढ़संकल्प हैं। इस दिशा में उन्होंने अब तक 66 फॉर्मूलों की खोज कर दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कराया है। शोध परख खोज की दिशा में सबसे बड़ी कामयाबी कोरोना वायरस से निजात के लिए यूवी-66 संजीवनी गोल्ड है। कोरोना काल की विपत्ति के दौर में व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वास्थ्य भारत मिशन अभियान में एक सफल कार्य कर लोगों का भरोसा और विश्वास को बढ़ाया है।

## अधिवक्ता राजीव कुमार को ईडी कोर्ट से बड़ा झटका, जमानत अर्जी खारिज

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। मनी लाउंड्रिंग मामले में राजीव कुमार की ओर से दाखिल जमानत अर्जी को ईडी कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मामले में बहस के दौरान ईडी की ओर से जमानत का विरोध किया गया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से राजीव कुमार को निर्दोष बताया गया। जिसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया था। राजीव कुमार फिलहाल ईडी में दर्ज मामले के कारण रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, होटवार में बंद हैं। आपको बता दें कि राजीव कुमार 30 सितंबर तक ईडी कोर्ट की न्यायिक हिरासत में हैं। इससे पूर्व 16 सितंबर को हुई सुनवाई में भी ईडी की ओर से समय की मांग की गयी थी। पिछले दिनों कोलकाता में दर्ज 50 लाख बरामदगी मामले में कोलकाता के निचली अदालत से राजीव कुमार को जमानत मिल चुकी है। आपको बता दें कि कोलकाता पुलिस के एआरएस विभाग ने हैरिसन स्ट्रीट में अवस्थित व्यावसायिक परिसर से बीते 31 जुलाई की रात को 50 लाख नकद के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से ही वह पहले कोलकाता की जेल में थे। बाद में ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का मामला दर्ज कर राजीव कुमार के रांची स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद ईडी ने पूछताछ के लिए, राजीव कुमार को 12 दिनों की रिमांड पर भी पूर्व में लिया था।

## टी-20 रॉयल एसएस कप : वर्षा बाधित सीरीज में भारत और बांग्लादेश संयुक्त विजेता

# दिव्यांगजनों के खेलों को भी समर्थन की जरूरत : महुआ



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। भारत एवं बांग्लादेश के बीच दिव्यांगजनों के अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट सीरीज 'रॉयल एसएस कप' का तीसरा मैच बर्षा में धूल गया। भारत ने बांग्लादेश सीरीज में एक-एक की बराबरी पर रहे और संयुक्त विजेता बने। दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के तत्वधान में झारखंड डिसएबल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मेकॉन स्टेडियम रांची में खेले जा रहे 'रॉयल एसएस कप' के वर्षा से बाधित तीसरे मैच में एक भी गेंद नहीं फेंका जा सका। बांग्लादेश के मो सरिफुल बेस्ट गेंदबाज, तथा भारत के गुलमुद्दीन बेस्ट बल्लेबाज और मैन ऑफ दे सीरीज चुने गए। उन्हें ट्रॉफी के साथ 11-11 हजार रुपये का नगद राशि भी प्रदान की गई। गुरुवार के मैच के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद महुआ मांझी ने कहा कि दिव्यांगजनों के खेलों को भी समर्थन की जरूरत है, आर्थिक सहायता के अभाव में प्रतिभाएं फल-फूल नहीं पातीं। आगे उन्होंने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं, सिर्फ खिलाड़ियों को संवारने की जरूरत है। आज झारखंड के खिलाड़ी देश से लेकर विदेशों में नाम रौशन कर रहे हैं और झारखंड की मान बढ़ा रहे हैं। राज्य में हर खेलों में खिलाड़ी मौजू हैं और खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन उन्हें सुविधा का अभव है। भारतीय कप्तान सूत्रो जॉर्डर ने कहा कि भारत में दिव्यांगजन क्रिकेट के लिए संसाधन और सुविधाएं बिल्कुल लचर हैं। समापन समारोह में शिल्पी नेहा तिर्की (मांडर विधायक), नंद लाल किशोर सिंह चंदेल, विनय सिंह, मृत्युंजय कुमार, वीरेंद्र, अरशद उबैद, रवि रंजन आदि ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

## मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स छह लेन रोड निर्माण में गड़बड़ी मामले में पूर्व कार्यपालक अभियंता दंडित

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। नेशनल हाइवे 33 से मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स होटवार तक छह लेन रोड के काम में गड़बड़ी के आरोप में फंसे तत्कालीन कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रांची वर्तमान में मुख्य अभियंता के पद पर अधिसूचित सिंगराय टूटी को दिए गये दंड में सुधार किया गया है। सरकार ने 2011 में दिए गये दंड को संशोधित कर राहत दिया है। पथ निर्माण विभाग ने 2011 में उन्हें वेतनमान के प्रथम प्रक्रम पर पदानवत करते हुए उनके निलंबन के रूप में वितायी गयी अवधि के लिए जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त और कोई राशि नहीं देने का फैसला लिया है। लेकिन अब इसे परिमार्जित करते हुए पूर्व में दिए गये दंड की तिथि से दो वार्षिक वेतन वृद्धि का संचयात्मक प्रभाव से रोकने का फैसला लिया है। साथ ही निलंबन के रूप में बिताये गये अवधि के लिए जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त और कोई राशि नहीं देने का निर्णय लिया है। खराब गुणवत्ता से बनने के कारण यह सड़क उस वक्त पूरी तरह से फेल कर गयी थी, डीपीआर के अनुरूप काम नहीं किया गया, जिसके कारण हर जगह गढ़ढे निकल आये सरकार ने करोड़ों की लागत से बने इस सड़क के तुरंत खराब होने को गंभीरता से लिया था और इस मामले में तत्कालीन कार्यपालक अभियंता सिंगराय टूटी सहित सहायक अभियंता इंदूभूषण सिंह, कनीय अभियंता दिनेश महतो, अमर कुमार सिन्हा को दोषी मानते हुए दंडित किया गया था। पूरे मामले पर सिंगराय टूटी ने हाइकोर्ट चले गये। इसी बीच रांची उपायुक्त भी ने भी सदर थाना प्राथमिकी दर्ज कराया जिसके बाद अपर न्यायायुक्त द्वारा एक मामले में उन्हें बरी किया गया।

# डॉ. संदीप अग्रवाल हनुमान सरावगी प्रतिभा सम्मान से किये गये सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। लोहरदगा निवासी डॉ. संदीप अग्रवाल को अति विशिष्ट उपलब्धियों के लिए अग्रवाल सभा का प्रतिष्ठित प्रतिभा सम्मान हनुमान सरावगी कला संस्कृति साहित्य व शिक्षण सम्मान -22 से सम्मानित किया गया। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर महाराजा अग्रसेन भवन रांची में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक के एल अग्रवाल, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, समाजसेवी भागचंद पोद्दार, वेद प्रकाश बागला एवं अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने संयुक्त रूप से डॉ संदीप अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ रश्मि प्रसादन को पुष्प गुच्छ, महाराजा अग्रसेन जी का स्मृति चिन्ह तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस इस अवसर पर डॉ संदीप अग्रवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिभा सम्मान मिलने से मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि भगवान अग्रसेन जी अग्रवाल समाज के संस्थापक, युगपुरुष एवं रामराज्य के समर्थक एवं महादानी थे। हम सभी को उनके बताए आदर्शों को स्थापित करने की जरूरत है। अग्रवाल सभा अग्रसेन जयंती के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि डॉक्टर संदीप अग्रवाल लोहरदगा नवारी पाड़ा निवासी स्वर्गीय रामदयाल प्रसाद अग्रवाल के पुत्र हैं। संदीप अग्रवाल ने लोहरदगा नवाडीपाड़ा स्कूलएवं चुन्नीलाल उच्च विद्यालय से मैट्रिक तक की पढ़ाई की। वर्ष 1993 में राजेंद्र मेडिकल कॉलेज से स्नातक की तथा एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण की। 3 वर्षों में जनरल सर्जरी में पोस्ट ग्रेजुएशन की।

# न्यूज गैलरी

## हत्या के मामले में एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**लोहरदगा।** लोहरदगा सिविल कोर्ट के एडीजे 3 अरविंद कुमार की अदालत ने हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में कैरो थाना बहुवाडी गांव निवासी इंद्रदेव उरांव के पुत्र विष्णु उराँव को आजीवन कारावास और 20 हजार का जुमार्ना सुनाया गया है। विष्णु उराँव पर गांव के ही भैरव उरांव के हत्या का आरोप है। घटना को लेकर सीता मुनीम उरांव के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कैरो थाना कांड संख्या 36/19 के इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से लोक अभियोजक मनोज कुमार झा ने दलीलें पेश की।

## पुलिस पब्लिक बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का किया आयोजन

**बानो।** प्रखंड के गिरदा ओपी द्वारा पुलिस पब्लिक समन्वयक समिति के द्वारा बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने किया।प्रतियोगिता में हाईस्कूल हुरदा ने हाई स्कूल रायकेरा की टीम को 1,–0से पराजित कर बिजयी रहा। बिजेता व उप बिजेता को शील्ड पुरस्कार प्रदान किया गया।मौके पर एस पी सौरव कुमार ने कहा आज हर क्षेत्र में खेल का महत्व है। आपसी तालमेल से खेले अभिभावकों को चाहिए कि सहज रहे। इस समय साइबर क्राइम से बचे किसी तरह के अफवाह से बचे दुर्गा पूजा के अवसर पर शांति बनाए रखें। क्षेत्र में किसी तरह की घटना होने पर इसकी जानकारी तुरंत स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासन को दे। मौके पर पुलिस पब्लिक समन्वयक समिति के अध्यक्ष व मुखिया नामजन जोजो, गिरदा थाना प्रभारी अंशु कुमार झा, सचिव बुध्ददेव कुमार साहू, ओमीन सिंह ,गुरुद्दत सिंह ,सचिन बड़ाईक, जोसेफ जोजो,राजेश बड़ाईक, रामनरेश साहू आदि लोग उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस के तहत महिला संगठन को दिया गया प्रशिक्षण

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के आलिंगुड गाँव में जेएसएलपीएस के तहत सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर प्रशिक्षण में बताया गया कि आजीविका महिला संगठन से जुड़कर महिलाएं स्वावलम्बी एवं आत्म निर्भर बन रही है नारी शक्ति भी मजबूत हो रही है और भी सशक्त बनाना संगठन की जिम्मेवारी है। गांव-गांव में महिलाएँ संगठन से जुड़कर आगे बढ़ रही है मुखिया सुरजन बड़ाईक ने कहा कि गाँव की महिलाएँ जागरूक होने से गांव के लोग भी जागरूक हो रहे है जिससे नशा खोरी कम हो रहा है, पलायन काफी कम हुआ है। इसके साथ डाईन –बिशाही, भूत–प्रेत पर विश्वास करना काफी कम हो गया है । अब लोग अस्पताल जाकर अपने बीमारी का ईलाज कर रहे है। महिलाएं जागरूक होकर अपने बच्चों को स्कूल भेजने में पीछे नहीं हू ।महिलाओं के जागरूक होने से आने वाले समय में एक सशक्त समाज का निर्माण होगा । महिला संगठन के चन्दन कुमार ने लेखा–जोखा, बही संधारण, लेन–देन , खाता बही का रख रखाव के बारे बताया। मौके पर तपेश्वर प्रसाद, सत्यनारायण सिंह, किशोर सिंह, सुजाता कुमारी, आशा देवी, जशमुनि देवी, जशवंती देवी, महेश्वरी देवी उमा देवी के अलावे संगठन की महिलाएं मौजूद थे।

## बेड़ो में वज्रपात से बैल की मौत

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नगड़ी मुंडा टोली गांव में गुरुवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे अचानक बूंदा बांदी के साथ वज्रपात हुई, जिसमें महादेव उरांव के एक बैल की मौत हो गई। महादेव उरांव ने बताया कि वह अपने बैलों की चराने के बाद वापस अपने घर आ रहे थे इसी दौरान वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आकर एजक बैल की मौत हो गई वही मैं और एक बैल सुरक्षित बच गए। वही महादेव उरांव के बैल के मर जाने के कारण वे काफी चिंतित हैं। उनका खेती कार्य बाधित हो गया। अब बैल खरीदने के लिए उनके पास पैसे भी नहीं है। वे काफी गरीब परिवार से आते हैं। उन्होंने अंचलाधिकारी से मुआवजे की मांग किया है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर समाजसेवी सह किसान मित्र पवन कुमार ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उसके पास खेती बारी करने के लिए अब कुछ भी साधन नहीं है। यदि उसे मुआवजा नहीं मिला तो जीविका चला पाना मुश्किल होगा।

## सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर गुरुवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे असरो पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 16 वर्षीय उमेश उरांव पिता कैला उरांव 18 वर्षीय अनीश एक्का पिता मनोज उरांव व 19 वर्षीय पंचम उरांव पिता बुधवा उरांव तीनो ढवंटा टोली असरो निवासी है जिन्हें ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा एलएन दास ने तीनो घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए उमेश उरांव व अनीश एक्का को रिम्स रेफर कर दिया। वहीं घटना के संदर्भ में पंचम उरांव ने बताया वे तीनों एक बाइक से लमकाना बेड़ो आ रहे थे। इसी दौरान वे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मनाया गया विश्व हृदय दिवस



**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में विश्व हृदय दिवस मनाया गया ।जिसमें छात्राओं ने नाटक के द्वारा हृदय के प्रति सुरक्षित रहें तथा गलत खानपान से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बहुत बारीकी से समझाया। निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरे विश्व में भारत हृदय रोग से मरने वाला पहला देश बन गया है जिसमें युवा पीढ़ी भी इसके चपेट में आ रहे हैं । गलत खानपान धूम्रपान के द्वारा इस बीमारी को बढ़ावा मिलती है इसलिए नियमित व्यायाम और ध्यान से हम सब हृदय रोग पर निजात पा सकते हैं । इस वर्ष के थीम यूज हर्ट फॉर एवरी हर्ट है जिसमें अपने हृदय के साथ–साथ सभी लोगों के हृदय को स्वस्थ रखना है। कोर्डिनेटर रविकांत एवं प्राचार्य संगीता कुमारी ने भी अपने अपने विचार रखे और लोगों को संयमित खान–पान पर ध्यान देने को कहा । कार्यक्रम में द्वितीय वर्ष की छात्राओं के नाटक को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । इस कार्यक्रम में बैंक प्रबंधक विकास कुमार कर्ण, एस एन ठाकुर , मोहम्मद राशिद ट्यूवटर नूतन कीड़ो, प्रभा सुरीन, अलविना तोपनो, कुमुदनी कुमारी , लीलावती साहू , सुजाता,बिनीता, रश्मि बा एवं अन्य सभी उपस्थित थे।

### विद्या विकास समिति के तत्वावधान में 33वां प्रांतीय तरूण वर्ग क्रॉस कंट्री का शुभारंभ

# क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में बाघमारा की टीम रही विजयी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** विद्या विकास समिति द्वारा आयोजित 33वां प्रांतीय /क्षेत्रीय तरुण वर्ग झारखंड बिहार प्रतियोगिता प्रात 5:00 बजे क्रॉस कंट्री रेस से प्रारंभ हुई।जो गुमला के सीलम से अल्बर्ट इक्का स्टेडियम तक हुई।



इस प्रतियोगिता में संयोजक अमृत कुमार मेटे,पलामू विभाग के विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल,सह सचिव प्रभात कुमार दास,पूर्व छात्र परिषद के भैया तथा आचार्य सुदर्शन शर्मा उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में सीनिडिह की बहने प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रही। बाघमारा तथा बसिया के भैया क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। तरुण वर्ग में कुम्हार टोली तथा सिंदरी के भैया जैवलिन में क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। सिंदरी तथा खलारी के भैया लॉन्ग जंप में क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। मुंगेर तथा बसिया के भैया शॉटपुट में प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। राजकमल धनबाद तथा बाघमारा के भैया 5000 लंबी चाल में प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। 3000 लंबी चाल में कॉलेज लोहरदगा तथा सीनिडिह की बहने प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रही। लॉन्ग जंप में तरुण वर्ग के राजकमल तथा सिंदरी की बहने प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रही।

वही किशोर वर्ग में 800 मीटर की दौड़ में रायडीह तथा चतरा के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय वही कुदरा सिसई तथा कुम्हार टोली की बहने प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रही। 5000 मीटर लंबी चाल में गुमला तथा मधुपुर के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे वही आश्रम सिसई तथा गुमला की बहने 3000 मीटर लंबी चाल में क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रही। शॉट पुट में कुदलुम तथा बोकारो के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। जैवलिन में लाल मटिया तथा कैलाश राज विद्यालय के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे वही आश्रम सिसई तथा सीनिडिह की बहने प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रही।

बाल वर्ग में 800 मीटर की दौड़ में राजकमल तथा मधुपुर के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। 80 मीटर बाधा दौड़ मे राजकमल तथा मधुपुर के भैया प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे हैं। वही गिरिडीह तथा भूली नगर की बहने क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रही ? समाचार लिखे जाने तक प्रतियोगिता में 11 स्वर्ण 6 सिल्वर तथा 6 ब्रोंज कुल 23 पदकों के साथ राजकमल धनबाद विद्यालय सबसे आगे चल रहा है। सिसई आश्रम 5 स्वर्ण एक सिल्वर तथा दो ब्रोंज कुल आठ पदकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। वही 4 स्वर्ण 1 सिल्वर तथा 2 ब्रोंज कुल 7 पदकों के साथ बाघमारा विद्यालय तृतीय स्थान पर है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला दो स्वर्ण एक सिलवर तथा 4 ब्रोंज कुल 7 पदक प्राप्त हुआ है। सभी विजेता प्रतिभागियों को क्षेत्रीय सचिव नकुल शर्मा, विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी , क्षेत्रीय तथा प्रांतीय खेल प्रमुख सुरेश मंडल, गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ,पलामू विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल, गुमला के प्रतिष्ठित व्यवसाई तथा सामाजिक कार्यकर्ता पदम साहू, संयोजक अमृत कुमार मेटे विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा तथा पूर्व छात्र परिषद के भैया मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## प्रत्येक सप्ताह बनेगा विकलांगता का प्रमाण पत्र

**कुडू – लोहारदगा।** दिव्यांगों के लिए स्वास्थ विभाग की तरफ बनाए जाने वाले दिव्यांग प्रमाण के लिए अब सिविल सर्जन कार्यालय लोहरदगा में सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी कुडू सीओ प्रवीण सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि जिले में दिव्यांगो को बेवजह की भागदौड़ से लेकर समय की बचत को ध्यान में रख कर यह व्यवस्था लागू की गई है। गौर तलब है कि मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र उस व्यक्ति को केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार द्वारा यथा लागू ऐसी शर्तों के अध्याधीन सरकारों अथवा गैर सरकारी संगठनों की स्कीमों के अंतर्गत उपलब्धक सुविधाओं, रियायतों और लाभों हेतु आवेदन करने हेतु इसकी आवश्यकता पड़ती है।

## ग्रामीण विकास विभाग का अनुसमर्थन दल ने योजनाओं का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के डाडी. पंचायत अंतर्गत रामाटोली में राज्य स्तरीय अनुसमर्थन दल ने मनरेगा के तहत सिंचाई कूप, आम बागवानी, ट्रेंच कम बंड के कार्यों का निरीक्षण किया और गुणवत्ता परखी। इसके साथ साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए आवासों का भी उन्होंने निरीक्षण किया। अनुसमर्थन दल ने ककरिया पंचायत के डुरु गांव में अमृत सरोवर योजना का भी निरीक्षण किया। अनुसमर्थन दल ने योजनाओं की गुणवत्ता और लाभुकों को मिली लाभ का भी निरीक्षण कर गुणवत्ता का आकलन किया। अनुसमर्थन दल में शामिल ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव चंद्रभूषण, राज्य प्लानिंग हेड राजीव कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी दिनेश उरांव तथा जिला परियोजना पदाधिकारी ऋतुराज ने अलग-अलग गांवों में घुमकर योजनाओं की गुणवत्ता को परखा और संतोष व्यक्त किया।



इस मौके पर लापुंग के प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा और मनरेगा के बीपीओ मो इम्तियाज ने अनुसमर्थन दल को बताया कि लापुंग प्रखंड में मनरेगा पार्क सहित विभिन्न योजनाओं में ?पूरी पारदर्शिता बरती गई है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड के प्रमुख कंचन उरांव, मुखिया सुमिला मिंज, समाजसेवी मनोज कुमार साहु सहित कनीय अभियंता साकेत कुमार गिरी, इंद्रजीत कुमार यादव, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

### पूजा-पंडाल में विधि व्यवस्था की कमान संभालेंगे स्काउट गाइड

## सेवा कार्य करने से आत्मविश्वास मजबूत होता है : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भारत स्काउट और गाइड को सदैव सामाजिक सरोकार से जुड़ने की जरूरत है। उक्त बातें डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शहर के बक्सीडीपा उपनगरीय क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन में भारत स्काउट और गाइड से जुड़े स्काउट एवं गाइड को संबोधित करते हुए कहा। डीसी श्री कृष्ण ने कहा की आज के इस परिवेश में शैक्षणिक कार्य के अलावा अन्य गतिविधि भी छात्र जीवन में करना चाहिए। सेवा कार्य करने से आत्मविश्वास मजबूत होता है। एसपी आर रामकुमार ने कहा की प्रशिक्षण में आए छात्र का अनुशासन में रहना बड़े गर्व की बात है। स्काउटिंग गाइडिंग का यही मूल मंत्र है। आप सभी को दुर्गा



पूजा महोत्सव के दौरान पंडाल के समीप यातायात नियंत्रण के साथ अन्य जिम्मेदारियां दी जाएंगी। प्रशंसनीय कार्य करने वाले भारत स्काउट और गाइड के छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने प्रशिक्षण में मिले दायित्व को आत्मसात करने की बात कही। एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह एवं डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने भी भारत स्काउट गाइड के बच्चों को कर्तव्य के दौरान होने वाले दायित्व से अवगत कराया। सार्जेंट मेजर सुरेश चंद्र ओझा और ट्रैफिक प्रभारी संतोष यादव के द्वारा स्काउट गाइड को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन के द्वारा स्काउट प्रार्थना से किया गया। कार्यक्रम का संचालन भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन ने किया ।

## डांडिया नाइट में जम कर झूमी महिलाएं

**लोहरदगा।** शारदीय नवरात्र में नारी शक्ति का आह्वान करते हुए केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने शहर के अग्रसेन भवन में डांडिया नाइट प्रोग्राम का आयोजन किया। जिसमें सभी महिलाएं गुजराती, पंजाबी ,सहित विभिन्न गानों की धून पर अपनी प्रस्तुति दी।सभी बड़ी खुशी और मस्ती भरे वातावरण में आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत समिति अध्यक्ष इंद्रजित लकडा, सुषमा सिंह ,इंदिरा प्रधान, नविता महतो, सुमन कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। मोके पर जय श्री राम समिति के संरक्षक सुषमा सिंह, महिला थाना प्रभारी लोहरदगा नविता महतो रश्मि अग्रवाल, रागनी केसरी, अर्चना राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में रांची से आए श्री नटराज मित्र मंडल के कलाकारों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

## शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं का खाता खोलने को लेकर मुख्यमंत्री कृत संकल्पित : मुन्ना

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्कूली छात्र छात्राओं तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शत प्रतिशत बच्चों का बैंक में खाता खोलने के प्रति कृत संकल्पित हैं। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के देवगांव और लतरातु पंचायत के छात्र छात्राओं के लिए बैंक खाता से संबंधित कैंप के दौरान झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना बडाईक ने कही। बैंक खाता से वंचित लापुंग प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के छात्र छात्राओं के लिए बैंक में खाता खोलने के लिए सरसा संकुल संसाधन केंद्र राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा में एचडीएफसी बैंक के द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान विभिन्न विद्यालयों के 120 छात्र छात्राओं का खाता खोलने



के लिए आवेदन और दस्तावेज लिया गया। इस दौरान कैंप का झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना बडाईक और अनिल अशोक मिंज ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर कैंप का निरीक्षण किया और उन्होंने खाता खोलने की प्रक्रिया देखी। इस मौके पर 1 दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों ने शिकायत किया कि बच्चों के अभिभावक के अनपढ़ रहने के कारण उन्हें खाता खोलने से वंचित कर दिया गया। ऐसे में हम क्या करें? ग्रामीणों की शिकायत पर मुन्ना बडाईक ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के झारखंड सरकार के मंत्री जगरनाथ महतो के नीजि सचिव से मामले की जानकारी देते हुए बैंक के अधिकारियों से वार्ता कर ऐसे भी छात्र-छात्राओं का खाता खोलने का मार्ग प्रशस्त करें। कैंप के दौरान सीआरपी अजीत कुमार सिंह, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा के प्रभारी प्रधानाध्यापक बहादुर उरांव, लाल सुजीत शाहदेव, सुनील कुमार नायक, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सकरपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक मंगल खलखो सहित कई लोगों ने कैंप को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद युवा कार्य विभाग के निदेर्शानुसार पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा, कार्यक्रम के तहत डीसी आर रॉनिटा के निर्देश से जिला में एनसीसी और एन एसएस के सदस्यों के द्वारा स्कूल कॉलेजों में स्वच्छता अभियान और वृक्षा रोपण कर लोगों को जागरूक किया गया। जिसके तहत एस एस प्लस उच्च विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न स्कूलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया साथ ही वृक्षरोपण किया गया। बताया गया पर्यटन विभाग द्वारा 16 सितंबर से 30 सितम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिला के सभी पर्यटक स्थलों के साथ अपने गांव घर को साफ सुथरा रखना है। मौके पर सत्यजीत कुमार एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय के



एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर सत्यजीत कुमार, पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज के प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर के अलावा एनसीसी कैडेट्स -साद कैसर, राज नायक, रोजन मांझी, अल्बर्ट तिर्की, साजिद कुल्लू, अबू जैद, धीरज कुमार, नित्यानंद प्रधान, दिलबर कछुआ, संजू महतो, कुलदीप केरकेट्टा, विष्णु अहीर, राहुल मांझी, अरविंद नायक उपस्थित थे।

## यूथ कंबीनेशन के प्रांगण में होगा डांडिया महोत्सव का आयोजन

**सिमडेगा।** गुलजार गली यूथ कंबीनेशन के प्रांगण में गरबा एवं डांडिया महोत्सव का आयोजन होगा। प्रदीप केसरी ने बताया कि पिछले दस दिनों से अपर्णा होटल में बाहर से आए प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें दर्जनों महिलाएं और बच्चियों में काफी उत्साह के साथ गरबा नृत्य सीख रही है। आयोजन को सफल बनाने में समिति के भोला केसरी, मनीष साहू, क्रिता देवी की सक्रिय भूमिका है। वहीं प्रशिक्षक कंठ की मुख्य भूमिका है। समिति के भोला केसरी ने बताया की दो ग्रुप महिलाओं का है और तीन ग्रुप बच्चियों का है। उन्होने बताया कि महोत्सव का आयोजन महानवमी के शाम सात बजे से शुरू होगी। उन्होने पर्व के शुभ अवसर पर गरबा डांडिया महोत्सव मैं अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को भाग लेने की अपील की है।

### जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल में प्रथम सावधिक परीक्षाफल व प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित

## हिंदी दिवस पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विद्या वनस्थली शिक्षा समिति सिमडेगा द्वारा संचालित जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा के सभागार में गुरुवार को प्रथम सावधिक परीक्षाफल वितरण शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्या के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अभिभावकों का स्वागत करते हुए किया गया। सर्वप्रथम बच्चों का सतत मूल्यांकन संबंधित चर्चा की गई, जिसमें कुछ बच्चों का प्रगति अपेक्षाकृत कम पाया गया उन्हें विशेष ध्यान देने के लिए अभिभावकों को निर्देशित किया गया। वही हिंदी दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। जिसके पश्चात जिन बच्चों का विद्यालय में उपस्थिति 99% से ऊपर रहा उन्हें भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा फल



वितरण करते हुए कक्षा श्रेष्ठ के रूप में प्री नर्सरी के आयांश 78.8%, नर्सरी के नैतिक 92.8%, एलकेजी की अभिश्री 97.8%, यूकेजी के रेहान 96%, कक्षा एक की कसफ 90.7%, कक्षा दो की अवनी 91.3%, कक्षा 3 की अनामिका 83.9%, कक्षा 4 की फेबी 65.7%, कक्षा पांच के अभिजीत 69.1% को घोषित किया गया। जिसमें नैतिक, अभिश्री, रेहान, कसफ, अवनी को 75% अनामिका को 60% तथा आयांश को 40% की छात्रवृत्ति संस्थान की ओर से कक्षा श्रेष्ठ बनने पर विद्यालय के प्राचार्या के द्वारा उनके नामों की घोषणा की गई। इन बच्चों को अगले 6 महीने तक उनके मासिक शुल्क पर प्रतिशत के अनुसार छूट दी जाएगी। तत्पश्चात दुर्गा पूजा की छुट्टी पर गृह कार्य हेतु कक्षा अनुसार मिट्टी से बने हुए सामान तथा संग्रह करने के लिए बच्चों को कक्षावार निर्देशित किया गया। आज के समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, विद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्यगण तथा अभिभावकों की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुई । कार्यक्रम का समापन जन गण मन के साथ विद्यालय की वरिष्ट शिक्षिका लता कुजूर ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

## ट्रांसफॉर्मर व बिजली बिल की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**केरसई।** केरसई प्रखंड के पहारसाड़ा गांव में नये ट्रांसफार्मर की माँग एवं बिजली बिल को लेकर गुरुवार को एक बैठक रखा गया।जिसमें बिजली विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द नये ट्रांस फार्मर की माँग की गयी।साथ ही बिजली बिल की भुगतान हेतू बाघडेगा पंचायत में या पहारसाड़ा गांव में महीने में एक दिन का कैंप आयोजन करने के लिए मांग किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि वज्रपात से 25 जुलाई को ट्रान्सफार्मर खराब हो गया तब से,पहारसाड़ा गांव के लोग अंधकार में रहने पर मजबूर हैं और इसकी सूचना विजली विभाग में दे दी गयी है लेकिन अब तक गांव वालों को नया ट्रान्सफार्मर उप्लब्ध नही कराया गया है। और तो और उसके बावजूद ग्रामीणों के बीच बड़ी रकम की बिजली बिल



थमा दी जाती है एवं बिजली बिल का भुगतान लेने भी कोई नही आता है।इससे ग्रामीण काफी परेशान है और असमंजस की स्थिति में हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्रामीणों को सुचारु ढंग से बिजली की आपूर्ति की जाये और बिजली बिल का भुगतान हेतू कैम्प का आयोजन किया जाय,अन्यथा हमेसा के लिए बिजली को काट दिया जाय।जिससे की हम सभी ग्रामीण निश्चित रहेंगे और किसी तरह की ऊहापोह की जिन्दगी न जीना पड़े।

## न्यूज गैलरी

### क्रूरता पूर्वक लोड कर मवेशियों को ले जा रहा पिकअप वैन जब्त



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा पुलिस गुरुवार को अहले सुबह पांच बजे गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्रान्तर्गत अपना ढाबा जीटी रोड के पास वाहन चेकिंग कर रही थी तभी पिकअप गाड़ी नंबर डब्ल्यूबी 37डी-9124 के चालक अपनी गाड़ी को तेजी से भगाते हुए चेकिंग स्थल से आगे ले गया। तत्पश्चात उक्त गाड़ी का पीछा किया गया तो गाड़ी के चालक अपनी गाड़ी को बरदोही पूल से पहले जीटी रोड पर छोड़कर भागने लगा जिसे पकड़ने का प्रयास किया गया परन्तु चालक भागने में सफल हो गया। पकड़ाये पिकअप गाड़ी की तलाशी ली गयी तो उसमें कुल 08 मवेशी क्रूरतापूर्वक लोड थे जिसे विधिवत जब्त कर थाना लाया गया। इस सम्बंध में बरकट्ठा थाना कांड संख्या-164/22 के पिकअप गाड़ी चालक, मालिक एवं व्यापारी के विरुद्ध कांड अंकित किया गया है। उक्त सूचना थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### वांटेड अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बरही।** कांड संख्या 96/2016 के फरार अपराधी को बरही पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार किया गया अपराधी मुन्ना साव पिता स्व किसुन साव करसो का रहने वाला है। जिसके ऊपर जमीनी विवाद में मारपीट से संबंधित मामला दर्ज था। जो पिछले 6 वर्षो से फरार था। जो कि पुलिस के लिए यह मोस्ट वांटेड अपराधी था।

### पोकलेन मशीन पर भारी-भरकम पत्थर गिरने से प्रवासी मजदूर की मौत



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठाडीह निवासी प्रदीप कुमार 22 वर्ष, पिता लिलो साव का शव पहुंचते ही क्षेत्र में मातम पसर गया व हर किसी की आंखें नम हो गई। परिजन जहां दशहरा की खुशियां मनाने की सोच रहे थे वहीं सारी खुशियां मातम में बदल गई। खबर पाते ही पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी व पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। लोगों के मुताबिक मृतक प्रदीप कुमार कर्नाटक के बेल्लारी में पोकलेन मशीन चलाता था। ड्यूटी के दौरान सोमवार को मशीन पर भारी भरकम पत्थर गिर जाने के कारण उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक अपने घर का अकेला कमाने वाला व्यक्ति था जिसपर सभी परिजन आश्रित थे। उनके निधन से परिजनों पर मुसीबत का पहाड़ टूट गया है तथा परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर उपस्थित बसंत साव ने कहा कि झारखंड में खनिजों का भंडार पड़ा है लेकिन झारखंड सरकार की ओछी राजनीति के कारण झारखंड के मजदूर दूसरे राज्यों में पलायन को विवश हैं। ज्ञात हो एक सप्ताह में दो प्रवासी मजदूरों का शव बरकट्ठा पहुंचने से क्षेत्र में मायूसी का माहौल व्याप्त है। बीते दिनों प्रवासी मजदूर काशु यादव की मौत हैदराबाद में हो गई थी मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, रामखेलावन यादव, यशवंत यादव, इंद्रदेव साव, श्यामसुंदर यादव, सुरेश राम, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मधु दास, सहदेव यादव, शंभु साव, बालकृष्ण साव, केदार राणा समेत कई लोग उपस्थित थे।

### नवरात्र के चौथे दिन की गयी मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना



**बरकट्ठा।** नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा देवी की पूजा बरकट्ठा जीटी रोड स्थित दुर्गा मंदिर के साथ-साथ दुर्गा मंदिर बंडासिंगा, दुर्गा मंदिर बेल कप्पी व आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ किया गया। दुर्गा मंदिर बरकट्ठा के मुख्य पुजारी शिवकांत पांडेय ने बताया कि मां कुष्मांडा देवी की पूजा अर्चना करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। शास्त्रों के अनुसार कुष्मांडा ब्रह्मांड की निर्माता है और वह ऊर्जा का स्रोत है। कहा कि मां की कृपा से अलौकिक वस्तुओं का दर्शन मिलता है दुर्गा मंदिर के बगल के निवासी मदनलाल गुप्ता ने बताया कि दुर्गा मां की पूजा 1922 ई0 से ही हो रही है। इस निमित्त समिति के लोग व श्रद्धालु सौ साल पूर्ण होने का जश्न भी मना रहे हैं। बताया कि शुरुआत में मिट्टी का मंडप व दुर्गा प्रतिमा की पूजा की शुरूआत हुई थी इसके बाद निरंतर पूजा होती रही है। अब मंदिर को आधुनिक एवं आकर्षक बना दिया गया है तथा दुर्गा की प्रतिमा 15 फीट ऊंचे स्थान पर रखी जाती है। वही पूजा अर्चना हेतु नवरात्र के प्रथम दिन से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। संध्याकाल में कई महिलाएं दीप जलाने मंदिर में आती हैं तथा मां का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। वही मंदिर के पुजारी चंद्रिका पांडेय ने बताया कि लोगों की इस मंदिर से अत्यधिक आस्था जुड़ी हुई है। लोग कोई भी मंगल कार्य करने से पहले इस मंदिर में पूजा अर्चना अवश्य करते हैं।

---

उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक सम्पन्न, कहा

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों का अनुज्ञप्ति निरस्त करने का दिया निर्देश

■ सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लाने पर हुई चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक समाहरणालय सभागार में उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा मानकों के अनुपालन के संदर्भ में चर्चा की गई। गुरुवार को आयोजित मासिक बैठक में उपायुक्त के अलावा जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विद्या भूषण कुमार, प्रशिक्षु समाहर्ता शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन के अलावा विभिन्न सड़क सुरक्षा समिति के अधिकारी व सदस्य मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा मानकों के उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के चालकों निरंत्रण के लिए निरंतर चेकिंग कर दंडात्मक अभियान चलाएं। चेकिंग अभियान में वाहनों के कागजातो के साथ साथ यातायात सुरक्षा मानकों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों, शराब पीकर वाहन चालकों की जांच के लिए ब्रेथ एनलाइजर का उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। आर्थिक जुर्माना के तहत दंडात्मक कार्रवाई के साथ ही बार-बार यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले चालकों का अनुज्ञप्ति निरस्त करने की निर्देश दिया। इस क्रम में प्रभावी तरीके से अभियान में पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य, सहित सड़क निर्माण विभागों को भी आपसी तालमेल से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सामान्य लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास करें। सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा दुर्घटना स्थलों की जांच समेकित टीम के साथ करें। घटनास्थल का निरीक्षण कर संयुक्त प्रतिवेदन कर तकनीकी पक्ष को दुरुस्त करने की कार्रवाई करें ताकि भविष्य में दुर्घटना को रोका जा सके। दुर्घटना स्थल निरीक्षण में स्थानीय पुलिस, सीओ, जनप्रतिनिधि को भी उपस्थिति रहे यह सुनिश्चित कराने को कहा।दुर्घटना संभावित, निमाणाधीन पुल पुलिया सड़क साइट पर संवेदक को सुरक्षात्मक संकेत लगाने के लिए निर्देशित किया गया।

---

## एनएचएआई टीम ने इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी संग किया बरही के प्रमुख मार्गो का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

बरही। सड़क सुरक्षा को लेकर एनएचएआई के टीम के द्वारा जीटी रोड सहित मुख्य मार्गो का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में दल के साथ मुख्य रूप से पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार भी मौजूद रहे। टीम बरही के प्रमुख मार्गो के विभिन्न दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी के द्वारा दल को कई सुझाव भी दिये गए। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा धनबाद रोड स्थित डीएवी मोड़, करियातपुर, बरसोत, रसोईया धमना, बरही बाजार आदि स्थानो पर स्पीड सेफ्टी ब्रेकर सहित जिग जैग मार्किंग इत्यादि व्यवस्था करने की बात कहीं गई। जिसे एनएचएआई दल के द्वारा भी अतिशीघ्र करवाने की बात कही गई।

**बाजार से ऑटो पार्किंग हटाये जाएंगे :** दुर्गा पूजा को लेकर बरही बाजार में लग रहे जाम को लेकर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने बताया कि पूजा को लेकर बाजार क्षेत्र से ऑटो पार्किंग हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑटो वाले बाजार में जैसे तैसे ऑटो लगाकर यातायात व्यवस्था बाधित कर देते है। जिससे आवागमन में असुविधा होते है। इसके लिए शीघ्र ही बाजार क्षेत्र से पार्किंग हटाया जाएगा। इसके साथ ही आम लोगों से भी ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त बनाने में प्रशासन से सहयोग की अपील किया है।

---

हृदय दिवस पर सहिया सहित स्वास्थ्य कर्मियों को मिला महत्वपूर्ण जानकारी

## अव्यवस्थित दिनचर्या, तनाव, गलत खान-पान व प्रदूषण आदि हृदय रोग के मुख्य कारण : डीएस



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** हृदय दिवस पर अनुमंडलीय अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के द्वारा सहिया एवं स्वास्थ्य कर्मियों कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में अव्यवस्थित दिनचर्या, तनाव, गलत खान-पान व प्रदूषण आदि के कारण हृदय रोगियों की संख्या बढ़ी हैं। छोटी उम्र से लेकर बुजर्गों तक में हृदय से जुड़ी समस्याएं देखे जा रहे है। विश्व मे औसतन एक कड़ोड लोगो की मौत सिर्फ हृदय रोग से हो रहे है, जिसमें 50 फीसदी लोग अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। 29 सितम्बर 2014 से प्रारम्भ हुए विश्व हृदय दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगो को इससे बचने के उपाय एवं जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएं भी हृदय रोगों को जन्म देती है। इसके लिए नियमित व्यायाम, सुबह और शाम का सैर, भोजन में नमक और वसा की कम मात्रा का प्रयोग और ताजे फल और सब्जियों को सेवन अनिवार्य है। मौके पर बीपीएम नारायण राम, विनय कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, विजेंद्र कुमार, नरेश प्रजापति आदि सहित कई स्वास्थ्य कर्मी एवं सहिया उपस्थित थे।

---

## पुलिस व एटीएस की टीम ने अमन श्रीवास्तव गिरोह के शूटर को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** एसपी कार्यालय में 29 सितंबर को एसपी पीयूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि विगत दिनो सूचना मिली थी की मांडू थाना मांडू थाना (वेस्ट बोकरो ओपी) कांड संख्या 263/2021, दिनांक 27-11-2021 का फरार अभियुक्त कुमार शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा उर्फ राजू शर्मा जो अमन श्रीवास्तव गिरोह का शूटर है। बिहार पटना में किसी गुप्त स्थान पर रह रहा है। बताया कि सूचना के आधर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम तथा एटीएस रांची की टीम मामले की जांच के लिए 28 सितंबर को पटना रवाना हुई। मामले की जांच के क्रम में बिहार के संभावित स्थानों पर अपराधी की धर पकड़ के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। उसी क्रम में एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम कुमार शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा उर्फ राजू शर्मा पिता अमन कुमार ईश्वर, साकिन शिवरी, थाना चिरिया, जिला बेगुसराय बिहार बताया। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा रामगढ़ लाया गया। एसपी ने जानकारी दी कि अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान खुद को अमन श्रीवास्तव गुट का शूटर बताया। साथ ही मांडू थाना (वेस्ट बोकरो ओपी) कांड संख्या 263/2021 एवं पतरातू थाना कांड संख्या 35/2021 में शामिल होने की बात स्वीकारी। इसके अतिरिक्त अभियुक्त ने गिरोह के लिए रामगढ़, पतरातू और खेलारी में कई घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की। एसपी श्री पांडे ने बताया की अभियुक्त के पास से पुलिस ने 3 मोबाइल, एटीएम विजा कार्ड बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त कुमार शिवेद्र का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि अभियुक्त पर मांडू थाना कांड संख्या 263/2021, दिनांक 27,11, 2021, पतरातू थाना कांड संख्या 35/2021, दिनांक 04-03-2021, लालपुर थाना कांड संख्या 363/2016, दिनांक 19-11-2016, घोसी थाना कांड संख्या 229/216, दिनांक 13-12-2016 सहित कई मामले दर्ज हैं। अभियुक्त को पकड़ने के लिए गठित छापेमारी दल में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, पुनि संजय कुमार गुप्ता, पुअनि नवीन कुमार, आरक्षी अनिस खान, कार्तिक करमाली एवं एटीएस रांची की टीम के सदस्य शामिल थे।

---

## दो अलग-अलग हुए सड़क दुर्घटना में तीन बाईक सवार घायल, रेफर



**बरही।** गुरुवार की दोपहर पटना रोड स्थित कोबरा वाहिनी गेट सामने एनएच पर गिरकर दो बाईक सवार पूरी तरह जख्मी होकर सड़क पर गिर गए। जिन्हें कोबरा के सब इंस्पेक्टर सह पीआरओ पंकज कुमार व वाहिनी के जवानों की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की पहचान गौरियाकरमा निवासी 23 वर्षीय नीतीश कुमार पिता जी पी राम तथा रवि कुमार (23 वर्ष) पिता रविन्द्र राम के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना की मुख्य वजह वारिस में तीव्र गति से बाईक का चलाना बताया जा रहा है। वही दूसरी घटना रसोईया धमना मोड़ की है। जिसमे छोटकी बरही निवासी ईश्वर साव के 23 वर्षीय पुत्र विरेन्द्र कुमार बाईक दुर्घटना में घायल हो गया। जिन्हें अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। तीनो को प्राथमिक ईलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। बताया गया कि बाइक सवारों के पास हेलमेट नहीं था, अन्यथा गंभीर दुर्घटनाओ से बचा जा सकता था। गौरतलब है कि इन दिनों होने वाली बाईक दुर्घटना में अधिकांश 20 से 25 वर्ष के युवा देखे जा रहे हैं। जिसका मुख्य कारण मोबाइल और तीव्र गति से बाईक चलना सामने आ रहा है। ऐसे में अभिभावकों को भी बच्चो के अनियंत्रित बाईक सवारी पर रोक लगानी चाहिए एवं युवकों को भी बाईक सवारी करते समय पूरी सावधानी बरतने की आवश्यकता है मसलन हेलमेट लगाना, नियंत्रित गति में बाईक चलाना, बाईक चलाते समय मोबाइल का प्रयोग से परहेज करना आदि जैसे मूलभूत बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

---

भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित

## पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर कार्यकर्ता दें ध्यान : कर्मवीर




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में गुरुवार को पार्टी जिला कार्यसमिति बैठक जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि का जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, सह प्रभारी राकेश शर्मा, आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू ने संयुक्त रूप से कर्मवीर सिंह को मां छिन्नमस्तिके का प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका उत्साह के साथ अभिवादन किया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष ने विषय प्रवेश कराया। उसके उपरांत संगठन महामंत्री ने परिचयात्मक बैठक बिल्कुल अलग ढंग से लिया। इस क्रम में उन्होंने एक एक कर सभी पदाधिकारियों का नाम पुकारते हुए उनसे उनकी व्यक्तिगत जानकारी ली। साथ हीं बूथ को मजबूत करने के संबंध में पार्टी सदस्यों को उन्होंने तरीके बताए। मंच संचालन रंजन फौजी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश प्रसाद, उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नारायण चंद्र भौमिक, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, अमरेंद्र गुप्ता, रंजीत सिन्हा, इलरानी पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, बलराम महतो, आनंद बेदिया, स्नेहलता चौधरी, किरण देवी, राजू कुशवाहा, संजीव बावला, वासुध तिवारी, रमेश वर्मा, दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष दीनदयाल साहू, रंजीत पांडे, चंद्रशेखर चौधरी, महेंद्र प्रजापति, शिवकुमार महतो, लक्ष्मी देवी,अमिता सोनी, सैय्यद किरमानी, मनोज गिरी, गणेश प्रसाद, पीएन सिंह, राजेंद्र महतो, शंभुलाल ठाकुर, अवितेश सिंह, कुमेल उरांव, विनोद राम, सन्नी कुशवाहा, नमेंद्र चंचल, सुधान सिंह, विजय जायसवाल, सुमन सिंह, रविंद्र शर्मा, संजय सिंह, संतराज पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

### बैंक से पैसा निकालने आई महिला से एटीएम छीनकर फरार

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से एक महिला पैसा निकालने आई थी। एटीएम से पैसा निकालने के दौरान एक अज्ञात युवक एटीएम छीनकर भाग गया। महिला ने बताया कि पैसा निकालने के लिए बैंक ऑफ इंडिया आए थे, एटीएम से पैसा निकालने के दौरान अचानक एक युवक आया और एटीएम छीनकर भाग गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद थाना प्रभारी इंदु भूषण दल बल के साथ पहुंचे। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### बेहतर कार्य के लिए बीमा सलाहकार हुए सम्मानित



**बरही।** भारतीय जीवन बीमा के सीनियर बीमा सलाहकार चन्द्रदीप कुमार सिन्हा को बरही एसओ शाखा प्रबंधक संजय कुमार दास के द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके बेहतर कार्य एवं नई पॉलिसी के लिए दिया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक ने उनका हौसला अफजाई करते हुए बीमा क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। सम्मान प्राप्त किए बीमा सलाहकार ने बताया कि एलआईसी का एकमात्र उद्देश्य लोगो को सुराक्षित रखना है। जो जीवन के बाद भी और जीवन के पहले भी सुरक्षा प्रदान करता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपना जीवन बीमा अवश्य करवानी चाहिए। गुरुवार को एलआईसी के कई महत्वपूर्ण छोटे बड़े बीमा है जो सभी प्रकार के लोगो के लिए उपर्युक्त है। उन्होंने बतौर सलाह लोगों से अपील किया कि बीमा कराने के पूर्व एक बार अनुभवी बीमा सलाहकार से अवश्य संपर्क करे।

### जुआ खेलते छह व्यक्तियों को तिलैया पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना पर जुआ खेलते छलोगों को गिरफ्तार किया गया। सूचना मिली थी कि ग्राम मड़ुआटाँड़ में महेंद्र यादव (पिता स्वर्गीय भातु यादव) के मकान के बगल में मंदिर के पास महेंद्र यादव एवं विजय यादव के नेतृत्व में जुआ का संचालन किया जा रहा है एवं अन्य लोगों को जुआ खेलने के लिए उत्प्रेरित किया जा रहा है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के क्रम में पुअनि लव कुमार, सअनि नरेन्द्र कुमार सिंह एवं तिलैया थाना सशस्त्र बल एवं पैंथर बल के द्वारा महेंद्र यादव के घर के बगल के मंदिर के पास से कुल 6 व्यक्ति को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। महेंद्र यादव पिता स्वर्गीय भातु यादव साकिन मड़ुआटाँड़ थाना तिलैया जिला कोडरमा भागने में सफल रहा। पकड़े गए कुल 6 व्यक्तियों के पास से एवं जुआ स्थल से कुल मिलाकर नगद 2830 एवं 4 गड्डी ताश को जप्त किया गया।

### पाठ्य सहगामी क्रिया कलाप के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन




**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित प्लस-टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के अंतर्गत छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जुनियर वर्ग के लिए फ्राग रेस, लंगड़ी दौड़, बेलुन दौड़ आदि को कक्षा स्तर पर कराया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों में जीत की भावना जागृत होती है। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल खेल में शिक्षण से बच्चों में सीखने की क्षमता बढ़ती है। इस प्रक्रिया से छात्र अपने लक्ष्य को जल्द ही प्राप्त कर लेता है। पुरस्कृत छात्र-छात्राओं में विशाल कुमार, आयुष पंडित, कृष्णा कुमार, पीहू कुमारी, सागर कुमार, आर्यन शुधांशु,,पवन,रोहित कुमार, ओम कुमार, आरोही कुमारी, आदित्य राज, श्रीष्टी कुमारी, अनमोल, रीमि राज आदि छात्र-छात्राएं शामिल थे। बच्चों को सम्मानित करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं में काशीनाथ महतो, पुनम कुमारी, सुलेखा मोदी, रीता मुर्मू, राधा देवी अलिशाबा टुडू, समेत अन्य लोग थे।सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, गोला का सम्मेलन सम्पन्न

# आंदोलनकारियों को चिन्हित करने की दिशा में पूर्ण न्याय होगा : भुवनेश्वर महतो

■ 10 नवम्बर को झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र का सम्मान समारोह में हेमंत को सम्मानित किया जाएगा

■ जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने की वकालत




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, गोला प्रखंड, रामगढ़ जिला के तत्वावधान में गुरुवार को किसान सभागार में एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में चिन्हितीकरण का कार्य तेज गति से करने, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए अलग राज्य गठन की तिथि से सामान रूप से राजकीय मान-सम्मान, पेंशन, नियोजन व पहचान देने की मांग की गई। साथ ही 10 नवम्बर 2022 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र का सम्मान देने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो ने दिशुम गुरु शिबू सोरन के क्रांति भूमि को नमन करते हुए कहा कि आंदोलनकारियों को चिन्हित करने की दिशा में पूर्ण न्याय होगा। एक-एक आंदोलनकारी का चिन्हितीकरण का होगा कोई छूटेगा नहीं। जेल जाने की बाध्यता समाप्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि अपनी पहचान के लिए झारखंड आंदोलनकारियों ने शोषण, जुल्म, आत्याचर, दमन के खिलाफ संघर्ष ही नहीं शहादत देकर अलग राज्य बनाए है, झारखंड आंदोलनकरियों की मन की आज सुनी जानी चाहिए, उनकी आवाज को प्रतिपक्ष के द्वारा दबाने की कोशिश की जाते रही है। विशिष्ट अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि अलग राज्य में झारखंड आंदोलनकारियों को आज राजकीय मान-सम्मान व पहचान के लिए लड़ना पड़ रहा है यह दुर्भाग्य की बात है। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उपर राजनीतिक रूप से खतरा हुआ तो उन्होंने स्वयं को झारखंड आंदोलनकारी का पुत्र कह कर दुनिया को आंदोलनकारियों की ताकत का एहसास करा हमें गौरवान्वित किया है।इसलिए राज्य के स्थापना दिवस के पूर्व' 10 नवम्बर 2022 को झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र सम्मान समारोह कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सम्मानित किया जाएगा।साथ ही आयोग के अध्यक्ष दुर्गा उरांव,सदस्य भुवनेश्वर महतो व नरसिंह मुर्मू तथा जेएमएम के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो व माले के विधायक विनोद कुमार सिंह को सम्मानित किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अर्जुन राम ने कहा कि झारखंड आंदोलन के लिए लंबा संघर्ष के बल पर हुआ हैं। अपने संघर्ष को भूले नहीं और झारखंड में अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए तैयार रहे।अपनी सेवा के द्वारा सदस्य भुवनेश्वर महतो आयोग के माध्यम से सभी आंदोलनकारियों को कृतार्थ करें। रामगढ़ के जिला संयोजक जगत महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों से ही झारखंड व झारखंडियों की पहचान है, हम पहचान को मिटने नहीं दिया जयेगा। जरूरत पड़ी तो एक और संघर्ष किए जाएगा। केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रफुल्ल ततवा ने कहा कि लड़कर लेंगे मान सम्मान व पहचान। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास है। अध्यक्षता कार्तिक महथा, संचालन जनार्दन पाठक ने किया। मौके पर जटाधारी साहू, मंगल सिंह, जहुर अंसारी, भोला मांझी, हरिबोल महतो, सुरेन्द्र महतो, गोपी सोनी, करम राम मांझी, सोहन राम बेदिया से बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी गण उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### राज्यसभा सांसद ने किया सिटी हेल्थ केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन



**लोहरदगा।** जिले के न्यू रोड बिलाल मस्जिद के समीप सिटी हेल्थ केयर हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद कमलेश कुमार और कांग्रेसी नेता नेसार अहमद भी रहे उपस्थित। शहर के बीच स्थित सिटी हेल्थ केयर हॉस्पिटल में मरीजों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। इस अस्पताल में आईसीयू एनआईसीयू चाइल्ड केयर मदर केयर के साथ-साथ 24 घंटे इमरजेंसी सेवा उपलब्ध है। मौके पर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि जिले में इस तरह के आधुनिक फैसिलिटी से लैस हॉस्पिटल का उद्घाटन लोहरदगा के लिए बहुत गर्व की बात है। मेडिकल सेवा में लोहरदगा लगातार आगे बढ़ता जा रहा है और इस सिटी हेल्थ केयर हॉस्पिटल का आज उद्घाटन कर और यहां की चिकित्सा व्यवस्था देख मुझे बहुत हर्ष हो रहा है। उन्होंने कहा कि मरीज हॉस्पिटल में आकर अच्छी चिकित्सा लाभ ले और मैं उम्मीद करता हूं कि मरीजों को यहां अच्छा लाभ मिले और सेहतमंद होकर अपने घर को जाए। इसी में मेरी खुशी होगी। वही मौके पर सिटी हेल्थ केयर हॉस्पिटल के प्रबंधक मोहम्मद मिनहाज, वलीद अनवर, अब्दुल वारिस समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### सिमडेगा आईटीआई कॉलेज में विभिन्न ट्रेडों के लिए आज तक नामांकन जारी

**सिमडेगा।** जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मक्सीमा लकड़ा ने बताया कि जिल में सरकारी तीन आई.टी.आई. कॉलेज है। जहां विभिन्न ट्रेडो में नामांकन जारी है। 30 सितम्बर 2022 तक नामांकन होना है। नामांकन शुल्क 500 रुपए है, जो कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वापस कर दिया जाएगा। बालिका आई.टी.आई. में 43 सीट है। जिसमें इलेक्ट्रोनिक मशीन एवं हाउस किपर का सीट है। सामान्य आई.टी.आई. बालक, बालिका में इलेक्ट्रोनिक, फिटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, वायरमैन, मशीनिस्ट एवं वेल्डर का सीट है। बानो एल.डब्लू.ई. आई.टी.आई में इलेक्ट्रोनिक, फिटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, वायरमैन, मशीनिस्ट एवं वेल्डर का सीट है। इच्छुप लाभार्थी सीधे आई.टी.आई में आकर कर अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के लिए जरूरी दस्तावेज की आवश्यकता होगी, जो कि 10 एवं 12 कक्षा का मार्कशीट, एडमिट कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, कॉलेज का सी.एल.सी/एस.एल.सी. एवं दो फोटो लगेगा। नामांकन से संबंधित विस्तृत जानकारी मोबाईल नम्बर 9661940369 एवं 7250938182 से भी प्राप्त की जा सकती है।

### मेला व रावण दहन कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर किया कमिटी गठन

**सेन्हा-लोहरदगा।** हेसवे ग्राम में दुर्गा पूजा के अवसर पर विजय दशमी के दिन रावण दहन कार्यक्रम करने को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर समिति गठन किया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत हेसवे ग्राम में रामजीत यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में दुर्गा पूजा के अवसर पर हेसवे में मेला एवं विजया दशमी के दिन रावण दहन कार्यक्रम को सफल बनाने पर प्रकाश डालते हुए सुचारू रूप से संचालित को लेकर कमिटी का गठन किया गया। साथ ही मेला व रावण दहन कार्यक्रम को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। विचार विमर्श किया गया। जिसमे मेला आयोजन कमिटी सह रावण कार्यक्रम के लिये अध्यक्ष विश्वनाथ मिस्त्री, उपाध्यक्ष वासदेव उरांव, ज्योत्श कुजूर, सचिव अर्जुन मिस्त्री को बनाया गया। मौके पर त्रिलोकीनाथ सिंह, भीखराम भगत, बिनोद मुंडा, संजय उरांव, जयपाल मिस्त्री, तिवारी उरांव, रमेश मुंडा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### गांव स्तरीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का समापन

**सेन्हा/ लोहरदगा।** पशुपालन विभाग द्वारा विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था जिसका समापन गुरुवार को किया गया। समापन के अंतिम दिन अलौदी और मेंटगड़ा गांव में शिविर लगाया गया था। अलौदी में 100 किसानों को कृमि नाशक दवा मिनरल मिक्स्चर एवम लिवर के लिये टॉनिक सिरप मुफ्त में दिया गया। जिससे पशु को अनेकों तरह के विमारी से बचा जा सके। सरकार द्वारा योजनाओं का विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुये डॉक्टर रोहित ने कहा कि सरकार किसानों के लिये सब्सिडी में गाय बैल भैस बकरी सुवर मुर्गी इत्यादि अन्य तरह का पशु को प्रदान करती है उसका आप लोग लाभ उठाएं। शिविर में विभाग के संजय सिंह, कविता कुमारी सहित कृषक मौजूद थे।

### जनसंख्या समाधान फाउंडेशन महिला विंग की अध्यक्ष बनी पिंकी प्रसाद

**सिमडेगा।** सिमडेगा निवासी भाजपा नेत्री पिंकी प्रसाद को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन सिमडेगा जिला महिला विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन महिला विंग की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संप्रीति कुमारी ने इस बाबत पत्र जारी करते हुए पिंकी प्रसाद के नेतृत्व में संगठन मजबूत होने की बात कही है एवं उन्हें बधाई भी दी है। पिंकी प्रसाद के जनसंख्या समाधान फाउंडेशन महिला बैंक के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर लोगों ने बधाई दी है बधाई देने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक पूर्व मंत्री विमला प्रधान, सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह, नगर परिषद उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, दुर्गविजय सिंहदेव, दीपक पुरी, श्रद्धानंद बेसरा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सावित्री देवी, फूलसुन्दरी देवी, संतोष बामलिया, शिखा अग्रवाल सहित सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### आपसी सहयोग से ग्रामीणों ने किया देवी मंडप का जीर्णोद्धार

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा के डोका ग्राम में 10 वर्ष पूर्व देवी मंडप का जीर्णोद्धार कार्य होने के पश्चात लोग पूजा अर्चना करते आए परंतु समय बीतते ही देवी मंडप काफी जर्जर हो चुका था। जिसको लेकर ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से देवी मंडप जीर्णोद्धार कार्य में जुटे। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अंतर्गत डोका ग्राम में ग्राम प्रधान नारायण उरांव व पुजार भोला उरांव की अगुआई में ग्रामीणों ने देवी मण्डप का जीर्णोद्धार कार्य आरम्भ करने के पूर्व ग्राम में बैठक कर सर्वसम्मति से आर्थिक व शारीरिक सहयोग से जीर्णोद्धार का निर्णय लिया गया था। वहीं ग्राम प्रधान नारायण उरांव ने बताया कि देवी मंडप काफी जर्जर हो गया था। लगभग 10 वर्ष पूर्व जीर्णोद्धार किया गया था। साथ ही कहा कि दुर्गा पूजा नजदीक है। ग्रामीण महिलाएं देवी मंडप में श्रद्धा भक्ति से पूजा करती हैं। देवी मंडप जर्जर होने के कारण ग्रामीण भक्तो को पूजा करने में काफी परेशानी हो रही थी। जिसको देखते हुए ग्रामीणों के सहयोग से जीणोद्धार कार्य में हम सभी ग्रामीण जुटे हुए है। मौके पर कृष्णा साहू, महेंद्र भगत, योगेन्द्र उरांव, ईश्वर साहू, रघु लोहरा, गणेश्वर यादव, गोपाल साहू, पहल लोहरा, जगदीश लकड़ा, सिकेन्द्र उरांव, निकेश उरांव सहित सभी ग्रामीण मौजूद थे।

## डीडीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक, कहा

# केसीसी आवेदनों पर बैंक प्रबंधक सहानुभूति पूर्वक विचार करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में क्रेडिट-डेबिट अनुपात, कृषि क्षेत्र में उपलब्धि, एमएसएमई, केसीसी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुद्रा ऋण, स्वयं सहायता समूह, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। केसीसी के आवेदनों की समीक्षा में उप विकास आयुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि केसीसी आवेदनों पर बैंक प्रबंधक सहानुभूति पूर्वक विचार करें, आवेदनों को वापस लौटाते समय आवेदक का सिविल स्कोर, आवेदक का बैंक के सेवा क्षेत्र से बाहर होना और नोट वाइवल जैसी टिप्पणी से बचें और आवेदन को वापस नहीं लौटायें, जब तक कोई ठोस कारण ना हो। इस संबंध में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को भी निदेश दिया गया कि इस संबंध में एक लिखित आदेश के माध्यम से इस बात को जिला के सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को अवगत करा दें।

अन्य योजनाओं के आवेदन के बिंदु पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निदेश दिया गया कि बैंकों में भेजे गये आवेदन, निष्पादित और लंबित की समीक्षा कर लें और उसे जल्द से जल्द निष्पादित करायें। कोई भी बैंक अपने पास आवेदन लंबित नहीं रखें। बैठक में ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से इस वित्तीय वर्ष में युवक-युवतियों को दिये गये विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई। डीडीएम, नाबार्ड द्वारा ज्वाइंट लायबिलिटी ग्रुप और उसे दिये जाने वाले ऋण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, जिला उद्योग प्रबंधक नीलम केरकेट्टा, डीडीएम नाबार्ड संजय त्रिवेदी, संबंधित बैंकों के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

### डेयरी प्रोजेक्ट को लेकर ग्रामीणों से की गयी परिचर्चा

**कुडू - लोहरदगा।** जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देशानुसार आकांक्षी जिला प्रोग्राम के तहत जिले को प्राप्त अवार्ड मनी से प्रखंड के जिमा पंचायत में डेयरी प्रोजेक्ट की संभावनाओं को तलाशने एवं उसे सफल बनाने के लिए गुरुवार को प्रखंड के जिमा पंचायत भवन में ग्रामीणों परिचर्चा की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, जिला पशुपालन सह गव्य विकास पदाधिकारी डॉ अनूप, जिला सहकारिता पदाधिकारी अभय भूषण क्रांति, जिला परियोजना पदाधिकारी जेएसएलपीएस प्रकाश रंजन, बीडीओ मनोरंजन कुमार उपस्थित रहे। मौके पर डेयरी परियोजना हेतु उपयुक्त स्थल एवं अविवादित पर्याप्त भूमि की उपलब्धता, चारा उत्पादन हेतु पर्याप्त गैर मजरुवा भूमि एवं जल की उपलब्धता, चयनित स्थल से मुख्यपथ तक सम्पर्कता स्थिति, डेयरी हेतु चयनित लाभुको एवं उपस्थित ग्रामीण के रूचि एवं विचारऔर व्यक्तिगत रूप से सफल डेयरी व्यवसायी से वार्ता करने एवं पूर्व में संचालित डेयरी परियोजना के असफलता की समीक्षा करने पर परिचर्चा की गयी। कार्यक्रम में कुडू और जिमा पंचायत की मुखिया, पसस सहित सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मंत्री पुत्र समाजसेवी रोहित प्रियदर्शी ने देवस्थल पूजा प्रांगण पहुंचकर नवरात्र की दी बधाई



**लोहरदगा।** देव स्थल शांति नगर किस्को मोड़ पूजा स्थल में मंत्री पुत्र समाज सेवी रोहित प्रियदर्शी, स्थानीय विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल द्वारा देवस्थल प्रांगण आकर दुर्गा पूजन उत्सव की बधाई दी। मौके पर देवस्थल के पुरोहित आचार्य बंशीधर मिश्र के नेतृत्व में देवस्थल पूजा समिति की ओर से दोनों आगत अतिथियों का चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया गया। समाज सेवी रोहित प्रियदर्शी द्वारा देवस्थल पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं अभिभावकों से कुशल क्षेम पूछा। मंदिर परिसर का भी अवलोकन किया। उन्होंने सबों को आपसी सौहार्द एवं धूमधाम के साथ शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की पूजनोत्सव का आयोजन करने की बात कही। उन्होंने देवस्थल पहुंचकर हर्ष व्यक्त किया। मौके पर पूजा समिति के ओर से गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, बबन प्रसाद, नरेश साहू, मुंशी साहू, वैद्यनाथ प्रसाद 'गुडूस', शिव प्रसाद साहू, नीरज साहू, अरुण वर्मा, अजय भारती, अभिनाथ सिंह, पंकज गुप्ता समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### कोलकाता में बने महादेव के भव्य मंदिर का प्रारूप दिखायेगा थाना परिसर पूजा समिति





■ 45 फिट ऊंचे स्थान पर बैठे महादेव के जटाओ से बहेगी गंगा की अविरल धारा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में कोरोना के कारण दो वर्षों के बाद दुर्गा पूजा धूम धाम से मानने को लेकर तैयारी पूरे जोर शोर से शुरू हो गई है। सभी पूजा समिति इस वर्ष पूजा में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते है। भव्य पूजा पंडाल, आकर्षक प्रतिमा व विद्युत सज्जा की सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर तैयारी जोरों पर है। वहीं शहरी क्षेत्र के जय मां दुर्गा पूजा समिति थाना परिसर द्वारा इस वर्ष भी भव्य रूप से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। समिति के अध्यक्ष सुमित घोष व सचिव रोहित ओझा के नेतृत्व में समिति द्वारा भव्य पंडाल के साथ आकर्षक विद्युत सज्जा किए जाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। बताया गया कि समिति 1983 से लगातार पूजा का आयोजन करती आ रही है। वहीं इस वर्ष भी भव्य पंडाल का निर्माण और आकर्षण विद्युत सजा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पंडाल के रूप में कोलकाता में बने महादेव के विभिन्न रूपों का चमत्कारी मंदिर का प्रारूप तैयार किया जाएगा। जिसकी चौड़ाई 30 फिट व ऊंचाई 45 फिट होगी। जो काफी आकर्षक होगा। वहीं पंडाल के चोटी पर खुद महादेव उपस्थित होंगे। जिनकी जटा से गंगा की अविरल धारा बहेगी। पंडाल के अंदर स्थापित सभी देवी देवता बंगला साज में होंगे। जिसकी ऊंचाई 12 फीट होगी। वहीं झालदा के कारीगर राजू कुमार द्वारा प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र में विद्युत सज्जा कर क्षेत्र को रोशन किया जाएगा। साथ ही नवमी के दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन सब में लगभग छः लाख रुपए का बजट तय की गई है। कहा कि पंडाल परिसर और बाहर में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र, चिकित्सा, पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही समिति के सारे पदाधिकारी व सदस्य सुरक्षा और विधि व्यवस्था को सही तरीके से बनाए रखने में तत्पर रहेंगे।

## सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में नन्ही दुनिया का भव्य शुभारंभ

# छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए क्रिया आधारित शिक्षा व मातृभाषा में शिक्षण लाभकारी : शशिधर अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में गुरुवार को नन्हीं दुनिया प्ले स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समाहित करते हुए प्रारंभ किया गया। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, मां दुर्गा की पूजा अर्चना के पश्चात शिशु वाटिका नन्ही दुनिया के 12 गतिविधियां जो 8 क्रियाकलाप विद्यालय के अंदर तथा तरणताल उद्यान जंतु शाला एवं क्रीडांगण 4 गतिविधियों का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने बताया कि इस के माध्यम से भैया बहनों के अंतर्गत क्रियात्मक शोध का विकास तथा क्रियाशीलता के आधार पर सीखने की क्षमता का विकास होगा। जिसके द्वारा वह बालक अधिक शिक्षा प्राप्त कर सकेगा जो बालक के मस्तिष्क पर अमित प्रभाव छोड़ेगा। इस प्ले स्कूल में विभिन्न प्रकार के खेल सामग्रियों के माध्यम से छोटे छोटे बच्चों को उनके पाठ्यक्रम पर आधारित शिक्षा दिया जाएगा। शिशु मंदिर के नन्ही दुनिया प्ले स्कूल में क्रीडांगण, प्रयोगशाला, रंगमंच, चिड़ियाघर, उद्यान, तरणताल, कला शाला, वस्तु प्रदर्शनी, विज्ञान प्रयोगशाला, कार्यशाला, शैक्षिक व्यवस्था, आधुनिक कार्यप्रणाली पर की गई हैं। शिशु वाटिका की प्रमुख आचार्य सरिता जायसवाल ने विधिवत आठों विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बच्चों को खेल खेल के माध्यम से तथा करके सीखने बच्चों में सीखने की ललक बढ़ जाती है। शिक्षा नीति के इस नवीनतम कदम से विद्यालय एवं समाज के विकास में सहयोग मिलेगा। प्रधानाचार्य सुरेशचंद्र पांडेय ने बताया कि खेलकूद शिशुओं के स्वास्थ्य तथा शारीरिक विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से विद्यालय की ओर से बनाए गए पार्क से लाभान्वित होने का आह्वान किया। मौके पर उपाध्यक्ष विनोद राय, वनवासी कल्याण आश्रम के कृपा प्रसाद, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सदस्य शोभा जीतराम, शिव शंकर सिंह, प्रधानाचार्य संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास, इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी, विद्यालय के आचार्य नंद किशोर साहू, गणेश साहू, अशोक साहू, प्रमोद साहू, जगदीश पांडे, अशोक सिंह, महेंद्र कुमार मिश्रा, सरिता जायसवाल, सुनीता कुमारी, लक्ष्मी देवी तथा विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप की फायरिंग प्रतियोगिता में गुमला के एनसीसी कैडेट्स ने जीते नौ मेडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप की फायरिंग प्रतियोगिता में एनसीसी गुमला के कैडेट्स ने कुल नौ मेडल अपने नाम कर देश की राजधानी में अपना परचम लहराया है। गुमला जैसे छोटे कस्बे के लिए गरिमा का यह क्षण 46 झारखंड बटालियन की एनसीसी ने अपने नाम किया है। जीतने वाले कैडेट्स में चंचल कुमारी ने एक कृष्णा कुमार ने 2, प्रियम राज ने 1 व रोहन साहु ने 1 गोल्ड मेडल हासिल किया है। वहीं चंचल कुमारी को 1 तथा श्वेता कुमारी को 1 सिल्वर मेडल हासिल हुआ है। जबकि प्रियम राज को 1 व प्रतिभा कुमारी 1ब्रोंज मेडल प्राप्त हुआ। एक साथ कुल 9 मेडल हासिल करने का विशेष श्रेय 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला के कमांडिंग ऑफिसर सुदीप सिन्हा



को जाता है जिनके अथक प्रयास एवं जुझारूपन के कारण झारखंड के सुदूर जंगल में बसे गुमला जिले के गांवो के छात्र जिनके पास मूलभूत सुविधाओं की कमी होने के बावजूद कैडेट्स की ट्रेनिंग में कोई कमी नहीं आने देते हैं और नित्य विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों में कैडेट्स को मार्गदर्शन देते हैं। इस वर्ष मई महीने के पहले सप्ताह से प्री टीएससी ट्रेनिंग के नाम से बीएड कॉलेज गुमला कैंपस में कोई 100 कैडेट्स को फायरिंग की ट्रेनिंग दी गई जिसमें ग्रुप फायर और टाइमिंग फायर करवा कर 1 सप्ताह में 38 बच्चों का चयन किया गया। इन बच्चो को 1 जुलाई से 10 जुलाई तक जमशेदपुर में हो रहे टीएससी कैंप में भेजा गया। वहां पर 11 कैडेट्स का चयन 10 अगस्त से 12 सितंबर तक बरौनी में हो रहे सीएटीस कैंप के लिए किया गया। वहाँ कठिन प्रतियोगिता में हालांकि 45 कैडेट्स अपना स्थान अगले दौर के लिए नहीं बना पाए पर 46 बटालियन के 8 कैडेटस का चयन हो पाया जो कि अंततः दिल्ली में सही मौके को भुना कर 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला के लिए तमगों की झड़ी लगा दी। क्वालीफायर्स राउंड में सबसे अच्छा करने वालों में ताशा झा और वंदना कुमारी हैं जोकि दिल्ली में स्वास्थ्य समस्या के कारण भाग नहीं ले पाई।

## सिमडेगा में दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद, सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** दुर्गापूजा में सुरक्षा व्यवस्था को ले प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही है। जिले के अधिकतर पूजा पंडालो का पट सप्तमी को खुल जाएगा। पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। ऐसी स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था को ले प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी है। सभी पूजा समितियों को पंडाल परिसर में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावे प्रशासन के द्वारा भी सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखी जाएगी। सिविल ड्रेस में भी कई पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। पंडालो में अग्निशमन उपकरण, बालू से भरी बाल्टी और पानी की उपलब्धता भी निश्चत करने का निर्देश जारी किया गया है। पंडालो में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग अलग दर्शन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावे स्वागत और निकास द्वार को भी खुला और चौड़ा बनवाया गया है।

## आकांक्षी जिला प्रभारी का सिमडेगा में हुआ आगमन, विकास कार्यों का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में भारत सरकार आकांक्षी जिला प्रभारी अधिकारी कमलेश कुमार पंत का आगमन हुआ। उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रभारी अधिकारी ने आकांक्षी जिला की श्रेणी में शामिल सिमडेगा जिले के विकास कार्यों का जायजा लिया। कोलेबिरा प्रखंड के पोगलोया ग्राम में रागी प्रोसेसिंग सेन्टर का शुभारंभ किया गया, वहीं ईमली प्रोसेसिंग सेन्टर का निरीक्षण कर उत्पादन कार्य का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होने ग्रमीणों से मुखातिब हुए। उन्होने कहा कि आपके क्षेत्र में नई शुरूआत की गई है। जिला प्रशासन को इसके लिए बधाई देता हूं। मड़ुआ की खेती कम पानी में भी काफी अच्छा पैदावार होता है। मड़ुआ पोष्टिक आहार है। रागी प्रोसेसिंग शुरू होने से मड़ुआ के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा, साथ हीं आजीविका एवं आय में भी इजाफा होगा। जिला प्रभारी ने परिसदन भवन में पदाधिकारियों के साथ आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की। निर्धारित इंडिकेटर्स यथा-स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन तथा अन्य संबंधित प्रक्षेत्र, आधारभूत संरचना एवं वित्तीय समावेशन तथा कौशल विकास हेतु क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। सभी इंडिकेटर्स के लिए निर्धारित लक्ष्यों के प्रति कार्य करते हुए ससमय लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। उन्होने जल जीवन मिशन, जल शक्ति, बुनियादी शिक्षा अभियान सहित मछली पालन, कुपोषण, एनिमिया, नेटवर्क सुविधा एवं अन्य कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर संगा, आईटीडीए निदेशक सलन भुईंया, अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, सिविल सर्जन, जल शक्ति मंत्रालय के तकनीकी पदाधिकारी, संबंधित विभाग के पदाधिकारी, कार्यपालक अंभियता उपस्थित थें।

## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी संपन्न

# स्वस्थ बच्चे हमारे देश की नींव, पौष्टिक आहार जरूरी : डॉ. सरोज कुमार देबनाथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय परिसर, कुजरा, लोहरदगा में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शन का समापन 29 सितंबर, 2022, गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान कोलकाता, आयुष मंत्रालय के द्वारा प्रदर्शनी स्थल पर पोषण से जुड़ी जरूरी जानकारियां दी गईं, साथ में छात्राओं के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। इसके अलावा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस के तहत आम, आंवला, केला, अमरूद, आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता के अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. सरोज कुमार देबनाथ, केंद्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थान,




कोलकाता के लैब टेक्नीशियन बिपलब गांगुली, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुजरा, लोहरदगा की प्राचार्या अमृता मिश्रा एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान उपस्थित थी।

अपने संबोधन में डॉ. सरोज कुमार देबनाथ, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद), केंद्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थान, कोलकाता ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार जरूरी है। और जब हर इंसान स्वस्थ होगा तभी एक स्वस्थ देश की परिकल्पना सिद्ध होगी। उन्होंने उपस्थित छात्राओं से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए नियमित रूप से पौष्टिक आहार खाएं और फोलिक एसिड की गोली लें। उन्होंने जंक फूड से दूर रहते हुए पोषक तत्व युक्त चीजें खाने की सलाह दी।

बिपलब गांगुली, लैब टेक्नीशियन, केंद्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थान कोलकाता, आयुष मंत्रालय ने कहा कि समाज के कुछ लोग जागरूकता के अभाव में कुपोषित हो रहे हैं। उन्हें समझना चाहिए कि उनके घर में ही बहुत सी ऐसी चीजें होती हैं जिनके सेवन से हमारे शरीर को पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। उन्होंने पोषण के पांच सूत्रों की जानकारी देते हुए पोषण के संदेश को गांव-गांव में फैलाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने भारत सरकार की योजनाओं के बेहतर संयोजन के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की सराहना की।

इससे पहले केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की कार्यालय प्रमुख श्रीमती महविश रहमान एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अमृता मिश्रा ने सभी का अंगवस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अमृता मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायता के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की कार्यालय प्रमुख महविश रहमान ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के शिक्षक विक्की कुमार, शिक्षिका सुनीता कुमारी, नीलू कुमारी, प्रीति गुप्ता, मदन कुमार महतो, सत्यम सतलज, निर्भय कुमार, जिला समाज कल्याण विभाग के गौतम और केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के अंजनी मिश्रा, अतुल्य रत्न तिर्की एवं संजय साहू की महती भूमिका रही।

**▶▶ प्रदर्शनी स्थल पर पोषण किट का वितरण**

केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान कोलकाता, आयुष मंत्रालय ने प्रदर्शनी स्थल से छात्राओं के बीच पोषण किट का वितरण किया। साथ ही पोषण से संबंधित जानकारी के पैंपलेट भी छात्राओं के बीच बांटे।

**▶▶ प्रदर्शनी स्थल पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित**

केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान कोलकाता, आयुष मंत्रालय के सौजन्य से विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिस के तहत आम, आंवला, केला, अमरूद, कटहल आदि के करीब 30 पौधे लगाए गए।

**▶▶ स्वतंत्रा सेनानी आजादी क्वेस्ट गेम से जुड़ी जानकारी प्रदर्शनी में शामिल**

दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश और झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी जानकारी को प्रदर्शित किया गया है। यहां आजादी क्वेस्ट गेम को डाउनलोड करने के तरीके एवं खेलने के बारे में भी जानकारी दी गई है जिसकी स्टैंडी प्रदर्शन में लगाई गई है। हिंदी पखवाड़े से जुड़ी स्टडी का भी प्रदर्शन किया गया है।

**▶▶ गीत संगीत एवं नृत्य से अमृत महोत्सव का संदेश**

प्रदर्शनी स्थल पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के गीत एवं नाटक प्रभाग के पंजीकृत कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिन्हें विद्यालय द्वारा काफी सराहा गया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

---------------------

## न्यूज गैलरी

### 15.77 करोड़ की लागत से तैयार डिग्री महाविद्यालय में पसरा है सन्नाटा

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार ने पलामू को आकांक्षी जिला घोषित कर रखा है। पलामू समाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़ा हुआ है। महाविद्यालय के अभाव तथा आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावक अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने में असमर्थ हैं। नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय अंतर्गत एक डिग्री कॉलेज का भवन करीब 15.77 करोड़ की लागत से तैयार है। इसका उद्घाटन भी एक वर्ष पूर्व राज्यपाल के द्वारा भवन का उद्घाटन किया गया था। उसके बाद से यह भवन बन कर खाली पड़ा है। यहां सन्नाटा पसरा है।आज इस महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड के राज्यपाल रमेश बोस से मुलाकात की और उन्हें इस महत्वपूर्ण समस्या पर संज्ञान लेने हेतू ज्ञापन भी दिया। राज्यपाल को दिए ज्ञापन में पूर्व मंत्री ने कहा कि उनके द्वारा विधानसभा में छतरपुर में डिग्री कॉलेज स्थापना करने का सवाल उठाया गया था। उस पर सरकार ने कार्रवाई करते हुए महाविद्यालय भवन बनाने की स्वीकृति दी थी। यहां नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय द्वारा डिग्री महाविद्यालय का संचालन किया जाना है। वर्तमान में नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के अंतर्गत पलामू जिले में तीन ही अंगीभूत महाविद्यालय स्थापित है और तीनों महाविद्यालय डालटनगंज मुख्यालय में ही है।

### असंगठित कामगार कांग्रेस ने अंकिता हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग की



**मेदिनीनगर।** पलामू असंगठित कामगार कांग्रेस ने अंकिता के कातिलों को कड़ी सजा और मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की हैं। प्रमंडल प्रभारी सह चेयरमैन अनिल कुमार सिंह ने अंकिता हत्याकांड मामले में आरोपी को जल्द से जल्द सजा दी जाए तथा सरकार मामले की पूरी जांच सीबीआई से करायें। उन्होंने कहा कि अंकिता के साथ जघन्य अपराध हुआ है। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अंकिता हत्या मामले की जांच मे किसी तरह की कोताही व ढील नहीं बरती जाए। उन्होंने मांग किया है कि इसमें सलिप्त लोगों को जल्द सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक अदालत के माध्यम से कार्रवाई की जाएं। उन्होंने कहा कि लाल किले से मोदी ने कहा था कि महिला सुरक्षा, प्राथमिकता है। लेकिन इसके विपरीत उनकी पार्टी के सदस्य महिलाओ के खिलाफ अपराधों में शामिल हैं और उनके राज्य गुजरात में बलात्कार के आरोपियों को रिहा किया गया।

### एकीकृत संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से मिले

**मेदिनीनगर।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की राज्य इकाई के द्वारा शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर अपनी मांगों को रखा। जिसमें मोर्चा के द्वारा आकलन परीक्षा में सभी प्रशिक्षित सहायक अध्यापक को शामिल करने, फीस घटाने एवं 100 अंकों की परीक्षा आयोजित करने के मांग को पुख्ता तरीके से रखा गया। साथ हीं वेतनमान, ईपीएफ, अनुकंपा, सीटेट आदि विषयों पर भी बातचीत की गई। जिसपर मंत्री ने दशहरा के पश्चात विभागीय अधिकारियों के साथ संघीय शिष्टमंडल को बुलाने की बात कही। वही प्रशासी पदाधिकारी एवं प्राथमिक शिक्षा के उप निदेशक से बातचीत कर मानदेय भुगतान की प्रक्रिया को गति देने की मांग किया गया। शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी से संघीय शिष्टमंडल मिलाकर टेट विसंगति से प्रभावित शिक्षको को रखने और टेट विसंगति दूर करने के साथ हीं विभिन्न समस्याओं के निदान की मांग किया गया। शिष्टमंडल में नारायण महतो ,संजय कुमार दुबे, हृषिकेश पाठक, दशरथ ठाकुर, प्रद्युम्न कुमार सिंह शामिल रहे।

### भगवान का कथा देवताओं को भी दुर्लभ:अरुण शास्त्री

**मेदिनीनगर।** भगवान का कथा देवताओं को भी दुर्लभ हैं। कई जन्म जन्मांतर का फल एकत्रित होता है तो भगवान का कथा श्रवण करने का अवसर प्राप्त होता है ।उक्त बातें शिव बेल में आयोजित दुर्गा पूजा के अवसर पर तीसरे दिन प्रवचन के दौरान स्वामी अरुण शास्त्री जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि भगवान के कथा श्रवण से सभी दुख दूर हो जाते हैं। व सुख शांति प्राप्त होती है ।उन्होंने कहा कि कलियुग में खासकर भगवान की कथा चरणामृत के समान है ।उन्होंने कहा कि जो भी भगवान की कथा सुनते हैं उनका सारा पाप दूर हो जाता है ।इस मौके पर उन्होंने शिव पार्वती ,राम के चरित्र ,राम वन गमन की कथा का रसपान कराया। काफी संख्या में लोगों ने यज्ञ मंडप के पहुंचकर भगवान के कथा का श्रवण किया। मौके पर समिति के लोगों द्वारा कथा पंडाल में लोगों के बैठने की सुव्यवस्थित ढंग से व्यवस्था की गई थी।

### प्रयोगशाला सहायक परीक्षा की तिथि में हुआ बदलाव

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा विज्ञापन संख्या – 13 / 2022 के तहत ली जाने वाली झारखण्ड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा के तिथि के बदलाव किया गया है ।अब प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा के लिये ऑनलाईन आवेदन 29 अगस्त से 28 सितंबर की मध्य रात्रि तक आंमत्रित किया जाना था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से ऑनलाईन आवेदन की तिथि संशोधित की गई है। अब 13 अक्टूबर के मध्य रात्रि तक आवेदन जमा लिया जाएगा। वहीं 15 अक्टूबर तक परीक्षा शुल्क जमा किया जाएगा। फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर तक होगा। समर्पित ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन की तिथि 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर के मध्य रात्रि तक किया जाएगा।

### मृतक के भाई ने दुर्घटना को हत्या करार दिया

**मेदिनीनगर।** गारू थाना में पदस्थापित जवान अविनाश शंकर का शव बुधवार को पुलिस ने बरामद किया है। वह पड़वा थाने का रहनेवाला था ।उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार सहित पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया। जवान अविनाश 26 को ही अपने पैतृक गांव पड़वा थाना क्षेत्र के छेछौरी आने के लिए गारू थाना से निकला था। मृतक जवान करीब चार बजे फोन कर अपने बेटा को घर आने की जानकारी दिया था। उसके बाद जवान का मोबाइल बंद हो गया था। मृतक जवान अविनाश की पहली पत्नी की मौत हो गई है। पहली पत्नी से एक लड़का व एक लड़की है। उसकी दूसरी शादी एक अक्टूबर को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के गेठा में होने वाली थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। जवान अविनाश शादी के लिए ही घर आ रहा था। मृतक जवान अविनाश की मौत का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पा रहा है। मृतक के छोटे भाई जितेंद्र मेहता का कहना है कि उसके भैया की मौत दुर्घटना में नहीं हुआ है। उसके भैया की हत्या कर दी गई है। मृतक जवान के भाई जितेंद्र ने घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

## स्व. शहादत अंसारी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ रंगारंग समापन

# बच्चों को मोबाइल इंटरनेट के खेलों की दुनिया से बाहर निकाले : अंचलाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के सुंदरू बिश्रामगढ़ मदरसा मैदान में चल रहे चार दिवसीय स्वर्गीय शहादत अंसारी फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोके फुटबॉल क्लब रांची बनाम फुटबॉल क्लब आया बगान वेलटोली की टीम के बीच खेला गया जिसमें कड़े मुकाबले में रांची की टीम ने अपनी जीत पक्की की। द्वितीय स्थान पर आया बागान वेलटोली, तृतीय स्थान पर उर्दू मिडिल स्कूल सुंदरू, और चौथे स्थान पर बहेरा टोली की टीम रही विजेता उप विजेता उप विजेता टीम को अतिथियों द्वारा नकद और खस्सी देकर पुरष्कृत किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित सीओ प्रवीण सिंह, थाना प्रभारी अभिनव कुमार आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किक मारकर फाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया। इससे पूर्व आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का पगड़ी पहनकर और पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर सीओ प्रवीण सिंह ने कहा कि बच्चों को मोबाइल इंटरनेट के खेलों की दुनिया से बाहर निकालकर फुटबॉल जैसे खेलों को खेलने के लिए आगे लाने की जरूरत है। शरीर को स्वस्थ रखने के साथ अपने जीवन भर टीम के महत्व को समझ कर एक साथ मिलजुल कर कार्य करने का जज्बा भी पैदा होता है। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि खेल में एकता और एकजुटता दोनों ही दिखाई देता है सभी खिलाड़ी आपस में प्रेम भाव के साथ खेलते हुए कितना अच्छा लगते है। खेल के मैदान के अलावा भी सभी आपस में स्नेह और प्यार से मिलजुलकर रहे और अफवाहों पर तो बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे। मौके पर मुख्य रूप से रवि कुमार, उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, पसस अब्दुल मनान अंसारी, मुखिया छोटी रानी, तौफीक आलम, सफ्रोज आलम, मौलाना परवेज मंजर इमाम, मंजीत उरांव, तौजिर अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।




## अप्पर बाजार दुर्गा पूजा समिति 1962 से कर रही हैं दुर्गा पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अप्पर बाजार दुर्गा पूजा समिति चुन्नीलाल उच्च विद्यालय में 1962 से लगातार मां भगवती की पूजा अर्चना करते आ रही है। समिति के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने बताया कि अप्पर बाजार दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष अपना 61 वां वर्षगांठ मना रही है। इस बीच कोलकाता के प्रसिद्ध मूर्तिकार अमरपाल,स्व नाथू महतो, झालदा के प्रसिद्ध मूर्तिकार प्रतिमाओं का निर्माण करते रहे हैं,और कई भव्य पंडाल मैसूर का गेट, विधानसभा, राजस्थान कि कई आकृति के साथ-साथ कई वर्षों तक स्वचालित प्रतिमा का आयोजन किया, और नदी, पहाड़, राजस्थान की रेत,गुफा,झरना,फव्वारे आदि कई मनमोहक आकृति निर्माण कराते रही है। 2017 में स्वचालित 16 फीट के गणेश जी का प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहा था,इस वर्ष भी भव्य पूजा अर्चना के साथ-साथ भव्य प्रतिमा का अवलोकन की जाएगी,पंडाल में पीने का



पानी,स्वास्थ्य जांच चिकित्सा शिविर लगाई जाएगी एवं आपत्काल हेतु प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ कुमुद अग्रवाल जी उपस्थित रहेंगे एवं लोहरदगा क्षेत्र के लिए निशुल्क एंबुलेंस एवं ऑक्सीजन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी और साथ-साथ महिलाओं के लिए शौचालय की भी व्यवस्था कराई जाएगी। समिति के सचिव प्रवीण तमेड़ा,कोषाध्यक्ष शशांक बर्मन, सह कोषाध्यक्ष आशीष पोद्दार ने कहा कि पंडाल में सी सी टीवी एवं अग्निशामक यंत्र रहेगी एवं समिति के सदस्यों के द्वारा डांडिया एवं विसर्जन के दिन महिलाओं के द्वारा सिंदूर खेला का कार्यक्रम किया जाएगा।

## वर्षों से जारी देवीधाम विवाद को लेकर दोनों समुदायों में बनी सहमति

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुरा/गढ़वा।** थाना क्षेत्र के पतिहारी देवी धाम को लेकर चल रहे वर्षो से विवाद को लेकर 28 सितंबर दिन बुधवार को दोनों समुदाय के लोगो के साथ जिला परिसद सदस्य शम्भू राम चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में बैठक की गई। उपस्थित पांचो ने यह निर्णय लिया कि धाम का जो स्थल है, उसक चारो तरफ मुस्लमान भाई लोग का घर है। अगर हिन्दू रिति रिवाज में देवी स्थान को दूसरे स्थान पर बैठाया जा सकता है तो विद्वानों से सलाह मशविरा कर धाम को हस्तानन्तर किया जाएगा। जिस हिसाब से पूर्वज पहले धाम पर पूजा पाठ किया करते थे उसी के अनुरूप पूजा पाठ किया जाएगा। जब धाम हस्तानन्तर होगा तो एक कठा जमीन इस्लाम मियां वैगरह देंगे। अगर विद्वानों के कहे अनुसार अगर धाम नही हटाया जा सकता तो धाम उसी स्थान पर रहेगा एवं जिस हिसाब से पूर्वजों द्वारा पूजा पाठ किया जाता था उसी अनुसार पूजा पाठ किया जाएगा। दोनो पक्षो ने अपनी अपनी सहमति से हस्ताक्षर नुमा कागजात तैयार किया कि भविष्य में कोई परेशानी न हो। पहले पक्ष में छकौड़ी ठाकुर, जितेंद्र रजवार, उमेश ठाकुर, आदित्य ठाकुर, लक्ष्मण पासवान वैगरह दूसरे पक्ष में इस्लाम सेख, तौफीक अंसारी, असरफ अंसारी, नुसार, सदाम अंसारी,अख्तर अंसारी, परवेज अंसारी वैगरह ने इस बात पर सहमति जताई। बैठक में पंचगण जिला परिसद सदस्य शम्भू राम चन्द्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि मुना अंसारी, बलिराम सिंह, आलम अंसारी, अब्दुल लतीफ, सुरेश राम, हसमत अली, हरदेव सिंह, मुंद्रिका यादव, हिरामन यादव, मनोज यादव, गणपत साव, रामनाथ यादव, सदेनन्द रजवार उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष ने विकास योजनाओं का किया शिलान्यास, कहा

# सभी वार्डों में विकास कार्य अनवरत जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या एक व तीन में 64 लाख की लागत से बनने वाले तीन योजनाओं का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी ने संयुक्तरूप से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा कि जोखू खान के घर से मैनुद्दीन खान के घर तक पीसीसी पथ, मंजूर खान के घर से साहब खान के घर तक आरसीसी नाली पटिया निर्माण तथा डाकघर से पनबहवा नाला तक आरसीसी नाली पटिया का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी वार्डो में विकास कार्य अनवरत जारी है। पीसीसी



पथ व आरसीसी नाली का निर्माण सभी वार्डो में कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर नल जल योजना के अंतर्गत जल मीनार अधिष्ठापन का कार्य आगामी दस दिनों में प्रारम्भ करा दिया जायेगा। सभी वार्डो में प्रत्येक जल मीनार से 30-40 घरों में पाइप लाइन के द्वारा शुद्ध पेयजल की आपूर्ति किया जायेगा। विकास के मामले में नगर पंचायत क्षेत्र को अग्रणी पंक्ति में शामिल कराना मुख्य उद्देश्य है। कुछ लोग फेसबुक व सोशलमीडिया पर यह कहते हैं, कि सिर्फ शिलान्यास हो रहा है, कार्य नही हो रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे लोगों को नगर पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर देखना चाहिए कि कितना कार्य हुआ है। प्रत्येक वार्ड में विकास हो रहा है,इसे देखा जा सकता है। नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वर्गों का विकास व उत्थान ही हमारी मुख्य प्राथमिकता है.मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ,वार्ड पार्षद नसरुल्लाह खां, शकील अहमद गुल्लू, रंजन कुमार उर्फ छोटू, कनीय अभियंता उदय शंकर, सुमित कुमार, रिंकू देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जयराम महतो की पहली पुण्यतिथि पर किया गया पौधारोपण



**गिद्धौर(चतरा)।** धोबिनयां घाट में स्वर्गीय जयराम महतो की पहली पुण्यतिथि पर एक दर्जन पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्य मुकेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत समाजिक व धर्मिक विचारधारा के व्यक्ती थे। उनके विचारधारा को प्रखंड के लोगों ने अपनाने के साथ सराहना भी किया। साथ ही पौधारोपण के दौरान उपस्थित लोगों ने पौधों को बचाने का संकल्प लिया। मौके पर मुन्नी राम दांगी, विजय शंकर दांगी, अजय शंकर दांगी सहित अन्य शामिल थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पर्यटन स्थल नेतरहाट में चलाया गया सफाई अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महुआडांड़ के पर्यटन स्थल नेतरहाट में सफाई अभियान चलाया गया।

यह सफाई अभियान एसबीएम प्रखंड समन्वयक गंगा प्रसाद की अगुवाई में किया गया। जहां प्रखण्ड के कई जलसहिया उपस्थित हुए ।इस दौरान नेतरहाट के सरकारी स्कूल, नेतरहाट बाजार टांड़, सनसेट पॉइंट व आने जाने वाले रास्ते में तथा अगल बगल समेत अन्य स्थानों पर साफ सफाई किया गया। इस दौरान लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया। साथ ही जल सहियाओं के द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर रैली का भी निकाली गई। इस संबंध में एसबीएम प्रखंड समन्वयक गंगा प्रसाद ने कहा कि पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर महुआडांड़ के विभिन्न पर्यटन स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बुधवार को पर्यटन स्थल नेतरहाट के सरकारी स्कूल नेतरहाट बाजार टांड़ एवं सनसेट पॉइंट में सफाई अभियान चलाया गया है। इस अभियान में नेतरहाट पंसस चांदनी भगत, साधु किसान, इमरान खान, बेरोनिका किरो,गेंदवंती टोप्पो, देवी, मनिला लकड़ा समेत अन्य लोग मोजूद थे।

### मिरचैया फॉल मे चला स्वच्छता पखवाड़ा

**गारू।** जिला परिषद सदस्य जीरा देवी प्रमुख सीता देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी गारू की अध्यक्षता में बहुचर्चित एवं सुप्रसिद्ध मिरचैया फॉल में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया ।इस बीच मिरचैया फॉल में आये पर्यटकों एवं ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने एवं साफ सफाई पर ध्यान देने की बात कही ।कूड़ा कचरा को डस्टबिन में ही डालने को लेकर पर्यटकों को बताया गया ।उपस्थित प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी द्वारा झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया गया ।इस स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान श्याम सागर पांडेय, प्रखंड समन्वयक राजीव प्रसाद,संतोष कुमार एवं प्रखंड की सभी जलसहिया ने भाग लिया।

## मनिका में भुइयां समाज की बैठक में आरोपियों को फांसी देने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखंड मुख्यालय मेअखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के द्वारा बकोरिया में महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले के विरोध में बैठक किया गया। बैठक में समाज के लोगों ने दुष्कर्म के 6 आरोपियों को सरकार से जल्द से जल्द फांसी की सजा देने का मांग किया। और दुष्कर्म की शिकार हुई पीड़िता को सरकार से 5 लाख रुपए मुआवजा देने के साथ पीड़ित महिला, उसके पति और रिश्तेदार को सुरक्षा देने की सरकार से मांग किया गया। दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले छह आरोपियों को जब तक सरकार के द्वारा फांसी की सजा नहीं दी जाती है। तब तक हम लोगों का आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर समाज प्रभारी सिखेश्वर राम,अध्यक्ष रामेश्वर भुइयां, सचिव जगदेव भुइयां, कोषाध्यक्ष प्रदीप भुइयां, नरेश भुइयां, लल्लू भुइयां, पंकज भुइयां, सुकुल भुइयां, कमलेश्वर भुइयां, मनोज, महेश, नारायण, रोशन समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान

**बरवाडीह।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बीडीओ राकेश सहाय के नेतृत्व में प्रखंड के कई क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता संस्था के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान में लोगों से अपने आसपास के जगहों को साफ रखने पीआर जोर दिया गया। कार्यक्रम के तहत स्वच्छ भारत मिशन बरवाडीह प्रखंड की टीम जागरूकता रैली निकाली गई। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत पर्यटन स्थलों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत बीडीओ के नेतृत्व में जलसहियाओं ने कैचकी संगम तट पर फैले हुए कचरे को साफ किया गया। मौके पर केचकि पंचायत मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, प्रखंड समन्वयक सुनील कुमार वार्ड सदस्य प्रभावती देवी समेत कई जल सहिया भी उपस्थित थे।

# मरीजों से मनमाना पैसा वसूल रहे हैं नर्स व बालाजी कंपनी के सफाई कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में अस्पताल कर्मियों द्वारा खुलेआम गरीब मरीजों को लूटने का काम किया जा रहा है। गुरुवार को सदर अस्पताल के महिला वार्ड में भर्ती महिला मरीज के परिजनों ने बताया कि यहां हर काम के लिए सफाई कर्मी,नर्स,ओटी रूम के स्टाफ को पैसा देना पड़ता है। पैसा नहीं देने पर मरीज के परिजनों को यहां के स्टाफ कहते है कि अब आपके मरीज पर ध्यान नही देंगे। मरीज के परिजनों ने बताया कि सफाई कर्मी और अस्पताल के नर्स पैसा नहीं देने पर परिजनों से उलझ भी जाते हैं। वही पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सखुई निवासी अभिषेक कुमार की पत्नी काजल कुमारी सदर अस्पताल के महिला वार्ड में भर्ती है। काजल कुमारी के परिजनों ने बताया कि उनका डिलीवरी ऑपरेशन के द्वारा हुआ था।ऑपरेशन होने के बाद वहां के एक स्टाफ द्वारा 700 रुपया मांगा गया। परिजनों ने यह समझकर पैसा दे दिया कि यहां का चार्ज ही 700 लगता है। और उन्होंने 700 रुपये महिला वार्ड के एक कर्मी को दे भी दिया। परिजनों बताया कि सफाई कर्मी भी सफाई के नाम पर हमलोगों से पैसे की मांग करते रहते हैं। अस्पताल स्टाफ के इस रवैया से अस्पताल के सभी मरीज परेशान हैं। अस्पताल में मौजूद सभी कर्मचारियों को अच्छा खासा वेतन सरकार देती है। फिर भी लोग अवैध पैसे कमाने के लालच में मरीज को परेशान करते रहते हैं। प्रमंडलीय सदर अस्पताल में लोग काफी दूर-दूर से अपने इलाज के लिए आते हैं। जो भी मरीज यहां अपने इलाज के लिए आते हैं वे गरीब तबके के होते है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि जिस मरीज का नार्मल डिलीवरी होना रहता है, उनको भी यहां के नर्स और स्टाफ डरा धमका कर पैसे की मांग करते हैं। पैसे नहीं देने पर ऑपरेशन द्वारा डिलेवरी कराने की बात करती हैं। ऑपरेशन के डर से मजबूरी में मरीज के परिजन पैसे देने पर राजी हो जाते हैं ,तब जाकर उनका नॉर्मल डिलीवरी किया जाता है।




**क्या कहते हैं अस्पताल अधीक्षक :**

वहीं अस्पताल अधीक्षक से इस संबंध में बात किया गया तो उन्होंने कहा कि यदि अस्पताल में कोई भी कर्मी मरीज से पैसा मांगता है तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी,और उसे अस्पताल से हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि पैसा मांगने की घटना सत्य पाया जाता है तो उस कर्मी को अस्पताल से तुरंत हटा दिया जायेगा।

## कोर्ट फीस विधेयक पर पुनर्विचार समय से करने की मांग : संतोष

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** कोर्ट फीस विधेयक पर पुनर्विचार समय की मांग है । उक्त बातें अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि है झारखंड जनजातीय बहुल क्षेत्र है। ऐसे में एकाएक बेतहाशा कोर्ट फीस वृद्धि से लोगों को मुकदमा लड़ने में काफी परेशानी हो रही थी। राज्यपाल के द्वारा विधेयक को वापस कर सरकार को पुनर्विचार करने की आदेश का उन्होंने स्वागत योग्य कदम बताया है। उन्होंने कहा है कि बेतहाशा कोर्ट फीस में वृद्धि अव्यवहारिक है। इससे आम आवाम लोगों को सस्ते न्याय की कल्पना करना सपना जैसा था । राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार कर संसोधित विधेयक लाने को सरकार को निर्देश दिया है। जिससे सरकार को चाहिए कि विधेयक को संशोधित कर जनजातीय समुदाय को और गरीबी को ध्यान में रखते हुए कोर्ट फीस तय करें । जिससे आम आवाम लोगों को मुकदमा लड़ने में सहूलियत हो सके। विदित हो कि स्टेट बार कौंसिल के निर्देश पर पूरे राज्य के अधिवक्ता इस बेतहासा कोर्ट फीस बढ़ोतरी के खिलाफ आंदोलन किये थे,तथा न्यायिक कार्य से अलग रखे थे। श्री पांडेय ने कहा कि कोर्ट फीस बढ़ोतरी विधेयक पर पुनर्विचार करने का राज्यपाल द्वारा सरकार को दिया गया निर्देश अधिवक्ताओं के चट्टानी एकता की जीत है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है सरकार शीघ्र ही संसोधित बिल लायेगी।

सम्पादक की कलम से...

# सरकार की पहल सराहनीय

तुबेद कोयला खान परियोजना, लातेहार के विस्थापितों के लिए सरकार ने पहल की है। उनके लिये पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी बसायी जायेगी। इसके लिए नावाडीह गांव में 10.32 एकड़ जमीन पर काम होगा। लातेहार डीसी कार्यालय की ओर से जारी अधिघोषणा के मुताबिक नावाडीह गांव के रैयती जमीन पर कॉलोनी का निर्माण करने की योजना है। ऐसे में एक आबादी को कॉलोनी मिल जाने से उनकी बहुत बड़ी समस्या का समाधान होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार चिह्नित जमीन (10.32 एकड़) के लिए हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियां सुनी जा चुकी हैं। इस जमीन के लिए भूमि योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के दिन किया जा सकता है। दामोदर घाटी निगम, कोलकाता ने तुबेद कोयला खान प्रोजेक्ट, लातेहार के लिए पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति के संबंध में सूचना जारी कर दी है। इसमें नीति के उद्देश्य, इसकी परिभाषा, विस्थापित परिवार, भूमि और अचल संपत्ति के लिए मुआवजा, परियोजना प्रभावित परिवारों के लिए अनुमान्य पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन, पुनर्व्यवस्थापन क्षेत्र में अवसंरचनात्मक सुविधाएं, क्रियान्वयन एवं निगरानी समेत अन्य बिंदुओं पर अपनी ओर से जानकारी स्पष्ट की है। इसके साथ ही पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति की प्रति नेवाड़ी एवं डिही पंचायत कार्यालय एवं दामोदर घाटी निगम तुबेद कोयला खान कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है। साथ ही इसे लातेहार जिले की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। डीवीसी के मुताबिक इस नीति का उद्देश्य प्रोजेक्ट से प्रभावित होने वाले परिवारों का पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन करना है। खासकर आदिवासी एवं कमजोर वर्ग के परिवारों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। प्रभावित परिवारों के जीवन निर्वाहन स्तर का उत्थान भी करना जरूरी है। जिला प्रशासन लातेहार, एवं खनन विकास सह प्रचालक संस्थान एमडीओ के साथ मिलकर डीवीसी प्रबंधन पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति का क्रियान्वयन करने की योजना है। परिवारों की सूची तैयार करना, अन्य. आधारभूत संरचनाओं के निर्माण स्वास्थ्य, शिक्षण एवं अन्य सामुदायिक सुविधाएं आदि पूर्ण करना जैसे काम अहम है। डीवीसी के द्वारा 30 वर्षों की अवधि के लिए खान विकास होगा। इसके अलावा आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के स्थापन एवं प्रतालन हेतु सर्वश्री डेवलेक्टो माइनिंग लिमिटेड एसआईसीएएल, जीसीएल, एएमपीएल का संयुक्त संस्थान को नियुक्त किया गया है। यह श्रमशक्ति का नियोजन करेगा। इसमें स्थानीय परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को नियोजन में एमडीओ के द्वारा आवश्यकतानुसार एवं योग्यता के आधार पर प्राथमिकता दी जायेगी। पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति का क्रियान्वयन तुबेद कोयला खान परियोजना अधिकारी के द्वारा परियोजना स्तर पर जिला प्रशासन, लातेहार द्वारा गठित समिति के पर्यवेक्षण में होना चाहिए साथ ही पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति के अंतर्गत कृषि भूमि का मुआवजा एकमुश्त 35 लाख रुपया प्रति एकड़ की दर से मिलना चाहिए। आवासीय भूमि का मुआवजा एकमुश्त 60 लाख रुपया प्रति एकड़ की दर से निर्धारित किया गया है। इस राशि में ब्याज और अन्य भी शामिल है। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि यहां के निवासियों के दिन बहुरेंगे।

## आज का इतिहास

**1966 :** सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
**1968 :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऑल इण्डिया जन संघ के अध्यक्ष चुने गए।
**1974 :** नोबेल पुरस्कार विजेता अलेक्सान्द्र सोल्शेनीत्सिन को सोवियत संघ सरकार और साम्यवाद की आलोचना करने के लिए देश से निकाला गया।
**1984 :** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नौसेना के लिए मुंबई स्थित मझगांव डॉक का शुभारंभ किया।
**1990 :** अमेरिका, ब्रिटेन तथा फ्रांस ने जर्मनी को फिर से एकीकृत करने पर सहमति दी।
**2001 :** मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में 6.6 तीव्रता वाले भूकंप से कम से कम 400 लोगों की मौत।
**2003 :** प्रसिद्ध फिल्मकार यश चोपड़ा को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मिला।
**2008 :** हिंदी सिनेमा के हास्य कलाकार राजेंद्र नाथ का निधन।
**2014 :** चीन के कैली शहर में एक अवैध जुआ घर में विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गयी तथा 17 लोग घायल हो गये।
**2014 :** अमेरिकी अभिनेता राल्फ वाइट का निधन।
**2015 :** प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. तुलसीराम का निधन।
**1742 :** मराठा राजनीतिज्ञ बालाजी जनार्दन भानु उर्फ नाना फडणवीस का जन्म।
**1762 :** ब्रिटिश नौसेना ने कैरेबियाई द्वीप मार्टिनिक पर कब्जा किया।
**1771 :** गुस्ताव तृतीय स्वीडन के राजा बने।
**1809 :** अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का जन्म।
**1818 :** दक्षिण अमेरिकी देश चिली को स्पेन से स्वतंत्रता मिली।
**1824 :** प्रसिद्ध दार्शनिक दयानंद सरस्वती का जन्म।
**1855 :** अमेरिका में मिशीगन विश्वविद्यालय की स्थापना।
**1871 :** ईसाई मिशनरी, शिक्षाविद एवं भारत में समाज सुधार का काम करने चार्ल्स एफ. एंड्रयूज का इंग्लैंड में जन्म।

# राजस्थान से गूंजता बगावती सुर

> अशोक गहलोत के पार्टी अध्यक्ष बनने की मंशा के बावजूद हमने यही देखा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक तक नहीं हो सकी। यह कांग्रेस के इतिहास में एक अटपटी घटना है। यहां तक कि पिछले साल जब पंजाब में राजनीतिक उठापटक शुरू हुई और तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को कुरसी से बेदखल किया गया था, तब भी विधायकों की बैठक हुई थी, जबकि यह भी तय था कि अमरिंदर सिंह को अशोक गहलोत की तरह कोई दूसरा पद नहीं मिलने वाला। स्पष्ट है, ताजा घटनाक्रम से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का इकबाल पूरी तरह से बिखर गया है। उसकी यह योजना भी अधर में लटक गई है कि राज्य की सत्ता एक नौजवान नेता को सौंपकर फिर से चुनाव जीतने की तरफ कदम बढ़ाया जाए।

राजस्थान के बदलते घटनाक्रम ने कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं। ऐसा लगता है कि पार्टी हर कुछ वक्त के बाद एक नई चुनौती से घिर जाती है और उसके लिए असहज स्थिति पैदा हो जाती है। काफी विचार-विमर्श के बाद कांग्रेस हाईकमान ने एक ऐसी रणनीति बनाई थी, जिससे लग रहा था कि पार्टी की अंदरूनी राजनीति में अब ठहराव आ जायेगा और 2024 के चुनाव तक उसकी स्थिति कुछ बेहतर हो जायेगी। इसी रणनीति के तहत राहुल गांधी ने खुद को कांग्रेस अध्यक्ष पद से दूर कर लिया था और 'भारत जोड़ो यात्रा' की राह पकड़ ली थी। माना यह गया था कि सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन वाली सरकार के खिलाफ यदि देश में माहौल बनता है, तो बतौर विकल्प लोग कांग्रेस को चुनेंगे। इसी क्रम में राजस्थान की अंदरूनी उठापटक का हल निकालने के लिए बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम आगे बढ़ाया गया था, और उनकी जगह पार्टी हाईकमान ने युवा नेता सचिन पायलट को राज्य की कमान देने की रणनीति बनाई थी। पायलट न सिर्फ 2014 से 2018 तक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं, बल्कि साल 2018 के राज्य विधानसभा चुनाव में उन्होंने खासा मेहनत भी की थी। हां, यह अलग बात है कि विधानसभा चुनाव के बाद जब मुख्यमंत्री के चयन का वक्त आया, तो अंदरूनी राजनीति के बाद अशोक गहलोत के सिर ताज सजा। विरोधस्वरूप सचिन पायलट ने बगावती सुर भी अपनाये थे। राजस्थान में चेहरा बदलने के पीछे कांग्रेस की एक अन्य राजनीतिक सोच भी है। उसका यह मानना है कि नवंबर-दिसंबर, 2023 में जब राज्य विधानसभा के चुनाव होंगे, तब अशोक गहलोत के नेतृत्व में पार्टी शायद ही फिर से सत्ता तक पहुंच पाए। नतीजतन, उनको पार्टी और सचिन पायलट को राज्य की बागडोर सौंपना बेहतर होगा। मगर बाद में जो हुआ, वह पार्टी के लिए बहुत चौंका देने वाला घटनाक्रम है। अशोक गहलोत के पार्टी अध्यक्ष बनने की मंशा के बावजूद हमने यही देखा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक तक नहीं हो सकी। यह कांग्रेस के इतिहास में एक अटपटी घटना है। यहां तक कि पिछले साल जब पंजाब में राजनीतिक उठापटक शुरू हुई और तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को कुरसी से बेदखल किया गया था, तब भी विधायकों की बैठक हुई थी, जबकि यह भी तय था कि अमरिंदर सिंह को अशोक गहलोत की तरह कोई दूसरा पद नहीं मिलने वाला। स्पष्ट है, ताजा घटनाक्रम से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का इकबाल पूरी तरह से बिखर गया है। उसकी यह योजना भी अधर में लटक गई है कि राज्य की सत्ता एक नौजवान नेता को सौंपकर फिर से चुनाव जीतने की तरफ कदम बढ़ाया जाए। अब नजर इसी बात पर है कि क्या अशोक गहलोत कांग्रेस हाईकमान की उम्मीद पर खरा उतरते हुए राजस्थान की राजनीति से अलग होने और उत्तराधिकार चयन में अपना दखल न देने को तैयार हो पायेंगे? इसके लिए काफी कम समय बचा है, लेकिन जिस तरह से वरिष्ठ नेता मार्गरेट अल्वा ने वरिष्ठ नेताओं को अपने आचरण में सुधार लाने को लेकर तल्ख टिप्पणी की है, उससे तो यही लगता है कि कांग्रेस हाईकमान अशोक गहलोत से क्षुब्ध है। यह पूरा घटनाक्रम कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में नैतिक साहस की कमी की ओर भी इशारा करता है, जिसकी वजह पार्टी की चुनावी हार है। अगर यही घटना इंदिरा गांधी या राजीव गांधी के दौर में होती, तो वे चाहे सत्ता में होते या नहीं, मगर हाईकमान के इकबाल के लिए तत्काल सख्त फैसला लेते। मुमकिन है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व मुख्यमंत्री को पहले ही कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया होता। मगर मौजूदा नेतृत्व को डर है कि कहीं वे बगावत पर न उतर जाएं। इस लिहाज से राजस्थान सोनिया गांधी और राहुल गांधी की कार्यशैली का इम्तिहान भी है। मां-बेटे में संबंध तो काफी मधुर हैं, लेकिन दोनों की राजनीतिक कार्यशैली अलग-अलग है। सोनिया गांधी मान-मनुहार या सबको साथ लेकर चलने की हिमायती हैं, जबकि राहुल गांधी सख्त फैसले लेने में यकीन करते हैं। लिहाजा, ताजा घटनाक्रम कांग्रेस नेतृत्व के धैर्य की ही नहीं, उनके राजनीतिक कौशल की भी परीक्षा है। कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए पार्टी में कई नेता इच्छुक रहे हैं। पिछली सदी के सातवें दशक के बाद से ऐसे दो नेता (पीवी नरसिंह राव और सीताराम केसरी) इस मुकाम तक पहुंच चुके हैं, जो नेहरू-गांधी परिवार के नहीं थे।

■ रशीद किदवई

# पूरे विश्व में एकात्म मानववाद

भारतीय संस्कृति में एकात्म सभी जगह पर दिखाई देता है और अनेकता में एकता भी भारतीय संस्कृति का ही विचार है। परमात्मा के विराट दर्शन में कई अंश दिखाई देते हैं परंतु सभी एक दूसरे से जुड़े हुए भी दिखाई देते हैं। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय का जन्म दिनांक 25 सितम्बर 1916 को नगला चंद्रभान गांव उत्तर प्रदेश में हुआ था। आपके पिता का नाम श्री भगवतीप्रसाद जी उपाध्याय एवं माता का नाम श्रीमती रामप्यारी उपाध्याय था। बचपन के साथ-साथ आपका पूर्ण जीवन ही बहुत संघर्षमय रहा था। आपकी आयु जब मात्र दो वर्ष की थी, तब वर्ष 2018 में, आपके पिता इस दुनिया से चल बसे थे। इन परिस्थितियों के बीच आपका पालन पोषण आपके नानाजी के घर पर हुआ। परंतु, कुछ समय पश्चात ही आपकी माताजी का भी देहांत हो गया और जब आपकी आयु मात्र 10 वर्ष की थी तब आपके नानाजी भी चल बसे। इस प्रकार आपने बहुत छोटी सी आयु में ही अपने पूरे परिवार को खो दिया था। अब आपको अपने भाई श्री शिवदयाल जी का ही एक मात्र सहारा था। दोनों भाई अपने मामाजी के साथ रहने लगे। श्री दीनदयालजी जी अपने भाई से बहुत प्यार करते थे और आपने अपने भाई को सदैव एक अभिभावक के रूप में देखा। परंतु, नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था, तथा वर्ष 1934 में आपके भाई की भी मृत्यु हो गई। अब आपके साथ अपने परिवार का एक भी सदस्य नहीं बचा था। फिर भी आपने अपने जीवन में कभी भी अपनी जिन्दगी से हार नहीं मानी और जैसे इस पूरे देश को ही आपने अपना परिवार मान लिया था। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच आपने अपनी पढ़ाई पर बिल्कुल भी आंच नहीं आने दी एवं आपने वर्ष 1936 में बीए स्नातक की उपाधि प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। बाद में, आपने एमए की परीक्षा भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। शिक्षा पूर्ण करने के तुरंत बाद ही आप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गये। आप आजीवन संघ के प्रचारक रहे। आप मात्र 51 वर्ष की अल्पायु में दिनांक 11 फरवरी 1968 को इस दुनिया को छोड़कर चले गये। आपने अपने जीवनकाल में कई कृतियों की रचना की थी, जिनमें शामिल हैं - एकात्म मानववाद, भारतीय अर्थनीति का अवमूल्यन, जगद्गुरु शंकराचार्य, सम्राट चन्द्रगुप्त, राष्ट्र जीवन की दिशा, दो योजनाएं, राजनीतिक डायरी, आदि। आपके बाल जीवन के कुछ प्रसंग सुनकर आपकी संवेदनाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलती है। एक बार आप आगरा में अपने नाना जी के साथ सब्जी खरीदने हेतु मंडी में गये एवं गलती से एक खोटा सिक्का सब्जी वाली माताजी को दे दिया। घर आकर जब उन्हें यह बात ध्यान में आई तो वे तुरंत उस सब्जी वाली माताजी के पास गये एवं उस माताजी के मना करने के बावजूद आपने उसकी रेजगारी में से खोटा सिक्का ढूंढकर उनको अच्छा सिक्का देकर घर वापिस आए और तब जाकर आपको संतोष हुआ। इसी प्रकार, एक बार आप पूजनीय श्री गुरु गोलवलकर जी के साथ यात्रा कर रहे थे। श्री गुरुजी दूसरी श्रेणी के डिब्बे में थे और श्री उपाध्याय जी तृतीय श्रेणी के डिब्बे में थे।

■ प्रह्लाद सबनानी

# अर्थव्यवस्था में मंदी की आहट

इसमें कहा गया है कि दुनिया भर के केंद्रीय बैंक जिस तरह से अपनी प्रमुख ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं, उससे अर्थव्यवस्था में सुस्ती बढ़ती जा रही है और यह सुस्ती 2023 में मंदी का रूप अख्तियार कर लेगी। रपट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में इस तरह की सुस्ती 1970 के बाद पहली बार देखी जा रही है। महंगाई और बेरोजगारी की लंबी खिंचती परिस्थिति जिस परिणाम में बदल सकती है, अर्थव्यवस्था में उसके संकेत दिखाई देने लगे हैं। यह संकेत उनके लिए डरावना है, जिनकी जेब खाली है और हाथों में काम नहीं है। यह संकेत उनके लिए चेतावनी है, जिनके बटुए फिलहाल तो भरे हैं, मगर खाली होने का खतरा है। यह संकेत उस तंत्र के लिए भी चेतावनी है, जो कमोबेश इस परिस्थिति के लिए जिम्मेदार है, मगर जवादेही से बचता रहा है। वैश्विक आर्थिक हालात और घरेलू परिस्थितियों के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) और विश्व बैंक सहित सभी रेटिंग एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत के जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के अनुमान घटा दिये हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने 7.5 फीसद के अपने अनुमान को घटा कर 6.8 फीसद कर दिया, सिटी बैंक ने आठ फीसद को 6.7 फीसद, गोल्डमैन सैक्स ने 7.2 फीसद को सात फीसद, फिच ने 7.8 फीसद को सात फीसद, मूडीज ने 8.8 फीसद को 7.7 फीसद, इंडिया रेटिंग्स ने सात फीसद को 6.9 फीसद, आइएमएफ ने 8.2 फीसद को 7.4 फीसद और विश्व बैंक ने आठ फीसद के अनुमान को घटा कर 7.5 फीसद कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को भले ही 7.2 फीसद पर बरकरार रखा है, लेकिन वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही की दर उसके अनुमान को बेमानी साबित करती है। आरबीआइ ने पहली तिमाही के लिए 16.2 फीसद वृद्धि दर का अनुमान लगाया था, लेकिन 13.5 फीसद से ही संतोष करना पड़ा। जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट का सीधा अर्थ होता है कि आर्थिक गतिविधियां सुस्त हो रही हैं। आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती बेरोजगारी बढ़ाती है। बेरोजगारी से कमाई घटती है। कमाई खरीदारी पर असर डालती है और बाजार में मांग घट जाती है। फिर उत्पादन घटाना पड़ता है और बेरोजगारी बढ़ जाती है। कमाई, खपत, मांग और उत्पादन में गिरावट का चक्र लंबे समय तक टिका रहा तो यह दुश्चक्र में बदल जाता है। अर्थशास्त्र की भाषा में इसे ही मंदी कहते हैं। मंदी में जीडीपी वृद्धि दर बढ़ने के बजाय घटने लगती है। लगातार दो तिमाहियों में जीडीपी वृद्धि दर घट गई तो तकनीकी तौर पर मंदी मान ली जाती है। भारत में फिलहाल यह स्थिति नहीं है, लेकिन वर्तमान आर्थिक चुनौतियां भविष्य के संकेत दे रही हैं। विश्व बैंक ने अपनी एक ताजा रपट में 2023 में भयानक वैश्विक मंदी की बात कही है। इसमें कहा गया है कि दुनिया भर के केंद्रीय बैंक जिस तरह से अपनी प्रमुख ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं, उससे अर्थव्यवस्था में सुस्ती बढ़ती जा रही है और यह सुस्ती 2023 में मंदी का रूप अख्तियार कर लेगी। रपट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में इस तरह की सुस्ती 1970 के बाद पहली बार देखी जा रही है। अमेरिका, यूरोप और चीन जैसी दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भयानक सुस्ती है। आगे यह दूसरी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को भी चपेट में ले लेगी। अमेरिका और ब्रिटेन में महंगाई दर चालीस साल के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। केंद्रीय बैंक इसी महंगाई को नियंत्रित करने ब्याज दर बढ़ाते जा रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व लगातार तीन बार ब्याज दर बढ़ा चुका है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। साल के अंत तक फेड की ब्याज दर 4.4 फीसद तक पहुंचने का अनुमान है। फेडरल रिजर्व की ब्याज दर वृद्धि महंगाई नियंत्रण में तो बेअसर दिखती है। लेकिन डालर की मजबूती में इसका असर स्पष्ट है। डालर नित नई ऊंचाई छू रहा है। भारतीय रुपया उसी रफ्तार से नीचे गिर रहा है। डालर के मुकाबले रुपया 81 के स्तर से भी नीचे लुढक चुका है। रुपए को संभालने आरबीआइ भी ब्याज दर बढ़ा रहा है। मई 2022 से अब तक तीन बार में 1.40 फीसद वृद्धि की जा चुकी है। इस महीने होने वाली समीक्षा बैठक में 50 आधार अंकों की अतिरिक्त वृद्धि का अनुमान है। रेपो दर बढ़ाने के पीछे का जाहिर मकसद बाजार में तरलता घटा कर मांग को नीचे लाना होता है, ताकि महंगाई नीचे आ जाए। लेकिन महंगाई घटाने का यह फार्मूला तब कारगर होता है, जब बाजार में मांग ज्यादा हो। भारत में या पूरी दुनिया में मौजूदा महंगाई मांग के कारण नहीं, बाधित आपूर्ति के कारण है। भारत में महंगाई, बेरोजगारी की दीर्घकालिक परिस्थिति के कारण मांग पहले से सतह पर है। इससे ज्यादा मांग घट नहीं सकती, घटेगी तो दृश्य वीभत्स होगा। अस्थिर आर्थिक वातावरण में ब्याज दर वृद्धि के जरिये विदेशी निवेश आकर्षित करना और उसे टिकाये रखना चलनी में पानी रोकने के समान है।

■ सरोज कुमार

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

वे जनार्दन श्रीकृष्ण द्वारकामें अनेक कार्य करके और प्रभासक्षेत्रमें देहका परित्यागकर अपने कुटुम्बसहित स्वर्ग चले गये। विप्रशापके कारण समस्त यादवगण पुत्रों, पौत्रों, मित्रों, भाइयों और बहनोंसहित प्रभासक्षेत्रमें नष्ट हो गये और वासुदेव श्रीकृष्ण भी व्याधके बाणसे निधनको प्राप्त हुए। हे राजन्! इस प्रकार मैंने आपसे कर्मकी गहन गतिका वर्णन कर दिया॥ 39-41॥

जनमेजय बोले- हे द्विज। पृथ्वीका भार उतारनेके लिये बलराम और श्रीकृष्ण के अवतारको बात आपने कही, किंतु मेरे मनमें एक संशय है॥ 1॥

द्वापरयुगके अन्तमें अत्यन्त दीन तथा आतुर होकर भारी बोझ दबी हुई पृथ्वी गौका रूप धारण करके ब्रह्माजीको शरणमें गयी ॥ २॥

तब ब्रह्माजीने लक्ष्मीपति भगवान् विष्णुसे प्रार्थना की- 'हे भगवन्। हे विभो। हे जनार्दन। पृथ्वीका भार उतारने के लिये और साधुजनोंको रक्षाके लिये आप देवताओंके साथ भारतवर्ष में वसुदेव के घरमें शीघ्र ही अवतार लीजिये ॥ 3-4॥

ब्रह्माजीके द्वारा इस प्रकार प्रार्थना किये जानेपर भगवान् पृथ्वीका भार उतारनेके लिये बलरामके साथ देवकीके पुत्र हुए तब उन्होंने अनेक दुष्टों तथा सभी दुराचारी और पापबुद्धि राजाओंको ज्ञात करके उन्हें मारकर पृथ्वीका कितना भार उतारा ॥ 5-6॥

भीष्म मारे गये, द्रोणाचार्य मारे गये इसी प्रकार विराट, द्रुपद, बाह्लीक, सोमदत्त और सूर्यपुत्र कर्ण मारे गये। परंतु जिन्होंने कृष्णको पत्नियोंका हरण किया और उनका सारा धन लूट लिया, उन दुष्टोंको तथा जो करोड़ों आभीर, शक, म्लेच्छ और निषाद पृथ्वीतलपर स्थित थे उन सबको उन्होंने नष्ट क्यों नहीं कर दिया ? तब उन बुद्धिमान श्रीकृष्णने पृथ्वीका कौन-सा भार उतार दिया। हे महाभाग ! मेरे चित्तसे यह सन्देह नहीं हटता है; इस कलियुगमें तो समस्त प्रजा पापपरायण ही दिखायी देती है ॥ 7-10॥

व्यासजी बोले- हे राजन्! जैसा युग होता है, कालप्रभावसे प्रजा भी वैसी ही होती है, इसके विपरीत नहीं होता; इसमें युगधर्म ही कारण है॥ 11॥

जो धर्मानुरागी जीव हैं, वे सत्ययुगमें हुए; जो धर्म और अर्थसे प्रेम रखनेवाले प्राणी हैं, वे त्रेतायुगमें हुए: धर्म, अर्थ और कामके रसिक प्राणी द्वापरयुगमें हुए और अर्थ तथा काममें आसक्ति रखनेवाले सभी प्राणी इस कलियुगमें होते हैं ॥ १२-१३॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# 21वीं सदी का युग

पहले शहर से लेकर गांवों में कुआं व नदी घाट पर लोग नहाने-धोने का काम किया जाता था। आधुनिक जीवन शैली ने लोगों के कमरे में बंद होकर स्नान व कपड़ा धोने को मजबूर कर दिया है। आज लगभग सभी पक्के मकानों में पानी टंकी छत पर दिखाई देती है। इससे लोगों को तो सुविधा मिली, लेकिन हर दिन लाखों लीटर पानी उस टंकी में चढ़ा दिया जाता है। इसका असर धीरे-धीरे ऐसा हुआ कि आज जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुंओं को शहरों में अनुपयोगी मानकर उसे ढक दिया गया है। साथ ही वहां पर दुकानें बना दी गई है। बुनियादी रूप से हम अपनी समस्याओं के खुद ही पैदा करने वाले हैं। ऐसे में हमें वापस उन्हीं दौर में लौटना होगा जब एक कुएं व चापानल से लगभग पूरा मुहल्ला स्नान कर लेता था और घर के काम के लिए एक या दो बाल्टी पानी ढोकर अपने घर ले जाया करता था। आधुनिकता के लाभ ने हमें इन सब के बारे में विचार करने का मौका ही नहीं दिया। आज हालत हैं कि लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही प्राकृतिक प्रदत्त सुविधाएं कम होती जा रही हैं। पेड़-पौधों को काटकर हम कूलर व एयर कंडीशन की हवा खा रहे हैं। सच बात यह है कि गांव के पीपल की छांव में बैठकर जो शांति व सकून मिलता था वह एक कमरे में बैठकर कूलर एयरकंडीशन में नहीं मिलती है।

■ विनोद कुमार, हमीदगंज, मेदिनीनगर।

# जहां माध्याह्न भोजन से पहले नाश्ता भी कर रहे हैं बच्चे

आप सुबह किसी का कैसे अभिवादन करते हैं? आप इस सवाल को गूगल कर सकते हैं और दुनिया भर में जवाब की प्रवृत्ति कमोबेश एक ही जैसी मिलेगी। हालांकि, अब तमिलनाडु में एक बदलाव आया है। सामान्य अभिवादन के बाद अब आमतौर पर यह सवाल पूछा जाने लगा है, 'क्या आपने नाश्ता कर लिया है?' यह एक विश्वास है कि किसी व्यक्ति की भलाई उसके भोजन से शुरू होती है। यह हमारी संस्कृति में निहित है और इसलिए यह अचरज की बात नहीं है कि तमिलनाडु ने स्कूलों में मुफ्त दोपहर भोजन योजना को अब नाश्ते तक बढ़ा दिया है। पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने चेन्नई से 460 किलोमीटर दूर मंदिरों के शहर मदुरै में निगम द्वारा संचालित प्राथमिक स्कूल में बच्चों के साथ खिचड़ी खाकर तमिलनाडु मुख्यमंत्री नाश्ता योजना की शुरूआत की। इससे अकेले इस शहर में 1.15 लाख बच्चों को लाभ पहुंचने की संभावना है। गौर कीजिये, तमिलनाडु में इस योजना की शुरूआत के 102 वर्ष बाद यह मौका आया है। 1920 में मदुरै के तत्कालीन महापौर पी थेयगरी शेट्टी ने स्कूल टिफिन योजना शुरू की थी। महापौर ने कक्षाओं में प्रवेश बढ़ाने के लिए ऐसा किया था। परिणाम आश्चर्यजनक रहे थे। हालांकि, दो साल बाद अंग्रेजों ने इसे निलंबित कर दिया, लेकिन 1925 में इसे फिर शुरू कर दिया गया। बाद में कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री के कामराज ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया और 1950 के दशक के मध्य में कई कार्यक्रमों, योजनाओं की शुरूआत की, जिसमें मध्याह्न भोजन योजना भी शामिल थी। इसके तत्काल फायदे मिले, बच्चों के नामांकन में वृद्धि हुई, कक्षा में उपस्थिति में सुधार हुआ और बीच में ही स्कूली शिक्षा छोड़ने वालों की संख्या घट गई। बाद के सभी मुख्यमंत्रियों ने इस योजना में सुधार किये। अब स्टालिन ने नाश्ते की शुरूआत कर योजना का विस्तार किया है। यह सब जानते हैं कि नाश्ता, दिन का पहला भोजन, भारी होना चाहिए, लेकिन गरीब बच्चे खाली पेट कक्षाओं में पहुंचते हैं। पिछले दिनों एक स्कूल भ्रमण के दौरान स्टालिन ने इस योजना विस्तार के बारे में सोचा। मुख्यमंत्री ने एक बच्चे से पूछा था, 'क्या तुमने नाश्ता किया है?' बच्चे ने इनकार कर दिया, तब शिक्षकों ने बताया कि अधिकांश गरीब बच्चे खाली पेट ही आते हैं और मिड डे मील के रूप में अपना पहला भोजन लेते हैं। अब यह योजना राज्य भर में 1,500 से ज्यादा स्कूलों में शुरू हो गई है, जिससे एक लाख से अधिक प्राथमिक कक्षा के बच्चों को लाभ हो रहा है। हर नाश्ते की कीमत लगभग 12.75 रुपये है। मध्याह्न भोजन से बच्चों को 553 कैलोरी और 18 ग्राम प्रोटीन मिल रहा है। नाश्ते की योजना से उसमें 293 कैलोरी और 9 से 10 ग्राम प्रोटीन जोड़ा गया है, जिससे कुल कैलोरी 846 और प्रोटीन 28 ग्राम हो गया है। केंद्र सरकार के निर्देश के अनुसार, हर बच्चे को 450-700 कैलोरी और 12-20 ग्राम प्रोटीन के साथ भोजन मिलना चाहिए। कई अध्ययनों से पता चला है कि स्कूलों में भोजन का प्रावधान छात्रों की सीखने की क्षमता को भी बढ़ाता है। देश भर में 12 करोड़ बच्चों को लाभ पहुंचाने वाली इस योजना के लिए केंद्र धन देता है और भारत दुनिया में सबसे बड़ा मुफ्त स्कूल भोजन योजना चलाता है। शोधों से पता चला है कि गरीबों के बीच मुफ्त भोजन योजना का विस्तार लाखों युवाओं के विकास की संभावनाओं को बल दे सकता है। वैसे एक अन्य पहलू इसका खराब क्रियान्वयन है। बिहार में 2013 में 23 बच्चों की मौत हो गई थी, उन्हें कीटनाशक युक्त भोजन दिया गया था। तब पूरे देश में रोष और सदमे की लहर दौड़ गई थी। बेशक, भोजन की गुणवत्ता चिंता पैदा करती है। इसलिए स्टालिन ने राज्य में स्कूल प्रबंधन को सलाह दी है कि वे बच्चों की 'खूब देखभाल' करें व उन्हें 'अपना' मानें। उन्होंने बच्चों से कहा है, 'शिक्षा ही एकमात्र ऐसी संपत्ति है, जिसे कोई आपसे छीन नहीं सकता है, इसलिए आपको बिना किसी चिंता के पढ़ाई करनी चाहिए और मैं यहां आपकी मदद के लिए हाजिर हूं'। निगरानी और सुधार की लगातार कोशिशों का ही सुफल है कि 2020 के सर्वेक्षण के अनुसार, तमिलनाडु मध्याह्न भोजन योजना पर खर्च के मामले में देश में पहले स्थान पर है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ एस श्रीनिवासन

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### नक्सलियों ने लगाये चार किलो का प्रेशर आईईडी सीआरपीएफ ने किया बरामद



**बीजापुर (एजेंसी)।** जिले के चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत मोदकपाल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंगुपल्ली स्थित सीआरपीएफ 170 बटालियन के जवान गुरुवार को सर्चिंग के लिए रवाना हुए थे, इसी दौरान जवानों की सतर्कता से गिलगिच्चा नाला के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए चार किलो का एक प्रेशर आईईडी बरामद किया गया, जिसे बीडीएस की टीम ने मौके पर ही सुरक्षित विस्फोट कर निष्क्रय कर नक्सलियों के नापाक मंसूबे को नाकाम कर दिया है।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर विशेष अभियान में 40 अपराधी गिरफ्तार

**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार के भागलपुर जिले में नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर अपराधियों और अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध चलाये गये विशेष अभियान के तहत पुलिस ने चौबीस घंटे में 40 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने गुरुवार को यहां बताया कि इस अभियान में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई मामलों में फरार चल रहे 40 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से एक राइफल, मैगजीन, पांच मोबाइल एवं एक मोटरसाइकिल जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान अलग-अलग इलाकों से 4261 लीटर अवैध देशी और विदेशी शराब कई वाहनों के साथ जब्त की गयी है। श्री प्रभात ने बताया कि जिले के विभिन्न मार्गों पर अवैध रूप से चल रहे वाहनों की जांच पड़ताल करने के दौरान बिना कागजात वाले 41 वाहनों से जुमार्ने के रुप में कुल 46 हजार रुपये राशि की वसूली की गई है। सभी थाना क्षेत्रों में झारखंड एवं पश्चिम बंगाल से आने वाले अवैध शराब की खेपों पर विशेष नजर रखने के साथ साथ वांछित तत्वों की गिरफ्तारी मे कोतही नही बरतने का निर्देश थानाध्यक्षों को दिया गया है।

### अखिलेश यादव फिर बने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को लगातार तीसरी बार समाजवादी पार्टी (सपा) का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने पार्टी के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन गुरुवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर अखिलेश के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की। अध्यक्ष पद के चुनाव में अखिलेश के अलावा किसी अन्य नेता के नाम का प्रस्ताव नहीं आया था। लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित सपा के राष्ट्रीय सम्मेलन का गुरुवार को अंतिम दिन है। लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनने के बाद अखिलेश ने पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया। अखिलेश ने सत्ताधारी भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि यह जिम्मेदारी आप सब ने तब दी है, जब देश के लोकतंत्र और संविधान को खतरा है।

### मोतिहारी जेल के कैदी की इलाज के दौरान मौत

**मोतिहारी (एजेंसी)।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी 35 वर्षीय सुदामा मुखिया की गुरुवार को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के दौरान मौत हो गई है। मौत के बाद शव का दंडाधिकारी की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड का गठन कर पोस्टमार्टम किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मृतक सुदामा को गत 25 सितंबर को पुलिस ने सात लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।लेकिन स्थिति बिगड़ने के बाद उसे शहर के एक निजी अस्पताल में कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे है,जहां चीख पुकार मची हुई है।

### सड़क हादसे में तृणमूल नेता की मौत

**अलीपुरद्वार (एजेंसी)।** बुधवार रात हुई सड़क दुर्घटना में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता की मौत हो गई है। मृत तृणमूल नेता का नाम गंगा छेत्री (45) है। वह जिले के मदारीहाट मध्य चेकामारी के रहने वाले थे। गंगा तृणमूल की खैरबारी अंचल कमेटी संपादकीय मंडल के सदस्य थे। उन्हें हाल ही में आइएनटीटीयूसी के अंचल अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया था। बताया जा रहा है कि बुधवार देर रात जिले के रंगालीबाजना टोल प्लाजा के पास एशियन हाईवे पर गंगा छेत्री रक्तरंजित हालत में जमीन पर गिरे हुए थे। बगल में उनका बाइक भी पड़ा हुआ था। अनुमान है कि किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत मदारीहाट ग्रामीण अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मदारीहाट पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने असामान्य मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाराबंकी के घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की फावड़े से हत्या की

**बाराबंकी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक पति ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी की फावड़े से काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को हत्या में इस्तेमाल किए गए फावड़े के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार बाराबंकी के सतरिख थाना क्षेत्र के बबुरिहा गांव निवासी अजय रावत का अपनी पत्नी वर्षा रावत (38) से किसी बात को लेकर बीती रात विवाद हुआ था। अजय रावत ने आज तड़के लगभग 4:00 बजे, घर में रखे फावड़े से पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार किये। इससे गंभीर रूप से घायल हुयी पत्नी की कुछ ही देर में मौत हो गई। हत्या के बाद युवक भागा नहीं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) डा अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मामले की छानबीन की जा रही है। मृतका के चार बच्चे हैं।

# प्रदेश के सभी गांवों में लगाये जाएंगे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट : योगी

## स्वच्छ पानी उपलब्ध होने से बीमारियों को मिलेगी मुक्ति

**लखनऊ (एजेंसी)।** सरकार ने जल जीवन मिशन योजना से प्रत्येक गांव में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का निर्णय लिया है। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगने से गांवों में पहुंचने वाला पानी आरओ के पानी से बेहतर, स्वच्छ और लाभदायक होगा। इससे गांवों में होने वाली कई प्रकार की बीमारियों से भी मुक्ति मिलेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा था कि प्रत्येक घर में पहुंचने वाला पानी तमाम मिनरल्स से भरपूर होना चाहिए। अभी शहर और गांवों में जो जार का पानी पिया जा रहा है, वो खतरनाक है। अभियान चलाकर सरकार लोगों को इसके प्रति जागरूक करेगी। इस योजना के तहत सरकार ने मार्च 2024 तक सभी 2.64 करोड़ घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

**गांव में लगेंगे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट :** इस योजना पर युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति तक शुद्ध पीने योग्य पानी पहुंचे, इसके लिए प्रत्येक गांव के बाहर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाएंगे। इन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में नदियों या भूजल से लिए जाने वाले पानी का ट्रीटमेंट होगा। ट्रीटमेंट में इस बात का ख्याल रखा जाएगा कि पीने योग्य पानी में सभी जरूरी मिनरल्स मौजूद रहें। ट्रीटमेंट के जरिए सिर्फ पानी में मौजूद खतरनाक बैक्टीरिया को खत्म किया जाएगा। यह नेचुरल पानी की तरह होगा जबकि आरओ के पानी में बैक्टीरिया के साथ-साथ मिनरल्स भी खत्म हो जाते हैं। इसके अलावा उन सुदूर क्षेत्रों में जहां आरओ का पानी भी उपलब्ध नहीं है, वहां लोगों को फ्लोराइड युक्त अशुद्ध जल पीने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा।

**हर व्यक्ति को मिलेगा शुद्ध जल :** समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा था कि हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल मिले, यह उसका मौलिक अधिकार है। शुद्ध पेयजल की तलाश में शहरों और गांव में लोग जार का पानी पी रहे हैं। तमाम सर्वे में पता लगा है कि जार का पानी शुद्ध नहीं है। यह तमाम रोगों का कारण बन सकता है। इसको लेकर हमें लोगों को अभियान चलाकर जागरूक करना होगा।

**बीमारियों से मिलेगी निजात :** जल जीवन मिशन के तहत सूखा प्रभावित क्षेत्रों, जल गुणवत्ता प्रभावित गांवों, जल गुणवत्ता प्रभावित गांवों, जापानी इंसेफेलाइटिस, एक्यूट इंसेफेलाइटिस से प्रभावित जिलों को प्राथमिकता पर रखा गया। इससे ग्रामीण इलाकों को दस्त, हैजा, टायफायड, मलेरिया, डेंगू, चमड़ी का कैंसर, दांतों में फ्लोरोसिस, किडनी में स्टोन, पाचन तंत्र संबंधी बीमारियों से निजात मिलेगी।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे प्रदेश के बस अड्डे



**यात्री** सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में अब प्रदेश के प्रत्येक जिले में अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं वाले बस अड्डे बनाने की तैयारी है। इसके तहत प्रथम चरण में 16 जिलों के 24 बस अड्डों को पीपीपी मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। इन बस अड्डों में अंतरराष्ट्रीय स्तर की यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां आने वाले यात्रियों के खाने-पीने से लेकर वेटिंग रूम, रेस्ट रूम समेत तमाम अनेक सुख सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए अक्टूबर में टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार यात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए बसों की संख्या बढ़ाई जा रही है। एसी बसों का बड़े पैमाने पर संचालन हो रहा है। ई टिकटिंग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बस अड्डों का सुनियोजित विकास भी इसी दिशा में उठाया गया कदम है। राज्य सड़क परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार ने बताया कि बस अड्डों को अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से लैस करने के लिए पीपीपी मॉडल के तहत पूरी प्लानिंग कर ली गई है। अक्टूबर में प्रथम चरण के तहत 16 जिलों में 24 अड्डों को चिन्हित कर उन्हें विकसित करने के लिए टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। इस प्रक्रिया के दूसरे चरण में 35 बस अड्डों को चुना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यह कदम उठाया जा रहा है, ताकि विभिन्न गंतव्यों की ओर जाने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट सरीखी सुविधाएं प्रदान की जा सकें। इस प्रक्रिया के तहत परिवहन विभाग बस अड्डों के लिए सिर्फ जमीन मुहैया कराएगा। उस पर प्राइवेट पार्टी बस स्टैंड बनाकर देगी। कुछ वर्षों तक यह बस अड्डे प्राइवेट पार्टी के पास लीज पर रहेंगे जबकि मेंटीनेंस का जिम्मा भी पूरी तरह प्राइवेट पार्टी का रहेगा।

## पूरा हो गया बछ्वाड़ा-हाजीपुर रेलखंड दोहरीकरण कार्य, अब नहीं रहेगा ट्रैफिक लोड

**बेगूसराय (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को सिद्ध करने में जुटे रेल मंत्रालय ने बिहार में रेल सेवा को एक नई गति दिया है। आधारभूत संरचना सुदृढ़ करने की महत्वपूर्ण कड़ी में पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 71 किलोमीटर लंबे बछवाड़ा-हाजीपुर दोहरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। पूर्वी सर्किल कोलकाता के रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) सुवोमोय मित्रा ने इस परियोजना के अंतिम चरण में तैयार हुए अक्षयवट राय नगर-सहदेई बुजुर्ग नव दोहरीकृत रेलखंड का निरीक्षण बुधवार को किया। इसके साथ ही रेलवे संरक्षा आयुक्त ने विशेष ट्रेन से स्पीड ट्रायल भी किया है। इस रेलखंड के दोहरीकरण हो जाने से एक ओर बरौनी-हाजीपुर वाया मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेल खंड पर ट्रेनों का दबाव कम होगा, वहीं ट्रेन की रफ्तार में भी वृद्धि होगी। करीब 678.54 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले बछवाड़ा-हाजीपुर दोहरीकरण परियोजना की स्वीकृति 2015-16 में दी गई तथा 12 अप्रैल 2016 को तात्कालीन रेल राज्य मंत्री (वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल) मनोज सिन्हा ने रेलखंड के दोहरीकरण का शिलान्यास किया था। गंगा नदी पर पटना में बने नए दीघा पुल से ट्रेनों के परिचालन प्रारंभ हो जाने से सिमरिया पुल (राजेन्द्र सेतु) के रास्ते पूर्वोत्तर भारत को जाने वाली अधिकांश महत्वपूर्ण ट्रेनों का परिचालन इस रेलखंड से होकर किया जाने लगा तो ट्रैफिक काफी बढ़ गया था। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर लगातार रेल रुट जाम रहने तथा हाजीपुर से बछवाड़ा वाया शाहपुर पटोरी रेलखंड के सिंगल लाइन रहने से ट्रेनों को जहां-तहां काफी देर रोकना पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए धन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए प्राथमिकता के तौर पर परियोजना के लिए राशि आवंटित की गई तथा इरकॉन द्वारा हाजीपुर और बछवाड़ा दोनों छोर से तीव्र गति से कार्य किया गया। रेलखंड के दोहरीकरण के साथ-साथ यार्ड रिमॉडलिंग का रिमॉडलिंग पिछले वर्ष ही पूरा कर लिया गया है। बछवाड़ा जंक्शन बरौनी, समस्तीपुर एवं हाजीपुर (वाया शाहपुर पटोरी) लाइनों को जोड़ता है तथा पांच प्लेटफार्म वाले इस यार्ड से प्रत्येक दिन पूर्वोत्तर की ओर जाने-आने वाली राजधानी एक्सप्रेस सहित 54 महत्वपूर्ण गाड़ियां गुजरती हैं। बछवाड़ा जंक्शन से रिमॉडलिंग हो जाने से तीनों दिशाओं से एक साथ ट्रेनों का आना और उसे रवाना करना आसान हो गया है। इसके लिए सात कट और कनेक्शन, 33 प्वाइंट, 73 रूट्स, तीन नयी लाइनों का निर्माण, पांच लाइनों का रिएलाइमेंट एवं विद्युतीकरण किया गया है। इस परियोजना के तहत मार्च 2020 में मोहिउद्दीन नगर से शाहपुर पटोरी (12.94 कि.मी.), मई में बछवाड़ा से मोहिउद्दीन नगर (20 कि.मी.) तथा जनवरी में शाहपुर पटोरी से सहदेई बुजुर्ग (12.32 कि.मी.) दोहरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया था। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने लगातार बैठक कर परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश दिया था। इसके बाद हाजीपुर से अक्षयवट राय नगर और अब अक्षयवट राय नगर से सहदेई बुजुर्ग खंड पर काम तेजी से कर पूरा कर लिया गया है।

## एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंची स्मृति

### सड़कों सहित कुल 129 परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

**अमेठी (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री व अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी गुरुवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुँची। स्मृति अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के कादूनाला स्थित भाले सुल्तान शहीद स्मारक पहुंची जहां पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। इसके उपरांत अमेठी पुलिस द्वारा केंद्रीय मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत बीजेपी किसान मोर्चा द्वारा वृहद पौधरोपण कराया गया था वहां पहुंचकर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी पौधरोपण किया। उसके बाद मंत्री का काफिला कलेक्ट्रेट पहुंचा जहां पर स्मृति ने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित किया। इसी के साथ राष्ट्रीय पोषण के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और क्षय रोगियों को पोषण किट वितरित किया तथा जिले के तमाम किसानों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किया। इस दौरान मंत्री ने पोषण माह के अंतर्गत जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उसके बाद स्मृति ईरानी कलेक्ट्रेट से निकलकर सैंथा रोड के विकास भवन के नजदीक 2 करोड़ 8 लाख 10 हजार रुपए की लागत से बने जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर का विधिवत पूजन करने के बाद उद्घाटन किया।यहीं से करोड़ों रुपए की लागत से जिले की तमाम सड़कों सहित कुल 129 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरी, बीजेपी विधायक सुरेश पासी और एमएलए शैलेन्द्र प्रताप सिंह साथ में मौजूद रहे।



## मोतिहारी में सांप काटने से अधेड़ की मौत परिजन ने डाक्टर पर लगाया आरोप

■ मृतक के शव को सदर अस्पताल के गेट पर रख कर रहे है प्रदर्शन



**मोतिहारी।** जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र के एक 50 वर्षीय व्यक्ति की सांप काटने के बाद इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जिसके बाद उसके परिजनो ने मृतक के शव को मोतिहारी सदर अस्पताल के गेट पर रखकर विरोध जता रहे है। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के शंकर सरैया गांव निवासी प्रभु साह को बीते रात सोये अवस्था में उसके गर्दन पर साँप ने काट लिया। जिसके बाद परिजनो ने उसके इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे। जहां इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया। लेकिन डाक्टर ने इलाज में लापरवाही की। परिजन का आरोप है कि सदर अस्पताल के डाक्टर आराम कर रहे थे और कंपाउडर इलाज कर रहा था। मृतक के बेटे चंद्रकांत कुमार ने बताया कि मेरे पिता की स्थिति ठीक थी ज्यो ही कंपाउडर ने पानी चढाना शुरू किया उनकी हालत खराब होने लगी। उनकी स्थिति खराब होने के बाद करीब चार बजे सुबह उन्हे रहमानिया नर्सिग होम रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। अब परिजन मृतक के शव को सदर अस्पताल के गेट पर रख प्रदर्शन करते हुए दोषी डाक्टर पर कारवाई की मांग कर रहे है। प्रदर्शन की सूचना के बाद सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में कार्यरत डाक्टर समेत सभी स्टॉफ फरार है। जिस कारण अस्पताल के सभी इंमरजेंसी सेवा ठप्प है। वही सूचना पर पहुंचे नगर थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी व पुलिस बल मृतक परिजनो को समझाने मे जुटे है।

### अत्याचार अधिनियम के तहत लाभार्थियों को किया राशि भुगतान

**बिहारशरीफ (एजेंसी)।** जिला मुख्यालय स्थित हरदेव भवन सभागार में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में गुरुवार को अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कर लाभार्थियों को राशि भुगतान किया गया। इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस अधिनियम के तहत 174 मामलों में मुआवजे के रूप में लगभग 2.45 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। 42 मामलों में मृतकों के निकटम आश्रितों को पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। अद्यतन अगस्त-2022 तक पेंशन का भुगतान किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में मुआवजा भुगतान के लिए स्वीकृत 49 अन्य मामले में आवंटन की मांग की गई है। साथ ही आवंटन प्राप्त होते ही डीबीटी के माध्यम से मुआवजे की राशि का भुगतान सीधा लाभुकों के बैंक खाता में किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बैठक में उठाये गए बिंदुओं का अनुपालन निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन प्रतिवेदन समिति के सभी सदस्यों को आगामी बैठक से कम से कम 15 दिन पूर्व उपलब्ध कराने का निदेश जिला कल्याण पदाधिकारी को दिया गया है।

## इमारत में लगी आग, सुरक्षित निकाले गए 14 छात्र

**कानपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में कानपुर के साकेत नगर स्थित दो मंजिला इमारत के बेसमेंट में बने एक गोदाम में गुरुवार को बिजली का शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग की तेज लपटें और धुआं निकलने पर इमारत में चीख पुकार मच गयी। आग की सूचना मिलने पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने इमारत की दूसरी मंजिल पर चला रहे एक कोचिंग सेंटर में मौजूद छात्र-छात्राओं को सुरक्षित निकाल लिया। आग के कारण इमारत में फंसे लोगों को अफरा तफरी के बीच निकाल लिया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस व दमकलकर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गये। पुलिस के अनुसार करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। कानपुर के साकेत नगर में विवेक सचान की दो मंजिला बिल्डिंग के बेसमेंट में कारोबारी सुमित मिश्रा का बाइक के कलपुर्जों का का गोदाम है। भूतल पर डायग्नोस्टिक सेंटर, पहली मंजिल पर जस्ट डायल का ऑफिस और दूसरी मंजिल पर ग्लोबल करियर अकादमी है। गुरुवार को गोदाम में बिजली का शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। कर्मचारियों ने पहले खुद आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब आग बढ़ने लगी तो कंट्रोल रूम पर सूचना दी। इस दौरान कोचिंग सेंटर में पढ़ रहे 14 छात्र-छात्राएं बिल्डिंग में फंस गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह और दमकल की 05 गाड़ी पहुंच गयी। इनकी मदद से 14 छात्रों को सुरक्षित निकाल कर, आग पर काबू पाया गया।




## पूर्व फीफा रेफरी सुमंत घोष का निधन, एआईएफएफ ने शोक व्यक्त किया

**कोलकाता (एजेंसी)।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल (फीफा) के पूर्व रेफरी सुमंत घोष का गुरुवार को निधन हो गया। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने फीफा के पूर्व रेफरी घोष के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सुमंत घोष 70 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। देश में 1990 के दशक के दौर में घोष अपने त्वरित ऑन-फील्ड फैसलों, मैच पर मजबूत नियंत्रण और हाई-प्रोफाइल मैचों के सुचारू संचालन के लिए जाने जाते थे। बंगाल में 10 अप्रैल 1952 को जन्मे घोष 1990 में फीफा रेफरी बने और 1997 में सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने अपने करियर में प्री-विश्व कप, प्री-ओलंपिक, एएफसी क्लब चैंपियनशिप, सैफ कप, जवाहरलाल नेहरू कप जैसे शीर्ष आयोजनों में भाग लिया। सेवानिवृत्ति के बाद घोष ने रेफरी प्रशिक्षक और एआईएफएफ मैच आयुक्त की भूमिका निभाई। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने अपने शोक संदेश में कहा, सुमंत दा के नहीं रहने की बात सुनकर वाकई बहुत दुख हुआ। वह भारत में रेफरी के कार्य के महानायक थे और खेल में उनका अमूल्य योगदान हमेशा हमारे साथ रहेगा। उनके परिवार के साथ मेरी सांत्वना है। एआईएफएफ के महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरन ने कहा, सुमंत घोष एक शीर्ष श्रेणी के रेफरी, एक विद्वान प्रशिक्षक और मैच आयुक्त थे। फुटबॉल बिरादरी उन्हें याद करेगी। उनकी आत्मा को शांति मिले।

# चौथे दिन कुष्मांडा दरबार में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## देवी मां ने इसी मंदिर में साक्षात प्रकट होकर विकट दानवों को मारने के बाद किया था विश्राम

**वाराणसी (एजेंसी)।** शारदीय नवरात्र के चौथे दिन गुरुवार को दुगाकुंड स्थित कुष्मांडा दरबार में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। भोर से ही मातारानी के दरबार में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे। सुबह से दोपहर तक दर्शन पूजन के लिए दर्शनार्थियों की लम्बी कतार मुख्य सड़क पर लगी रही। श्रद्धालुओं के चलते मंदिर परिसर के आसपास मेले जैसा नजारा बना हुआ है। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण अंचल से भी भारी संख्या में श्रद्धालुगण देवी मंदिरों में देखें जा रहे हैं। मुख्य पुजारी के देखरेख में रात तीन बजे के बाद मां के विग्रह को पंचामृत स्नान कराया गया। नूतन वस्त्र धारण करा कर पुष्प मााला, गहनों से उनका भव्य श्रृंगार किया गया। भोग लगाने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंगला आरती करके भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया गया। मंदिर का कपाट खुलते ही कतारबद्ध श्रद्धालु दरबार में अपनी बारी आने पर मत्था टेकते रहे। महिलाओं ने माता रानी को नारियल चुनरी और सिंदूर अर्पित कर संतति वृद्धि, श्री समृद्धि, अखण्ड सौभाग्य की अर्जी लगाई। श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के दौरान मां का गगनभेदी जयकारा लगाते रहे। माना जाता है कि कुष्माण्डा की उपासना से अष्ट सिद्धियों और नौ निधियों की प्राप्ति होती है। माता रानी ने कूष्मांड़ा स्वरूप असुरों के अत्याचार से देव ऋषियों को मुक्ति दिलाने के लिए धारण किया था। देवी कुष्मांडा स्वरूप में अवतरित हुई थी। आदिशक्ति के इस स्वरूप के दर्शन-पूजन से जीवन की सारी भव बाधा, और दुखों से छुटकारा मिलता है। साथ ही भवसागर की दुर्गति को भी नहीं भोगना पड़ता है। मां की आठ भुजाएं हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र और गदा है। मां कुष्माण्डा विश्व की पालनकर्ता के रूप में भी जानी जाती हैं। मान्यता है कि पुष्प धूप दीप आदि श्री सूक्त का पाठ करते हुए आराधना करने से प्रसन्न होकर सभी पापों से मुक्ति दिलाती हैं। देवी मां ने इसी मंदिर में साक्षात प्रकट होकर विकट दानवों को मारने के बाद विश्राम किया था। काशी में मान्यता है कि काशी नरेश की पुत्री शशिकला के स्वयंवर में सुदर्शन की रक्षा के लिए मां दुगाकुंड से प्रकट हुई थीं। काशी नरेश सुबाहू को देवी का वरदान प्राप्त था। उन्होंने ही प्रार्थना कर मां को यही विराजमान होने का अनुरोध किया। तभी से मां दुर्गा यहां विराजमान हैं। माना जाता है कि देवी ने ही ब्रह्मांड की रचना की थी। सृष्टि की उत्पत्ति करने के कारण इन्हें आदिशक्ति भी कहा जाता है।



## भ्रष्टाचार, अपराध और आतंक में डूबी थी सपा सरकार : बृजेश पाठक

**देवरिया (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में गुरुवार को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर आरोप लगाते हुए कहा कि सपा सरकार भ्रष्टाचार, अपराधी और आतंक में आकंठ डूबी थी। पाठक ने संवाददाताओं से कहा कि सपा सरकार मे हुए भ्रष्टाचार को गिनाया जाय तो कम पड़ जायेंगे। उन्होंने कहा कि रिवरफ्रंट से लेकर खनन घोटाले सहित अनेक घोटाले सपा सरकार में हुए हैं। उन्होंने कहा कि सपा का अपराधियों और भ्रष्टाचार से पुराना नाता रहा है। पाठक ने कहा कि अभी हाल ही में आजमगढ़ जेल में बंद कुख्यात शराब माफिया से मिलने सपा मुखिया गये थे। इससे साफ होता है कि सपा की नीयत अपराधियों को पुष्पित और पल्वित करने की रही है। उन्होंने कहा कि सपा अपना राष्ट्रीय और प्रादेशिक अधिवेशन करने का नाटक कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा का आम जनता से कोई वास्ता नहीं है। यह एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। सपा को आने वाले चुनाव में 20 प्रतिशत वोटों के भी लाले पड़ जायेंगे।



## न्यूज गैलरी

### मांकड़ तब तक नहीं करूंगा जब तक मैं किसी से नाराज नहीं हूं : मोईन अली

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय दौरे पर इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान मोईन अली ने कहा है कि वह क्रीज से बहुत दूर खड़े होनेवाले बल्लेबाज को कभी आउट नहीं करेंगे। भारत की ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा द्वारा 24 सितम्बर को लॉर्ड्स में तीसरे महिला एकदिवसीय मैच में ऐसा किया गया था जिसके बाद एक बार फिर से यह बहस छिड़ गयी थी कि क्या यह सही है या गलत। दीप्ति शर्मा ने डीन को नॉन-स्ट्राइकर एंड पर 44वें ओवर में रन आउट किया था। दीप्ति के मुताबिक उन्होंने रन आउट करने से पहले प्रतिद्वंद्वी टीम की बल्लेबाज को चेतावनी दी थी। एक रिपोर्ट में मोईन के कहा गया कि हवाले से कहा, नहीं, यह मेरी बात नहीं है। मुझे नहीं लगता कि मैं इसे कभी भी कर पाऊंगा जब तक कि मैं वास्तव में किसी से नाराज नहीं हूं। यह (आईसीसी) कानूनों में है और इसमें कुछ भी अवैध नहीं है, इसलिए जो लोग इसे करते हैं उनके पास अधिकार है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि यह सामान्य बात, या ऐसा कुछ नहीं है जो नियमित रूप से किया जाता है। उन्होंने कहा, आप वास्तव में एक विकेट हासिल करने के लिए काम नहीं कर रहे हैं। कम से कम एक रन आउट के साथ, थोड़ा सा काम करना पड़ता है और अन्य सभी बर्खास्तगी के साथ। यह सिर्फ उस आदमी की प्रतीक्षा कर रहा है और बल्ला बंद कर रहा है। यहां तक कि जब मैं बचपन में बगीचे में क्रिकेट खेलता था, तब भी यह मेरे काम नहीं आता था।

### ट्विटर यूजर ने अमित मिश्रा से डेट के लिए मांगे तीन सौ रुपये

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय लेग स्पिनर अमित मिश्रा हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय हैं, चाहे वह तीखी प्रतिक्रिया और प्रतिक्रिया देने की बात हो या कुछ प्रशंसकों की मदद करने की बात हो। कुछ ऐसा ही हाल ही में देखने को मिला जब इंडिया लीजेंड्स और ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स के बीच चल रहे रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज मैच में सुरेश रैना के कैच पर अमित मिश्रा ने प्रतिक्रिया दी। उसी ट्विट पर एक ट्विटर उपयोगकर्ता ने अमित मिश्रा से उन्हें 300 रुपये भेजने का अनुरोध किया, क्योंकि वह अपनी प्रेमिका के साथ डेट करना चाहते थे और यहां तक कि मनी ट्रांसफर के लिए अपनी यूपीआई आईडी भी साझा की। कई लोगों को उम्मीद थी कि मिश्रा अनुरोध को अनदेखा कर देंगे, लेकिन उन्होंने बेहतर किया और तीन की जगह लेग स्पिनर ने यूपीआई के माध्यम से उपयोगकर्ता को पांच सौ रुपये भेज दिये और इसका स्क्रीनशॉट भी साझा किया। मिश्रा ने ट्वीट करते हुए लिखा, हो गया, डेट के लिए शुभकामनाएं। यूजर ने पेमेंट मिलने के बाद अमित मिश्रा का शुक्रिया अदा किया और कहा- थैंक्यू सर इस गिफ्ट के लिए लव यू सर।

### मुक्केबाज शिव थापा ने जीता डब्ल्यूबीसी का खिताब

बैंकाक (एजेंसी)। भारत के सुपर मिडिलवेट मुक्केबाज शिव ठाकरान ने यहां मलेशिया के आदिल हफीज को नॉकआउट में हराकर डब्ल्यूबीसी एशिया महाद्वीप में खिताब अपने नाम किया। भारतीय मुक्केबाज ने आठ दौर के मुकाबले में जीत दर्ज करके एशियाई पेशेवर मुक्केबाजी सर्किट में सनसनी फैलायी। ठाकरान ने बाद में कहा कि तीन महीने पहले जब यह मुकाबला तय किया गया था तब किसी को भी विश्वास नहीं था कि मैं छठे दौर तक भी जा पाऊंगा नॉकआउट तो दूर की बात रही। कई लोगों ने मुझे पहले ही हारा हुआ मान लिया था, क्योंकि मैंने एक साल से भी अधिक समय से कोई मुकाबला नहीं लड़ा था।

# टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हुए बुमराह

## पीठ की चोट के कारण नहीं खेलेंगे वर्ल्ड कप, मोहम्मद शमी को मिल सकता है मौका

बेंगलुरु (एजेंसी)। टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया में होनेवाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण वर्ल्ड कप नहीं खेलेंगे। वो पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं। उन्हें ठीक होने में चार से छह महीने लगेंगे। बुधवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गये पहले टी-20 में भी वो टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने अभ्यास सत्र के दौरान पीठ दर्द की शिकायत की थी। जिसके बाद मेडिकल टीम के कहने पर उन्हें पहले टी-20 मैच से बाहर किया गया था। इसी चोट के कारण उन्होंने एशिया कप भी नहीं खेला था।



**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में हुई थी वापसी :** जसप्रीत बुमराह पूरे एशिया कप से बाहर रहे थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गये तीन मैचों की टी-20 सीरीज में उनकी वापसी हुई थी। यहां भी वो पहला मुकाबला नहीं खेल पाये थे। दूसरे मैच में उन्हें मौका मिला और उन्होंने शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच को यॉर्कर गेंद पर बोल्ड किया था। जिसके बाद खुद फिंच ने उनकी तारीफ की थी। इसके अगले मैच में वो थोड़े महंगे साबित हुए थे। उन्होंने 4 ओवर में 50 रन दे दिये थे और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला।

**वर्ल्ड कप में कितना बड़ा घाटा :** बुमराह के ना होने से वर्ल्ड कप में भारत को बहुत बड़ा झटका लगा है। टीम एशिया कप से ही डेथ ओवर में बहुत खराब बॉलिंग कर रही है। टीम के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 18वें और 19वें ओवर में बहुत महंगे साबित हो रहे हैं। ऐसे में उम्मीद थी कि बुमराह के आने से टीम की ये समस्या खत्म होगी। वो डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हैं।

**शमी को मिल सकता है मौका :** बुमराह की जगह अब टीम इंडिया में मोहम्मद शमी को मौका मिल सकता है। वो टी-20 वर्ल्ड कप के रिजर्व खिलाड़ियों में हैं। इस साल आईपीएल में इस खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाया था और जीत भी दिलाई थी। ऑस्ट्रेलिया की पिच सीम और बाउंस होती है। ऐसे में शमी वहां अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं।

### आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।

### विश्व चैम्पियनशिप में शीर्ष पांच पहलवान हासिल करेंगे पेरिस ओलंपिक का कोटा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में शीर्ष छह नहीं बल्कि सभी 18 भार वर्गों में चोटी पर रहनेवाले पांच पहलवान ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए कोटा स्थान हासिल करेंगे। इस तरह से 2023 में होनेवाली विश्व चैम्पियनशिप से 18 कोटा स्थान हटा दिये गये हैं और उन्हें विश्व क्वालीफायर्स में जोड़ दिया गया है, जो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम मौका होगा। यूनाइटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने कुश्ती के विश्व संचालन संस्था की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा कि यह बदलाव विश्व चैम्पियनशिप और विश्व क्वालीफायर्स के बीच कोटा स्थानों के वितरण में निष्पक्षता बरतने के लिए किया गया है। विश्व चैम्पियनशिप अगले साल 16 से 24 सितम्बर के बीच रूस में खेली जायेगी।

# पहले टी-20 में भारत ने साउथ अफ्रीका को आठ विकेट से हराया

## केएल राहुल ने धोनी स्टाइल में छक्के से दिलायी जीत

तिरुवंतपुरम (एजेंसी)। टीम इंडिया ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका को आठ विकेट से हरा दिया। तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने साउथ अफ्रीका की पारी को 20 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन के स्कोर पर ही सीमित कर दिया था। अर्शदीप सिंह ने तीन, दीपक चाहर और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। एक सफलता अक्षर पटेल को मिली। इसके बाद भारतीय टीम ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 110 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया। अफ्रीकी टीम ने शुरुआत में टीम इंडिया को दो बड़े झटके दिये। कप्तान रोहित शर्मा खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गये। वहीं, विराट कोहली के बल्ले से नौ बॉल पर सिर्फ तीन रन निकले। रोहित का विकेट रबाडा और कोहली का विकेट नोर्त्जे ने लिया। दो विकेट जल्दी गिरने के बाद सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल ने भारतीय पारी को संभाला। सूर्या ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंद में 50 रन की धमाकेदार पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 151 का था। वहीं, केएल राहुल के बल्ले से 56 गेंद में 51 रन निकले। उन्होंने 56 गेंद का सामना किया। साउथ अफ्रीका के लिए केशव महाराज ने सबसे ज्यादा 35 बॉल का सामना किया और 41 रन बनाये। वहीं, पर्नेल के बल्ले से 24 रन निकले जबकि मार्करम ने 25 रन की पारी खेली। एक समय नौ रन पर ही पांच अफ्रीकी बल्लेबाज आउट हो गये थे। अक्षर पटेल और अश्विन ने भी अच्छी गेंदबाजी की। दोनों के आठ ओवर में सिर्फ 24 रन आये। अक्षर ने एक विकेट भी लिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए पिछले मैच से तुलना करें तो भारतीय प्लेइंग इलेवन में चार बदलाव हुए थे। भुवनेश्वर कुमार की जगह दीपक चाहर को मौका मिला था।



टीम इंडिया ने मेहमान साउथ अफ्रीका का स्वागत आठ विकेट की करारी हार से किया है। बुधवार को तिरुवनंतपुरम में खेले गये इस लो-स्कोरिंग मुकाबले के दौरान कई रोमांचक मोमेंट्स देखने को मिले और कई रिकॉर्ड भी टूटे। टीम इंडिया ने तेज गेंदबाजों के दम पर साउथ अफ्रीका को 106 रन पर आउट कर दिया। अर्शदीप सिंह ने तीन, दीपक चाहर और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। अक्षर पटेल को एक सफलता मिली। जवाब में मेजबान टीम ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 110 रन बनाते हुए जीत हासिल की। अफ्रीकी गेंदबाजों ने कप्तान रोहित शर्मा (00) और विराट कोहली (03) को जल्दी आउट कर टीम की वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन सूर्यकुमार यादव (50 रन) और केएल राहुल (51 रन) के अर्धशतकों ने उनके इरादों पर पानी फेर दिया। सूर्यकुमार ने 151 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये। टीम इंडिया ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका को आठ विकेट से हरा दिया।

# हार के बाद बोले केशव महाराज- नयी गेंद से निपटने का तरीका ढूंढना होगा

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज का मानना है कि उनकी टीम को नयी गेंद से निपटने का तरीका ढूंढना होगा, क्योंकि भारत के खिलाफ पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्विंग लेती गेंदों के सामने उसका शीर्ष क्रम बिखर गया था। भारतीय गेंदबाजों अर्शदीप सिंह (32 रन देकर तीन विकेट) और दीपक चाहर (24 रन देकर दो विकेट) ने गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराकर दक्षिण अफ्रीका का शीर्ष क्रम लड़खड़ा दिया था जिससे भारत ने बुधवार को यहां आठ विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। महाराज ने मैच के बाद कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह ऐसा विषय है जिस पर हमें बहुत अधिक चर्चा करने की जरूरत है। हालांकि, इस पर बात करनी होगी कि हमें कैसी शुरुआत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे शुरुआती ओवरों के प्रदर्शन को देखते हुए हमें स्विंग से निपटने के तरीके ढूंढने होंगे। पहले कुछ ओवरों में गेंद बहुत अधिक स्विंग कर रही थी। महाराज ने 35 गेंदों पर 41 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। उनके अलावा एडेन मार्करम ने 25 और वायने पर्नेल ने 24 रन का योगदान दिया। महाराज का मानना है कि मानसिकता में बदलाव से उनके बल्लेबाजों को स्विंग का सामना करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ अवसरों पर हमें नयी गेंद से निपटने की तरीके ढूंढने होते हैं। गेंद काफी स्विंग कर रही थी, इसलिए अपनी रणनीति और मानसिकता में बदलाव करने की जरूरत थी। महाराज ने कहा कि हमें उम्मीद नहीं थी कि गेंद इतनी अधिक स्विंग करेगी। यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था। कुछ गेंदे अचानक उठ रही थी। मुझे नहीं लगता कि हमें इस पर बहुत अधिक सोचना चाहिए लेकिन आगामी मैचों से पहले हम इस पर काम कर सकते हैं और उम्मीद है कि हम इसमें सुधार करेंगे।



# पाक ने इंग्लैंड को छह रनों से हराया



लाहौर (एजेंसी)। लाहौर में रिजवान के अर्धशतक की बदौलत पाकिस्तान ने इंग्लैंड को छह रनों से हराया। उसने लगातार दूसरा मुकाबला जीता है। इस जीत से पाकिस्तान ने सात टी-20 मुकाबलों की सीरीज में 3-2 की बढ़त मिल गयी है। सीरीज का अगला मुकाबला 30 सितम्बर को लाहौर में ही खेला जायेगा। सीरीज के 5वें मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले तो 145 रन का स्कोर बनाया। उसके बाद इंग्लैंड को तय 20 ओवर में 139/7 के स्कोर पर रोक दिया। रिजवान के अलावा पाकिस्तानी टीम के अन्य बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। कप्तान बाबर आजम महज नौ रन बनाकर आउट हुए। इफ्तखार अहमद (15) और अमिर जमात (10) को छोड़ दे तो कोई दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका है। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज मार्क वुड ने तीन विकेट चटकाये। उन्होंने बाबर आजम (9), हैदर अली (4) और आसिफ अली (5) को आउट किया। डेविड वेली और सैम करेन को दो-दो विकेट मिले।

**मोइन अली का अर्धशतक :** इंग्लैंड के कप्तान मोइन अली ने 51 रन की नाबाद पारी खेली, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। यह उनके करियर का 7वां अर्धशतक था। उन्होंने 37 गेंदों की पारी में 137.83 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने 2 चौके और 4 छक्के जमाए। मोइन के अलावा डेविड मलान ने 36 रनों का योगदान दिया।

# गुजरात में गरबा करते नजर आये नीरज चोपड़ा

वडोदरा (एजेंसी)। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा का नया रूप देखने को मिला। वे गुजराती पहनावे के साथ डांडिया खेलते नजर आये। वे गुजराज में चल रहे नेशनल गेम्स में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। इस दौरान वहां 24 साल के नीरज ने एक गरबा करने पहुंचे। टोक्यो ओलंपिक में भारत को गोल्ड मेडल दिलानेवाले

> नेशनल गेम्स में हिस्सा लेने गुजरात पहुंचे हैं नीरज, इसी माह डायमंड लीग में जीता था गोल्ड



इस स्टार एथलीट का सोशल मीडिया में गरबा खेलते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। नीरज चोपड़ा ने 20 दिन पहले ज्यूरिख में पहली बार डायमंग लीग में गोल्ड मेडल जीता था। वे 88.44 का बेस्ट थ्रो के साथ पहले स्थान पर रहे। इससे पहले नीरज ने साल 2017 और 2018 में भी फाइनल के लिए क्वॉलिफाई किया था। वह 2017 में सातवें और 2018 में चौथे स्थान पर थे। नीरज वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में चोटिल हो गये थे। जिसके बाद उन्होंने जुलाई-अगस्त में कॉमनवेल्थ गेम्स में भाग नहीं लिया था। उन्होंने वर्ल्ड चैम्पियनशिप में देश को सिल्वर मेडल दिलाया था। तब भारत ने 19 साल बाद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में कोई मेडल जीता था। नीरज से पहले अंजू बॉबी जार्ज ने 2003 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में लॉन्ग जंप में ब्रॉन्ज जीता था।

## संजू सैमसन के भविष्य पर सौरव गांगुली ने तोड़ी चुप्पी, बोले -

# वह बीसीसीआई की प्लानिंग का हैं हिस्सा

नागपुर (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से शुरू होनेवाले टी-20 विश्व कप 2022 में संजू सैमसन जगह नहीं बना पाये। संजू को आगामी विश्व कप में जगह नहीं मिलने पर क्रिकेट प्रशंसक के साथ क्रिकेट एक्सपर्ट भी हैरान हैं। इसके बाद संजू सैमसन के टीम इंडिया में भविष्य पर भी अटकलें लगनी शुरू हो गयी हैं। इन्हीं अटकलों पर विराम लगाने के लिए बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली सामने आये हैं। सौरव गांगुली ने कहा कि संजू अच्छा खेल रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी की ओर से भी अच्छा प्रदर्शन किया था। वह कप्तानी भी करते रहे हैं। संजू भारत के लिए खेलेंगे। वह भले ही विश्व कप टीम में जगह नहीं बना पाये, लेकिन वह भारतीय टीम के प्लान का हिस्सा हैं और संजू को भारत बनाम दक्षिण-अफ्रीका में होनेवाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए चुना गया है। बता दें कि भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच छह अक्टूबर को लखनऊ के एकाना स्टेडियम में खेला जायेगा। इस सीरीज में संजू सैमसन की कोशिश होगी कि वह अच्छा प्रदर्शन कर सकें और 2023 के भारत में होनेवाले वनडे विश्व कप में जगह बना पाये। गौर हो कि भारत के दौरे पर आयी दक्षिण अफ्रीका की टीम वनडे सीरीज से पहले तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेल रही है। इस टी-20 सीरीज का पहला मैच बीते बुधवार को खेला गया, जिसमें भारत ने दक्षिण-अफ्रीका को आठ विकेट से मात दी थी। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण-अफ्रीका ने भारत को 107 रन का लक्ष्य दिया था जिसे भारत ने चेज करते हुए हासिल कर लिया। भारत की ओर से केएल राहुल और सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका में दूसरा टी-20 मैच दो अक्टूबर को गुवाहटी स्टेडियम में खेला जायेगा।

## सूर्यकुमार का मुश्किल पिच पर आते ही शॉट खेलना अविश्वसनीय : केएल राहुल

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में कठिन परिस्थितियों में सहजता से बल्लेबाजी करनेवाले सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए भारतीय सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने कहा कि मुश्किल पिच पर उनकी आक्रामक बल्लेबाजी को देखना अविश्वसनीय था। बुधवार को नमी और उछालभरी पिच पर सूर्यकुमार ने 33 गेंद में नाबाद 50 रन बनाये जबकि राहुल ने 56 गेंद में 51 रन की नाबाद पारी खेली। इससे पहले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) और दीपक चाहर (दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन ही बना सकी। भारत ने 16.4 ओवर में दो विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते समय भारत की भी शुरुआत खराब रही। टीम ने कप्तान रोहित शर्मा (00) और विराट कोहली (तीन) के विकेट जल्दी गंवा दिये और पावर प्ले में राहुल रन बनाने के लिए जूझते दिखे। शुरुआती छह ओवरों में टीम का स्कोर दो विकेट पर महज 17 रन था। राहुल ने मैच के बाद कहा कि जाहिर है, इस पिच पर बल्लेबाजी करना मुश्किल था। हमने पहले भी इस तरह की मुश्किल पिचों पर बल्लेबाजी की है लेकिन मैं वहां रन नहीं बना सका था। ऐसे में यह काफी मुश्किल पारी थी। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी करनेवाले सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए कहा कि सूर्यकुमार को मैदान पर उतरते ही इस तरह के शॉट खेलते देखना अविश्वसनीय था। आपने देखा होगा किस तरह से यहां गेंद स्विंग कर रही थी। पिच से गेंद को दोहरी गति मिल रही थी और कुछ गेंदें रुक कर आ रही थी। इस पर किसी के लिए भी बल्लेबाजी करना मुश्किल होता। भारतीय उप-कप्तान ने कहा कि सूर्यकुमार को पहली ही गेंद शरीर पर लग गयी। इसके बाद वह शॉट खेलना चाहता था, गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाना चाहता था।



## न्यूज गैलरी

### पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं




नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार में लगभग दो सप्ताह से गिर रही कच्चे तेल की कीमतों के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम गुरुवार को भी स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.46 प्रतिशत गिरकर 88.91 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड भी 0.41 प्रतिशत के दबाव से 81.81 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पिछले चार महीने से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### ताइवान एक्सपो इंडिया 2022 का मुंबई में शुभारंभ

मुंबई। ताइवान एक्सपो इंडिया के तीन दिवसीय छठे संस्करण का मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में शुभारंभ हुआ जिसमें वहां की कंपनियां अपनी प्रौद्योगिकी और उत्पादों का प्रदर्शन कर रही है। ताइपेइ इकोनॉमिक एण्ड कल्चर सेंटर- इंडिया के इकोनॉमिक डिविजन की कार्यकारी निदेशक एस्टेला चेन ने शुभारंभ किया और उनके साथ-साथ ताइवान से वर्चुअल तरीके से ताइवान एक्सटर्नल ट्रेड डेवलपलेंट काउंसिल (टीएआईटीआरए) के अध्यक्ष जेम्स हुआंग भी शामिल हुये। टुगेदर टुवर्ड्स टुमॉरो के कॉन्सेप्ट पर आधारित थीम के साथ ताइवान एक्सपो 2022 रुचिकर ताइवानी ब्राण्डों के लिये अपने आप में अनोखा और काफी प्रासंगिक प्लेटफॉर्म देता है, ताकि वे भारतीय बाजार में कदम रख सकें। इसके लिये उन्हें नये और मौजूदा ग्राहकों के साथ नेटवर्किंग के बेजोड़ मौके दिये जाते हैं। ताइवान एक्सटर्नल ट्रेड डेवलपमेंट काउंसिल (टीएआईटीआरए) के इस प्रमुख आयोजन में 26 मशहूर ब्राण्डों 4 थीमों के पविलियंस में 52 नये उत्पाद प्रदर्शनी में दिखा रहे हैं और वर्चुअल पविलियन में लगभग 100 प्रदर्शक हैं। मल्टीमॉडल फॉर्मेट होने से विजिटर इसमें भौतिक अथवा वर्चुअल तरीके से भाग ले सकते हैं। इस एक्सपो ने 500 से ज्यादा भारतीय व्यवसायों का ध्यान खींचा है और इस साल अब तक बी2बी ऑनलाइन मीटिंग्स के लिये 500 से ज्यादा रजिस्ट्रेशंस हो चुके हैं।

### सुरक्षित भुगतान के लिए लॉच हुआ 100 पैसा पेमेंट ऐप

नयी दिल्ली। डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल लेनदेन को मिल रहे बढ़ावा के बीच सुरक्षित भुगतान की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुये 100 पैसा पेमेंट ऐप लॉच किया गया है। लॉच के अवसर पर कंपनी के संस्थापक धनन्जय कुमार पांडेय ने यहां कहा हमारा यह ऐप हर प्रकार के पेमेंट के लिए बहुत सुरक्षित है। 100 पैसा पेमेंट ऐप के फीचर दुनिया के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले देश में बैंकों की दक्षता बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका निभाएगा। यह ऐप यूपीआई का उपयोग करने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का विश्वास बनाने में मदद करेगी।100 पैसा पेमेंट ऐप कई देश के कई शहरों में सफल होगा और सभी हितधारकों, विशेष रूप से बैंकों को कोर बैंकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर वेग को कम करने में लाभान्वित करेगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के जमाने में डिजिटल पेमेंट भी जमकर किया जा रहा है। यूपीआई आईडी के जरिए पेमेंट बेहद आसानी से हो जाता है। एक वक्त था, जब सामान खरीदने के लिए कैश ले जाने की जरूरत होती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब मोबाइल में कई प्लेटफॉर्म मौजूद हैं, जिनकी मदद से बड़े से बड़ा ट्रांजेक्शन भी चुटकियों में हो जाता है। पेमेंट ऐप की भीड़ की वजह से ढेर सारे यूपीआई आईडी भी बन जाते हैं। दरअसल, जितने ऐप को इस्तेमाल करेंगे वो आपके अकाउंट की उतने ही यूपीआई आईडी बनाते हैं। ऐसे में कई बार उन्हें इस्तेमाल करना भारी होने लगता है।

### गंगा एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट के लिए अडानी को पैसों की नो टेंशन

# एसबीआई ने 10,238 करोड़ रुपये की लोन की मंजूरी दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अडानी एंटरप्राइजेज की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां- बदायूं हरदोई रोड प्राइवेट लिमिटेड (बीएचआरपीएल), हरदोई उन्नाव रोड प्राइवेट लिमिटेड (एचयूआरपीएल) और उन्नाव प्रयागराज रोड प्राइवेट लिमिटेड (यूपीआरपीएल) ने फाइनेंशियल क्लोजर हासिल कर लिया है। इसका मतलब ये हुआ कि अब इस प्रोजेक्ट के लिए अडानी एंटरप्राइजेज की सब्सिडरी को कर्ज मिल सकेगा। अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के रोड बिजनेस के सीईओ केपी माहेश्वरी ने कहा-भारत रिकॉर्ड गति से सड़क के इंफ्रा का निर्माण कर रहा है। हम पूरे देश में बहुत जरूरी सड़क संपर्क का निर्माण कर खुश हैं। उन्होंने आगे बताया कि एसबीआई ने गंगा एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट के लिए 10,238 करोड़ रुपये की लोन जरूरतों को इजाजत दे दी है। एसबीआई की इस सुविधा के साथ हम अपने देश और यूपी राज्य को एक और ऐतिहासिक इंफ्रास्ट्रक्चर देने के लिए एक कदम आगे बढ़ गए हैं। उत्तर प्रदेश में छह लेन की ग्रीनफील्ड गंगा एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट पर काम किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में गंगा एक्सप्रेस-वे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा। यह भारत का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे होगा। गंगा एक्सप्रेस-वे की 594 किलोमीटर की लंबाई है। इसमें अडानी एंटरप्राइजेज बदायूं से प्रयागराज तक 464 किलोमीटर का निर्माण करेगी। बता दें कि पीपीपी मॉडल के तहत एक्सप्रेस-वे की 6 लेन को आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है। अडानी एंटरप्राइजेज का सड़क पोर्टफोलियो 6,400 लेन किलोमीटर से अधिक और संपत्ति मूल्य 44,000 करोड़ रुपये है। यह भारत के दस राज्यों में फैला हुआ है। इनमें उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, केरल, गुजरात, पश्चिम बंगाल और ओडिशा शामिल हैं।



> उत्तर प्रदेश में गंगा एक्सप्रेस-वे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा। यह भारत का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे होगा। गंगा एक्सप्रेस-वे की 594 किलोमीटर की लंबाई है।

## एम्बेसेडर कार वाली कंपनी के शेयर खरीदने की होड़



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** करीब दो दशक पहले तक वीआईपी लोगों की कार रही एम्बेसडर की निर्माता कंपनी हिंदुस्तान मोटर्स के शेयर की अचानक खरीदारी बढ़ गई है। गुरुवार के कारोबार में हिंदुस्तान मोटर्स के शेयर भाव में 5 फीसदी की तेजी आई और यह 16.50 रुपये के भाव तक पहुंच गया। इस तेजी की वजह कंपनी की ओर से दी गई पॉजिटिव खबर को माना जा रहा है। सीके बिड़ला के स्वामित्व वाली हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड ने कहा है कि कंपनी ने अधिकतर बकाया का भुगतान कर दिया है। इसमें कुछ कर्मचारियों की देनदारी भी शामिल है। वहीं, कंपनी को ये भी भरोसा है कि आने वाले दिनों में घाटे को कम कर लिया जाएगा। आपको बता दें कि हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड, विदेशी साझेदार के साथ इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन (ईवी) प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। 600 इसके लिए शुरूआती 600 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना है। यह प्रोजेक्ट पश्चिम बंगाल के उत्तरपारा स्थित उसी प्लांट में शुरू किया जाएगा जहां पर पहले एम्बेसेडर कारों का उत्पादन होता था। कंपनी को उम्मीद है कि इस प्लांट से इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का निर्माण वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक शुरू हो जाएगा। हिंदुस्तान मोटर्स के शेयर की बात करें तो इसका 52 वीक का हाई 26.80 रुपये है जो 15 जून के दिन था। इसके बाद से मुनाफावसूली हावी रही और शेयर का भाव गिरने लगा। हालांकि, अब एक बार फिर शेयर में तेजी आई है और यह लगातार बढ़ रहा है। मार्केट कैपिटल 336 करोड़ रुपये है।

# आरआईएनएल ने 57 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28215 करोड़ का किया कारोबार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार की नवरत्न कंपनी राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने वित्त वर्ष 2021-22 में 57 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28,215 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस अवधि में कंपनी ने छह वर्षों में पहली बार कर पूर्व लाभ अर्जित किया। आरआईएनएल ने बुधवार को विशाखापट्टनम में कंपनी की 40वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन किया। शेयरहॉल्डरों को संबोधित करते हुए कंपनी के सीएमडी अतुल भट्ट ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में परिचालन लाभ (एबिटडा) वार्षिक आधार पर 148 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,469 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान आरआईएनएल ने 1,923 करोड़ रुपये का नगद लाभ प्राप्त किया। श्री भट्ट ने कहा कि कोकिंग कोल संकट के कारण चौथी तिमाही में परिचालन में कटौती के बावजूद सभी प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में वित्त वर्ष के दौरान सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन दर्ज किया गया। वर्ष के दौरान 57.7 लाख टन हॉट मेटल का उत्पादन किया गया जो देश में सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात संयंत्र की किसी एक इकाई के लिए सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने ऑटोमोबाइल सेक्टर के सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी से प्रभावित रहने के बावजूद घरेलू बिक्री में 28 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादन में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की।

## 'द एपेक्स ग्लोबल' कंपनी और उसके मालिक पर सेबी ने कसा शिकंजा

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) ने 'द एपेक्स ग्लोबल' और उसके मालिक यदुनाथ सिंह ठाकुर के प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरेटिज मार्केट) में लेनदेन करने पर चार साल के लिए रोक लगा दी है। सेबी ने कंपनी और उसके मालिक को अनधिकृत निवेश परामर्श सेवाओं के जरिए निवेशकों से जुटाया धन लौटाने का भी निर्देश दिया। बाजार नियामक ने पाया था कि एपेक्स ग्लोबल और ठाकुर अपने ग्राहकों को निवेश परामर्श देने का काम कर रहे थे। इस तरह वे निवेश सलाहकार के तौर पर काम कर रहे थे जबकि उन्होंने निवेश परामर्श सेवाओं के लिए नियामक मंजूरी नहीं ली थी, जो नियमों का उल्लंघन है। सेबी ने बताया गया कि गैर-पंजीकृत निवेश परामर्श गतिविधियों और सेवाओं के जरिए उन्हें जून 2013 से दिसंबर 2019 के बीच 1.23 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

# सेल ने पहली बार एक लाख करोड़ का कारोबार किया : मंडल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की अध्यक्ष सोमा मंडल ने गुरुवार को कहा कि वर्ष 2021-22 में उनकी कंपनी ने पहली बार एक लाख करोड़ रुपये का कारोबार करने का रिकार्ड बनाया है।

श्रीमती मंडल ने आज कंपनी के मुख्यालय में 50वीं वार्षिक आम बैठक को वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शेयरधारकों को संबोधित करते हुये यह बात कही। उन्होंने कंपनी की भविष्य की योजना को रेखांकित करते हुए कहा कि सेल ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 18.733 मिलियन टन (एमटी) हॉट मेटल और 17.366 एमटी कच्चे स्टील का उत्पादन कर अपने सर्वश्रेष्ठ उत्पादन का प्रदर्शन किया है। कंपनी ने पहली बार भारतीय कंपनियों के एलीट क्लब में प्रवेश किया, जिसका टर्नओवर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 1.03 लाख करोड़ रुपये का कारोबार कर पिछले



वित्त वर्ष 2020-2021 के दौरान 68452 करोड़ रुपए के सर्वश्रेष्ठ कारोबार की तुलना में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हासिल की है। बेहतर प्रचालानिक प्रदर्शन ने टर्नओवर में वृद्धि करने के साथ ही कंपनी को लाभप्रदता के मामले में अब तक के उच्चतम आंकड़े हासिल करने में मदद की। सेल अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2022, देश के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है और भारत ने आजादी के 75 गौरवशाली वर्ष पूरे किए है। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक भारत की यात्रा में एक असाधारण मील का पत्थर है जो भारत 2.0 में आगे बढ़ने

> सेल के अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2022, देश के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है और भारत ने आजादी के 75 गौरवशाली वर्ष पूरे किए है।

लिए भारत की तैयारी के आलोक में और अधिक महत्व रखता है। सेल अपने आंतरिक शक्ति और उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाकर भारत की इस विकास गाथा में योगदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सेल एक जिम्मेदार तथा नैतिक कॉर्पोरेट के रूप में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है और उसने अपने ईएसजी लक्ष्यों को पूरा करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। सस्टेनेबिलिटी पर समुचित जोर देने के साथ, कंपनी भविष्य के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप का निर्माण करते हुए अपनी प्रक्रियाओं, उत्पाद रेंज, नीतियों में लगातार सुधार कर रही है।

## डाबर ने होममेड टेस्टी मसाला बाजार में किया लॉन्च

**नयी दिल्ली।** प्रमुख एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने गुरुवार को डाबर होममेड टेस्टी मसाला के लॉन्च के साथ अपने होममेड फूड्स पोर्टफोलियो के विस्तार की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह उसके मसाला बाजार में प्रवेश का प्रतीक है और उपभोक्ताओं को स्वाद और प्राकृतिक सामग्री दोनों का संयोजन प्रदान करता है। कंपनी के कैटेगरी हेड-फूड्स डिवीजन- विनीत जैन ने कहा ह्लडाबर होममेड टेस्टी मसाला एक सर्व-उद्देश्यीय मसाला है जो आपकी पकवान को सही स्वाद और सुगंध देने के लिए सबसे ताजे और सबसे अच्छे 11 मसालों से बनाया जाता है जो भुने हुए होते हैं और पूरी तरह से पीसते हैं। गुणवत्ता और शुद्धता के आश्वासन के साथ डाबर का होममेड टेस्टी मसाला, जैसा कि नाम से पता चलता है, हर खाद्य पदार्थ के स्वाद को बढ़ाता है। इसे कई व्यंजनों पर छिड़का जा सकता है जैसे कि रोजमर्रा की सब्जियां , करी और दाल की तैयारी। उन्होंने कहा कि इसके लॉंच कि साथ ही उनकी कंपनी उपभोक्ताओं के दैनिक व्यंजनों के स्वाद को बेहतर बनाने के लिए सर्वोत्तम विकल्प प्रदान कर रही है।

# जनवरी-जुलाई के बीच में चाय का निर्यात बढ़कर 11.63 करोड़ किलोग्राम पर

**कोलकाता (एजेंसी)।** कैलेंडर वर्ष 2022 में जनवरी से जुलाई की अवधि के दौरान चाय का निर्यात बढ़कर 11.63 करोड़ किलोग्राम हो गया। पिछले साल की समान अवधि में यह 10.33 करोड़ किलोग्राम रहा था। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सबसे बड़े आयातक स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रकुल (सीआईएस) को निर्यात जनवरी-जुलाई अवधि में पिछले साल की समान अवधि के 2.49 करोड़ किग्रा के मुकाबले लगभग 2.52 करोड़ किग्रा पर स्थिर रहा। चाय उद्योग के सूत्रों के अनुसार, रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के कारण निर्यात समान स्तर के आसपास रहा और निर्यात खेप प्रभावित हुई है। सीआईएस ब्लॉक में रूस प्रमुख आयातक रहा है। यहां मौजूदा सात महीनों में 1.85 करोड़ किग्रा चाय निर्यात किया गया। पिछले साल समान अवधि में 1.91 करोड़ किग्रा चाय निर्यात हुआ था। चाय बोर्ड के सूत्रों ने कहा कि कंटेनर संकट और उच्च समुद्री माल ढुलाई से रूस को निर्यात प्रभावित हुआ है। रूस के बाद, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहले सात महीनों के दौरान 1.91 करोड़ किलोग्राम चाय का आयात कर एक बड़े आयातक के रूप में उभरा है। पिछले साल की समान अवधि इसने 80.7 लाख किलोग्राम चाय का आयात किया था। ईरान को निर्यात भी पहले सात महीनों में लगभग 1.39 करोड़ किलोग्राम तक पहुंच गया, जो पिछले साल की समान अवधि में एक करोड़ 30.4 लाख किलोग्राम का हुआ था। चाय बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, भुगतान की समस्या ने ईरान के निर्यात को प्रभावित किया है। आर्थिक संकट से परेशान श्रीलंका को निर्यात पिछले साल की समान अवधि से दोगुना होकर 16.5 लाख किलोग्राम हो गया।



## पेज एक के शेष

### झारखंड राज्य खनिज...

को अगले पांच सालों के लिए विस्तार दिया गया है। झारखंड बिजली वितरण निगम पर विद्युत उत्पादन कंपनियों के बकाये के भुगतान के लिए 2632 करोड़ का कर्ज दिया जायेगा। वहीं, झारखंड राज्य खनिज विकास लिमिटेड को बालू घाटों के संचालन के लिए 16 अगस्त से तीन साल के लिए अवधि विस्तार की स्वीकृति मंत्रिमंडल ने दी है।

### खिलाड़ियों की जीत...

सम्मान का खेलों से सीधा जुड़ाव होता है। आज दुनिया में जो देश विकास और अर्थव्यवस्था में शीर्ष पर है उनमें से ज्यादातर पदक तालिका में भी शीर्ष पर होते हैं। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन अन्य क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित करता है। खेल दुनिया में 'सॉफ्ट पावर' का जरिया भी है। गुजरात के विभिन्न शहरों में 12 अक्टूबर तक राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होगा। इसमें 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से सात हजार से ज्यादा खिलाड़ी, 15 हजार से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

### काली कमाई की...

सुमन कुमार ने भी दी है। सुमन कुमार ने 10 लाख रुपये पूजा सिंघल के भाई सिद्धार्थ सिंघल को भी दिये थे। वहीं, जांच में यह बात बतायी गयी है कि पल्स अस्पताल में छह से सात बार सुमन कुमार ने 10- 10 लाख जमा कराये थे, ताकि फर्जी बिल व रिसिप्ट बनाये जा सके।

**झारखंड सरकार को अवैध खनन के कारण 155 करोड़ का नुकसान :** ईडी की जांच में यह बात सामने आयी है कि साल 2020 से साहिबगंज व उससे सटे इलाके में अवैध खनन व परिवहन के कारण 155 करोड़ से अधिक के राजस्व का नुकसान हुआ। ईडी की जांच में यह तथ्य आये हैं कि स्टोन चिप्स के 3531 रेक बगैर चालान ही अलग-अलग जगहों से भेजे गये। ईडी को अंदेशा है कि राजस्व का नुकसान 155 करोड़ से अधिक का भी हो सकता है। ईडी ने अपने हालिया आरोप पत्र में एक हजार करोड़ से अधिक का अवैध खनन होने का दावा किया है। ईडी के आरोप पत्र में जिक्र है कि तकरीबन 6295773 क्यूबिक मीटर स्टोन चिप्स रेक के जरिये बगैर चालान बाहर भेजा गया। इस संबंध में मालदा रेल डिविजन से भी जानकारी ईडी ने ली है।

### दुर्गोत्सव : न्यू डेवलप...

आनेवाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बाइक दस्ते को तैनात किया गया है। रांची पुलिस के टाइगर जवान तंग गलियों, सुनसान रास्तों में लगातार गश्त करेंगे। सभी टाइगर जवानों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने थानों के संपर्क में रहेंगे और ग्रामीण इलाकों से आनेवाले लोगों की सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे।

**भारी वाहनों पर रहेगा ब्रेक :** हर वर्ष दुर्गा पूजा के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण इलाकों से लोग पैदल ही शहर दुर्गा पूजा घूमने आते हैं ऐसे में भारी वाहनों की वजह से हादसों की संभावना बनी रहती है। इसे लेकर भी पुलिस के द्वारा गाइडलाइंस तय किये गये हैं। एक अक्टूबर से लेकर पांच अक्टूबर तक मेला क्षेत्र तक आनेवाले रास्तों में भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गयी है।

### पलामू से 320...

सहेज कर रखा गया था कि पुलिस को उसे ढूंढने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। गांजा कहां से लोड किया गया था और कहां लेकर जाना था, इस संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस को एक मोबाइल नंबर भी मिला है, जो गांजा तस्कर का हो सकता है। उससे ट्रक चालक और खलासी की बातचीत हुई थी। बरामद गांजा की बाजार कीमत लगभग 16 से 18 लाख रुपये आंकी गयी है। पुलिस ने इस सिलसिले में ट्रक के चालक और खलासी को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्हें मेदिनीनगर केंद्रीय कारा भेज दिया है। छापेमारी में थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय, बुधु उरांव, बीडीआई टोप्पो, रामचंद्र सिंह, जेएच कोंगाडी सभी एएसआई के साथ चालक गौतम सिंह और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### मुख्यमंत्री की पहल...

सभी वर्गों को 75 प्रतिशत अनुदान पर योजना का लाभ दिया जायेगा। इससे पूर्व तक 50 प्रतिशत अनुदान देने की व्यवस्था थी। कामधेनु डेयरी फॉर्मिंग की उपयोजना के तहत मिनी डेयरी के जरिये पांच दुधारू गाय, भैंस वितरण और मिडी डेयरी के जरिये मिलने वाले दस गाय और भैंस वितरण योजना के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभुकों को जहां पूर्व में 33.33 प्रतिशत अनुदान प्राप्त होता था, उसे बढ़ा कर 75 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, उपरोक्त योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभुकों को छोड़ कर अन्य लाभुकों को मिलनेवाले 25 प्रतिशत अनुदान को बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया है।

### बंद मकान का...

बल के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। दरवाजा, अलमीरा समेत अन्य जगहों में अंगुलियों के निशान के अलावा अन्य चीजें जांच के लिए जब्त अपने साथ ले गयी। खबर लिखे जाने तक इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है। हालांकि, पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

**31 अगस्त से बंद था घर :** बताया जा रहा है कि अंजली देवी अपनी पुत्री श्रद्धा के साथ बीते 31 अगस्त को बिहार के मुंगेर गयी थी। गुरुवार सुबह श्रद्धा घर लौटी। देखा कि घर का ताला लूटा हुआ है। अलमीरा, लॉकर बक्से के ताले टूटे हुए थे। सभी सामान इधर-उधर बिखरे पड़े थे। वहां रखे ज्वेलरी व नगदी समेत कई सामान गायब थे।

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोर की तस्वीर :** सीसीटीवी कैमरे में चोर की तस्वीर कैद हो गयी है। चोर का चेहरा पूरी तरह से ढंका हुआ है। उसने हाथ में दस्ताना भी पहन रखा है। तस्वीर में चोर अकेले घर में घुसते और घटना को अंजाम देकर जाते हुए दिख रहा है। पुलिस उस तस्वीर के आधार पर चोर की पहचान करने में जुट गयी है।

**बेटी की शादी का रखा हुआ था जेवरात :** जानकारी के अनुसार श्रद्धा प्रिया के पिता दयानन्द पोद्दार कांके के अनिता गर्ल्स स्कूल में शिक्षक थे। कोरोना काल में उनका निधन हो गया। श्रद्धा प्रिया की मां अंजली देवी वर्तमान में मुंगेर जमालपुर के रामपुर में शिक्षिका हैं। अंजली देवी की दो बेटी और एक बेटा है। एक बेटी और बेटे विक्की की शादी हो चुकी है। दोनों यूएस में रहते हैं। छोटी बेटी श्रद्धा मां के साथ चुटिया में रहती है। श्रद्धा की शादी के लिए ज्वेलरी रखा हुआ था। जिसे चोर द्वारा चोरी कर लिया गया।

### जैसे अचानक दौड़...

सरकार बचायी, सबको पता है। ऐसे सचिन पायलट पर कैसे विश्वास किया जाये? कल वह जाकर केंद्रीय हुक्मरानों की गड्डी में बैठ जायें तब क्या होगा? इन हालात में अशोक गहलोत ने दिल्ली आकर कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी से मिलकर, उनसे माफी मांग कर अपने को कांग्रेस की दौड़ से अलग कर लिया। फिलहाल तो वह राजस्थान में मुख्यमंत्री बने रहेंगे, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव होने और उसके बाद गुजरात विधानसभा चुनाव होने के बाद क्या होता है, इस पर कई तरह की बात होने लगी है। मालूम हो कि गहलोत को गुजरात चुनाव का जिम्मा दिया गया है और उनके एक विश्वासपात्र विधायक को गुजरात का प्रभारी बनाया गया है। ऐसे में गुजरात चुनाव के पहले इन दोनों को हटाया गया तब संदेश गलत जायेगा और इससे कांग्रेस को और नुकसान होगा।

### कैसे अचानक मुख्यमंत्री...

समर्थन नहीं मिल रहा है, तो तय हुआ कि अर्जुन सिंह अपने समर्थक विधायकों को माधवराव सिंधिया को मुख्यमंत्री के रूप में सपोर्ट देने को कहेंगे, कमलनाथ या श्यामाचरण शुक्ला को नहीं।

कहा जाता है कि शाम पांच बजे विधायक दल की बैठक शुरू हुई और लगभग चार घंटे चली। बैठक में तबके प्रधानमंत्री व कांग्रेस अध्यक्ष पीवी नरसिम्हा के पर्यवेक्षक के तौर पर प्रणब मुखर्जी, सुशील कुमार शिंदे व जर्नादन पुजारी उपस्थित थे। बैठक में विधायकों का रुख देखकर कमलनाथ भी समझ गये कि मुख्यमंत्री पद के लिए उनकी दावेदारी मजबूत नहीं है। तभी बैठक में दिग्विजय सिंह का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए शुरू हो गया। बैठक में कमलनाथ व सुरेश पचौरी ने दिग्विजय सिंह का नाम आगे बढ़ाने की कोशिश की। सूत्रों का कहना है कि विधायक दल की बैठक शुरू होने से पहले दिग्विजय सिंह व कमलनाथ की लंबी बातचीत हुई थी, जिसमें तय हुआ था कि इस गुट से उसी नेता का नाम आगे किया जाये, जिस पर आम सहमति बन सकती है। इस आपसी बैठक में ही दिग्विजय सिंह ने कमलनाथ को भरोसा दिलाया कि मध्य प्रदेश के नवनिर्वाचित विधायकों में एक बड़ा खेमा हमारे पक्ष में है। कहा यह भी जाता है कि दिग्विजय सिंह ने कुछ विधायकों से लिखित में सपोर्ट देने की बात ले ली थी। कांग्रेस विधायक दल की बैठक शुरू हुई, जिसमें किसी एक नेता के नाम पर सहमति नहीं बनने पर माहौल गरमा गया। इसके बाद पर्यवेक्षक प्रणब मुखर्जी ने गुप्त मतदान कराने का फैसला लिया। जब वोटिंग हो रही थी, तब हॉल में केवल नवनिर्वाचित विधायक थे, गैर विधायक के रूप में दिग्विजय सिंह और उनके निजी सचिव राजेंद्र रघुवंशी थे। रघुवंशी वहां इसलिए रुके थे, क्योंकि उन्हें दिग्विजय सिंह की बेटी की शादी में आने के लिए विधायकों को आमंत्रित करना था। वोटिंग का परिणाम चौंकानेवाला आया। 174 विधायकों में श्यामाचरण शुक्ल के पक्ष में 56 और दिग्विजय सिंह को मुख्यमंत्री बनाने के पक्ष में 100 विधायकों के वोट मिले, क्योंकि दिग्विजय को अर्जुन सिंह गुट के विधायकों व कमलनाथ के समर्थक विधायकों का भी वोट मिल गया। उसके बाद कमलनाथ ने कांग्रेस प्रमुख राव को फोन कर विधायकों के फैसले के बारे में सूचना दी। जिसके बाद प्रधानमंत्री व कांग्रेस अध्यक्ष पीवी नरसिम्हा राव का फोन प्रणब मुखर्जी को आया। उनसे राव ने कहा कि जिसके भी पक्ष में ज्यादा विधायकों का समर्थन है उन्हें मुख्यमंत्री बना दीजिए। इस तरह सबको पछाड़ते, अचरज में डालते हुए दिग्विजय सिंह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बन गये थे। चर्चा है कि दिग्विजय लगभग 29 वर्ष बाद अब कांग्रेस अध्यक्ष भी उसी तर्ज पर बनने जा रहे हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### यात्री कारों पर छह एयर बैग लगाना होगा अनिवार्य : गडकरी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए एम-1 श्रेणी की कारों के लिए एयरबैग लगाना अनिवार्य किया जायेगा। श्री गडकरी ने एक के बाद एक कई ट्वीट कर कहा कि सभी कीमतों और सभी प्रकार के मोटर वाहनों में यात्रा करनेवाले यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्री सुरक्षा को देखते हुए अगले साल एक अक्टूबर से एम-1 श्रेणी की यात्री कारों पर एयर बैग लगाने जरूरी कर दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि ऑटो उद्योग के सामने मौजूद वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला संकट और माइक्रो इकोनॉमिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है कि सभी यात्री कारों एम-1 श्रेणी की कारों पर कम से कम छह एयरबैग अनिवार्य करने का प्रस्ताव एक अक्टूबर 2023 से लागू किया जायेगा।

### कश्मीर से लापता लड़कियां जम्मू में मिली

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को बड़गाम जिले से लापता हुई दो लड़कियों को जम्मू में बरामद किया। पुलिस के अनुसार गत 26 सितम्बर को मध्य कश्मीर के हुमहामा में दो नाबालिग लड़कियां अपने निवास स्थल से लापता हो गयी थीं। इस संदर्भ में दोनों लड़कियों की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज की थी। उनकी खोज के लिए एक विशेष पुलिस दल का गठन किया गया था, जिसने कई संदिग्ध स्थानों पर छापा मारा और बुधवार की शाम जम्मू बस अड्डा से उन लड़कियों को बरामद किया। उन्होंने बताया कि दोनों लड़कियों को बड़गाम लाया गया और कानूनी औपचारिकता पूरी करने के बाद उनके माता-पिता को सौंप दिया गया।

### भारतीय नौसेना प्रमुख ने की ऑस्ट्रेलिया की यात्रा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार 26 से 28 सितम्बर तक तीन दिवसीय ऑस्ट्रेलिया यात्रा पर रहे और वहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया रक्षा नेताओं के साथ बैठक की और द्विपक्षीय मामलों से जुड़े कई क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। नौसेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करने के बाद एडमिरल कुमार की यह पहली आधिकारिक यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान उन्होंने नौसेना के प्रमुख वाइस एडमिरल मार्क हैमंड, रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी (आरएएन) के वाइस एडमिरल डेविड जॉनस्टन, आस्ट्रेलियन सैन्य बलों के वाइस चीफ ग्रेग मोरिआर्टी, रक्षा सचिक एयर मार्शल रॉबर्ट चिपमैन, रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स और एयर वाइस मार्शल माइक किचेर संयुक्त अभियानों के उप प्रमुख से मुलाकात की।

### गर्भपात पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# सभी महिलाओं को गर्भपात का अधिकार फिर चाहें वो विवाहित हों या अविवाहित

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गर्भपात पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया। अदालत ने सभी महिलाओं को गर्भपात का अधिकार दे दिया, फिर चाहें वो

■ कोर्ट बोला- विवाहित-अविवाहित में भेद करना है असंवैधानिक

विवाहित हों या अविवाहित। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के तहत 22 से 24 हफ्ते तक गर्भपात का हक सभी को है। बेंच की अगुआई कर रहे जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि ये दकियानूसी धारणा है कि सिर्फ शादीशुदा महिलाएं ही सेक्शुअली एक्टिव रहती हैं। अबॉर्शन के अधिकार में महिला के विवाहित या अविवाहित होने से फर्क नहीं पड़ता। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में मैरिटल रेप को शामिल किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अगर जबरन सेक्स की वजह से पत्नी गर्भवती होती है तो उसे सेफ और लीगल अबॉर्शन का हक है।

विवाहित महिला भी सेक्शुअल असॉल्ट और रेप सर्वाइवर्स के दायरे में आती है। रेप की सामान्य परिभाषा यह है कि किसी महिला के साथ उसकी सहमति के बिना या इच्छा के खिलाफ संबंध बनाया जाये। भले ही ऐसा मामला वैवाहिक बंधन के दौरान हुआ हो। एक महिला पति के द्वारा बनाये गये बिना



सहमति के यौन संबंधों के चलते गर्भवती हो सकती है। अंतरंग साथी की हिंसा एक वास्तविकता है और यह रेप में भी तब्दील हो सकती है... अगर हम इसे नहीं पहचानते हैं तो ये लापरवाही होगी। अजनबी ही विशेष तौर पर या खास मौकों पर यौन और लिंग आधारित हिंसा के लिए जिम्मेदार होते हैं, यह गलत और अफसोसनाक धारणा है। परिवार के लिहाज से देखा जाये तो महिलाएं सभी तरह की यौन हिंसा के अनुभवों से गुजरती हैं। ये लंबे समय से हो रहा है।

रेप की परिभाषा में मेरिटल रेप को शामिल किये जाने की एकमात्र वजह एमटीपी एक्ट यानी मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी है। इसके कोई और मायने निकाले जाने पर एक महिला बच्चे को जन्म देने और ऐसे पार्टनर के साथ उसे पालने को मजबूर होगी, जिसने महिला को मानसिक और शारीरिक यातना दी है। हम यहां यह साफ करना चाहते हैं कि एमटीपी के तहत अबॉर्शन कराने के लिए महिला को यह साबित करने की जरूरत नहीं है कि उसका रेप हुआ है या सेक्शुअल असॉल्ट हुआ है।

**23 अगस्त को फैसला सुरक्षित रखा था**

अदालत ने कहा- मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट की धारा 3 (2)(बी) किसी महिला को 20-24 सप्ताह के बाद गर्भपात कराने की अनुमति देती है। इसलिए केवल विवाहित महिलाओं को अनुमति और अविवाहित महिला को न देना संविधान के अनुच्छेद-14 का उल्लंघन होगा। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस. बोपन्ना और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने 23 अगस्त को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**इंटरनेशनल सेफ अबॉर्शन डे पर फैसला :** फैसला सुनाये जाने के बाद, एक वकील ने बेंच को बताया कि आज इंटरनेशनल सेफ अबॉर्शन डे है। इस पर जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि मुझे नहीं पता था कि इंटरनेशनल सेफ अबॉर्शन डे के दिन हम फैसला सुना रहे हैं। हमें यह जानकारी देने के लिए धन्यवाद। हालांकि, इंटरनेशनल सेफ अबॉर्शन डे 28 सितम्बर को आता है।

#### 25 वर्षीय अविवाहित की याचिका पर फैसला

**सुप्रीम** कोर्ट ने यह बड़ा फैसला 25 साल की एक अविवाहित महिला की याचिका पर सुनाया। महिला ने अदालत से 24 हफ्ते के गर्भ को गिराने की इजाजत मांगी थी। हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने 16 जुलाई को महिला की इस मांग को खारिज कर दिया था। महिला ने हाईकोर्ट को बताया था कि वह सहमति से सेक्स के चलते प्रेग्नेंट हुई, लेकिन बच्चे को जन्म नहीं दे सकती, क्योंकि वह एक अविवाहित महिला है और उसके साथी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया है। इसके बाद उसने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने 21 जुलाई 2022 को एक अंतरिम आदेश पारित किया। इसमें दिल्ली एम्स की ओर से बनाये गये मेडिकल बोर्ड के सुपरविजन में अबॉर्शन की अनुमति दी गयी थी। इसमें यह निष्कर्ष निकाला गया था कि महिला के जीवन को जोखिम में डाले बिना अबॉर्शन किया जा सकता है।

## असम में बड़ा दर्दनाक हादसा, 30 लोगों को ले जा रही नाव ब्रह्मपुत्र नदी में पलटी



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के धबुरी जिले में ब्रह्मपुत्र नदी में एक नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया। इस नाव में करीब 30 लोग सवार थे, जिनमें से कई लोगों के डूबे जाने की खबर है। असम के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सीईओ ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी ने इस हादसे की जानकारी दी है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ जिला अधिकारी मौके पर पहुंच गये हैं। ज्ञानेंद्र के मुताबिक बचाव दल ने नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। धुबरी उपायुक्त अंबामुथन सांसद का कहना है कि, इस घटना में 6-7 लोग अब भी लापता हैं। खोज एवं बचाव कार्य जारी है। घटना में धुबरी के अंचल अधिकारी भी लापता हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, नाव पलटने पर लगभग 29-30 लोग सवार थे। घटना की जानकारी देते हुए ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी ने कहा कि धुबरी-फुलबारी पुल के पास एक छोटा चैनल है। टीम लकड़ी की नाव पर चैनल पार कर रही थी कि तभी वह किसी चीज से टकराकर पलट गयी। नाव में लगभग 30 लोग सवार थे, जिनमें से कई धुबरी सर्कल कार्यालय से थे। ऐसे लोग जिन्हें तैरना आता था, उन्हें बचा लिया गया है। आपदा प्रतिक्रिया बल, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और सीमा सुरक्षा बल की टीमों को खोज और बचाव कार्यों में लगाया गया है। सर्च ऑपरेशन जारी है लेकिन अभी तक किसी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

## शाह के दौरे से पांच दिन पहले जम्मू-कश्मीर में ब्लास्ट

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के ऊधमपुर में आठ घंटे के अंतराल में बसों में दो ब्लास्ट हुए। पहला ब्लास्ट बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे दोमेल चौक पर

■ ऊधमपुर में आठ घंटे के भीतर दो बसों में ब्लास्ट, खाली थीं दोनों बसें

पेट्रोल पंप के पास खड़ी एक खाली बस में हुआ। इसमें दो लोग घायल हुए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरा ब्लास्ट गुरुवार सुबह छह बजे बस स्टैंड पर खड़ी एक



खाली बस में हुआ। इस ब्लास्ट में कोई घायल नहीं हुआ। ऊधमपुर पुलिस और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंच गई हैं और मामले की जांच कर रही हैं। बुधवार रात इसी बस में धमाका हुआ। धमाके में बस के कांच टूट गये। मौके पर जांच के पुलिस मौजूद है। गुरुवार सुबह बस स्टैंड पर इस बस में धमाका हुआ। धमाके में कोई घायल नहीं हुआ, सिर्फ बस को नुकसान पहुंचा है।

**गृहमंत्री के दौरे से पांच दिन पहले धमाके :** गृहमंत्री अमित शाह चार अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के दो दिन के दौरे पर जा रहे हैं। उनके दौरे से पहले दो ब्लास्ट होने से इलाके में हड़कंप मच गया है। सुरक्षा एजेंसियां ने अलर्ट जारी कर दिया है। इससे पहले उनका जम्मू दौरा 30 सितम्बर के लिए तय किया गया था, लेकिन 27 सितम्बर को इसे स्थगित कर दिया गया।

## भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का दल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिला



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय विदेश सेवा के 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह ने गुरुवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस समय तेजी से बदलते वैश्विक घटनाक्रमों के बीच अपने अवसरों और खतरों के साथ भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि इन युवा अधिकारियों के लिए सेवा से जुड़ना पहले से भी रोमांचक है। वे ऐसे समय में विदेश सेवा में अपना करियर शुरू कर रहे हैं, जब भारत एक नये आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर उभरा है और देश को नये सम्मान की नजर से देख रहा है। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक मंचों पर भारत ने निर्णायक हस्तक्षेप किया है। कई क्षेत्रों में भारत के नेतृत्व को अब चुनौती नहीं दी जा सकती है। भारत विकासशील देशों के विकास में और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी राष्ट्र के रूप में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की मजबूत स्थिति उसके आर्थिक प्रदर्शन सहित कई कारकों के आधार पर है। इस समय जबकि विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अब भी महामारी के प्रभावों में उलझी हैं, भारतीय अर्थव्यवस्था फिर से खड़ी हो गयी है और आगे बढ़ना शुरू कर दिया है।



## देश में विकसित पहला हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर सेना में शामिल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर को गुरुवार को भारतीय सेना में शामिल कर लिया गया है। भारतीय सेना की तरफ से इस बात की जानकारी दी गयी। भारतीय सेना की तरफ से बताया गया कि पहला स्वदेशी एलसीएच औपचारिक रूप से एचएएल द्वारा महानिदेशक, सेना उड्डयन कोर को सौंप दिया गया है। यह सेना की युद्धक क्षमता में काफी बढ़ोतरी करेगा।

## नेतुला महारानी मंदिर में पूजा करने से श्रद्धालुओं को नेत्र विकार से मिलती है मुक्ति

**जमुई (एजेंसी)।** बिहार में जमुई जिले के सिकंदरा प्रखंड स्थित नेतुला महारानी मंदिर में पूजा करने से श्रद्धालुओं को नेत्र संबंधित विकार से मुक्ति मिलती है। जमुई जिले के सिकंदरा प्रखंड के कुमार गांव में स्थित मां नेतुला महारानी मंदिर लोगों के बीच अपनी मान्यताओं को लेकर काफी प्रसिद्ध हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में भक्तिभाव से पूजा करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस मंदिर में सालों भर नेत्र रोग से पीड़ित श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मनचाही मुराद पूरी होने के बाद श्रद्धालु सोने या चांदी की आंखें मंदिर में चढ़ाते हैं। नेतुला महारानी मंदिर में हर मंगलवार और शनिवार को विशेष पूजा का इंतजाम किया जाता है। इस दिन भक्तों की काफी भीड़ होती है। यहां पर लोग संतान प्राप्ति के लिए भी मन्नत मांगते हैं। कहा जाता है कि इस मंदिर में



श्रद्धापूर्वक पूजा करने से कई निःसंतान दंपतियों को संतान की प्राप्ति हो चुकी है। नवरात्र में नेतुला महारानी मंदिर में मां दुर्गा के नौ अवतारों की पूजा की जाती है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल से हजारों व्रती पहुंच कर नौ दिन तक मंदिर परिसर में उपवास एवं फलहार पर रहकर माता की पूजा-अर्चना एवं आरती करते हैं। कुमार गांव के ग्रामीण द्वारा साफ-सफाई एवं व्रतियों की सेवा की जाती है। इस मंदिर का इतिहास 2600 साल पुराना रहा है। जैन धर्म के प्रसिद्ध ग्रंथ कल्पसूत्र के अनुसार, 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर अपने घर का त्याग कर कुंडलपुर से निकले थे, तब प्रथम दिन मां नेतुला मंदिर स्थित वटवृक्ष के नीचे रात्रि विश्राम किया था। इसी स्थान पर भगवान महावीर ने अपना वस्त्र का त्याग कर दिया था। इस मंदिर में हिंदुओं के साथ-साथ मुस्लिम संप्रदाय के लोग भी मन्नत मांगने के लिए आते हैं। नेतुला महारानी मंदिर में प्रत्येक दिन सुबह-शाम मां का श्रृंगार और आरती की जाती है। फूलों से मां का दरवार सजाया जाता है।

